लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, अमावस्या विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 4, अंक 22, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, सफलता के दबाव में मौत की राह पर किशोर व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

आज का मौसम: 28.0° अधिकतम तापमान | 17.0° न्यूनतम तापमान | आसमान साफ रहेगा, धूप खिली रहेगी। | सूर्योदय 06 : 23 | सूर्यास्त 18 : 15

हल्द्वानी, रविवार, 10 मार्च 2024

निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे...15



# भारत ने 4-1 से जीती श्रृंखला

**धर्मशाला।** रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त दी। भारत ने यह श्रृंखला 4-1 से जीत ली। इंग्लैंड की टीम बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी में 218 रन पर सिमट गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त बना ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में 195 रन पर आल आउट हो गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने सबसे ज्यादा 84 रन बनाए। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। वहीं, जेम्स एंडरसन इस टेस्ट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने।

**टेस्ट में सबसे ज्यादा बार पारी में पांच विकेट**

| खिलाड़ी | मैच | 5 विकेट |
|---|---|---|
| मुथैया मुरलीधरन | 133 | 67 |
| शेन वॉर्न | 145 | 37 |
| रिचर्ड हैडली | 86 | 36 |
| आर अश्विन | 100* | 36 |
| अनिल कुंबले | 132 | 35 |
| जेम्स एंडरसन | 187* | 32 |

**100वें टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (दोनों पारियों को मिलाकर)**

| | |
|---|---|
| 9/128 | रविचंद्रन अश्विन भारत बनाम इंग्लैंड, धर्मशाला, 2024 |
| 9/141 | मुरलीधरन श्रीलंका बनाम बांग्लादेश, चैटोग्राम, 2006 |
| 8/231 | शेन वार्न ऑस्ट्रेलिया बनाम द. अफ्रीका, केप टाउन, 2002 |
| 7/151 | कपिल देव भारत बनाम पाकिस्तान, कराची, 1989 |
| 7/176 | अनिल कुंबले भारत बनाम श्रीलंका, अहमदाबाद, 2005 |



# गए थे इंजीनियर बनने, नशे ने बनाया चोर

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** राजपुर थाना पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से एक बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। पकड़े गए आरोपियों में दो इंजीनियर के छात्र हैं। नशे के आदी इन युवकों ने खर्चे पूरे करने के मकसद से वारदात को अंजाम दिया।

सिद्ध विहार निवासी नवीन पेटवाल किसी काम से 06 मार्च को आईटी पार्क ऑफिस गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल बुलेट (यूके 07 एफएफ5774) ऑफिस की पार्किंग में खड़ी की थी। बाइक वहीं से चोरी हो गई। उधर, वासु स्टेट कैनाल रोड निवासी संजीव कुमार की एक्टिवा स्कूटी (यूके 07 बीबी 4866) 17 फरवरी को घर के बाहर खड़ी थी। इसी बीच किसी ने स्कूटी चुरा ली। काफी तलाशने के बाद भी स्कूटी नहीं मिली तो



पुलिस हिरासत में चोरी के आरोपी। ● अमृत विचार

- वाहन चोरी की घटनाओं में इंजीनियरिंग के 2 छात्रों समेत 3 गिरफ्तार
- चोरी की एक बुलेट मोटर साइकिल तथा एक एक्टिवा बरामद

पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करा दी। जाखन चौकी इंचार्ज विकेंद्र चौधरी के नेतृत्व में टीम जांच में जुटी थी।

खोज में जुटी राजपुर पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा, मोबाइल सर्विलांस की मदद से दोनों घटनाओं का खुलासा करते हुए एक अभियुक्त अजय पुत्र राजेश लाल निवासी ग्राम दादर चौकी नंदप्रयाग (26) को किरशाली रोड से चोरी की बुलेट मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार किया। जबकि दो अन्य अभियुक्तों राजकुमार गुप्ता पुत्र सुरेश निवासी ग्राम गहा कस्बा बीरगंज नेपाल हाल पता केएफसी, निकट डीआईटी कॉलेज (23) व अल्तमस नवाज पुत्र अखिल हैदर निवासी केसरबाग लखनऊ, हाल पता निकट डीआईटी कॉलेज देहरादून को सिनोला रोड से चोरी की एक्टिवा सहित गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्त राजकुमार व अल्तमस डीआईटी कॉलेज में सिविल इंजीनियरिंग तृतीय वर्ष के छात्र हैं। तीसरा आरोपी अजय आदतन चोर है। जो पूर्व में भी देहरादून, चमोली व उत्तरकाशी में वाहन चोरी में जेल जा चुका है। तीनों अभियुक्त नशे के आदी हैं तथा खर्चे की पूर्ति के लिए चोरी को अंजाम दिया।

पढ़ते रहिये... अमृत विचार
नववर्ष ऑफर
₹ 5/-
प्रतिदिन

# डबल इंजन की सरकार में डबल स्पीड से हो रहा काम

## मुख्यमंत्री धामी ने राजधानी देहरादून को दी 226 करोड़ की सौगात

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को राजधानी देहरादून में सिटी फॉरेस्ट में हुए कार्यक्रम में 186 करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास व 40 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण किया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की 226 करोड़ से अधिक की परियोजनाएं राजधानी के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड विकास की नई ऊंचाइयां छू रहा है। सुरक्षा, आर्थिक समृद्धि, आस्था के सम्मान, आजीविका, हर क्षेत्र में दुनिया नए भारत का दर्शन कर रही है। देश के साथ ही उत्तराखंड का भी तेजी से विकास हुआ है। अब लोगों की उत्तराखंड के प्रति धारणा बदल चुकी है। डबल इंजन की सरकार डबल स्पीड में



देहरादून में विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी व प्रेमचंद्र अग्रवाल। ● अमृत विचार

काम कर रही है। राज्य में नौजवानों के लिए रोजगार के अवसर तेजी बढ़े, नागरिक सुविधाओं का विस्तार हुआ और गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य में चौड़ी सड़कों का जाल बिछ रहा है। ऋषिकेश के बाद ऊधम सिंह नगर में एम्स का सैटेलाइट सेंटर बन रहा है। दिल्ली देहरादून एलिवेटेड एक्सप्रेस वे, ऋषिकेश कर्णप्रयाग रेल लाइन, हवाई सेवाओं का विस्तार हुआ है। देहरादून से अयोध्या तक की हवाई सेवा शुरू हुई है।

सीएम ने कहा प्रधानमंत्री मोदी ने 21वीं सदी के तीसरे दशक को उत्तराखंड का दशक बताया है। इसी क्रम में देवभूमि का चहुंमुखी विकास किया जा रहा है। प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम जारी है। सक्षम, समर्थ और विकसित उत्तराखंड बनाने की नींव को मजबूत किया जा रहा है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल एवं गणेश जोशी, विधायक उमेश शर्मा काऊ, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष डॉ. आरके जैन, सूचना महानिदेशक बंशीधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

### इनका किया लोकार्पण एवं शिलान्यास

मुख्यमंत्री धामी ने सिटी फॉरेस्ट, हरबर्टपुर बस स्टैंड, आढ़त बाजार पुनर्विकास, मसूरी माल रोड, इको पार्क मसूरी, मालदेवता में वॉटरफॉल व गौरा देवी पार्क एवं कृत्रिम झील का सौंदर्यीकरण, राइंका मियांवाला के समीप जौहड़ की भूमि पर वॉटर पार्क लैंडस्केपिंग, मियांवाला पंचायत घर के पास गन्ना सेंटर के समीप भूमि पर पार्क निर्माण, आईएसबीटी में लैंडस्केपिंग, आरबोरीकल्चर शामिल हैं। इसके अलावा टनकपुर में 2,215 करोड़, हरिद्वार में एनएचएआई की 4,700 करोड़, हरिद्वार में 1,168 करोड़, चंपावत में 161 करोड़, अल्मोड़ा में 117 करोड़, पौड़ी गढ़वाल में 828 करोड़, रुद्रप्रयाग में 456 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया।

### एक नजर

## अनुप्रिया पटेल को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अपना दल (एस) की नेता और केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल को जेड श्रेणी का सुरक्षा कवर दिया है। इससे पहले उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई थी। अपना दल (एस) की नेता अनुप्रिया पटेल की सुरक्षा में बढ़ोतरी की गई है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने उन्हें अब तक दी जा रही वाई श्रेणी की सुरक्षा को बढ़ाकर जेड श्रेणी कीकर दी है। इस श्रेणी में 22 कर्मी होते हैं जिसमें चार से छह एनएसजी कमांडो और पुलिसकर्मी होते हैं। दिल्ली पुलिस, आईटीबीपी या सीआरपीएफ की तरफ से यह सुरक्षा दी जाती है। जेड प्लस के बाद सबसे जेड सुरक्षा का नाम सुरक्षित सिक्योरिटी में आता है।



### गरीबों को मिलेगा उनका उचित हक और हिस्सेदारी

# खत्म करेंगे आरक्षण में 50 फीसदी की सीमा : राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि अगर आगामी लोकसभा चुनाव के बाद उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो जातिगत जनगणना के साथ 'आर्थिक मैपिंग' कराई जाएगी जिसके आधार पर आरक्षण की 50 प्रतिशत की सीमा को खत्म किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कदम सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि क्या हमने कभी सोचा है कि गरीब कौन हैं? कितने हैं और किस स्थिति में हैं? क्या इन सभी की गिनती जरूरी नहीं? उन्होंने कहा कि बिहार में हुई जातिगत गिनती से पता चला कि गरीब आबादी के 88 प्रतिशत लोग दलित, आदिवासी, पिछड़े और अल्पसंख्यक समाज से आते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि बिहार से आए आंकड़े देश की असली तस्वीर की एक छोटी सी झलक मात्र हैं, हमें अंदाजा तक नहीं है



- राहुल गांधी बोले- गिनती करो हमारा नारा है, क्योंकि गिनती 'न्याय की पहली सीढ़ी'

कि देश की गरीब आबादी किस हाल में जी रही है। उन्होंने कहा कि इसीलिए हम दो ऐतिहासिक कदम उठाने जा रहे हैं- जातिगत गिनती, आर्थिक मैपिंग, जिसके आधार पर हम 50 प्रतिशत की आरक्षण सीमा को खत्म करेंगे। राहुल ने कहा कि यह कदम देश का एक्स-रे कर सभी को सही आरक्षण, हक और हिस्सेदारी दिलाएगा। इससे न सिर्फ गरीब के लिए सही नीतियां और योजनाएं बनाई जा सकेंगी बल्कि उन्हें पढ़ाई, कमाई और दवाई के संघर्ष से उबार कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ा भी जा सकेगा।

कांग्रेस नेता ने पोस्ट में लोगों से आह्वान किया कि उठो, जागो और अपनी आवाज उठाओ, जातिगत गिनती तुम्हारा हक है और यही तुम्हें मुश्किलों के अंधेरों से निकाल कर उजालों की ओर ले जाएगी। गिनती करो हमारा नारा है, क्योंकि गिनती 'न्याय की पहली सीढ़ी' है।

### जनता को समझने में भी मिलेगी मदद

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने राहुल गांधी के पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए कहा कि एक व्यापक सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना से सरकार को जनता से जुड़े पहलुओं को समझने में मदद मिलेगी। इससे हर परिवार की आर्थिक स्थिति सामने आ सकेगी। इससे देश के मौजूदा जाति संरचना का पता चलेगा तथा कौन सा समूह समृद्ध है और कौन अभावों से जूझ रहा है, यह पता चलेगा।

# खंडूरी के बेटे मनीष भाजपा में शामिल

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष खंडूरी ने शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। वह पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के पुत्र एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के भाई हैं।

शनिवार को परेड ग्राउंड स्थित टिहरी लोकसभा कार्यालय में हुए कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा का पटका व फूल माला पहनाकर उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देश व



- पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूरी के पुत्र एवं विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी के भाई हैं मनीष

प्रदेश में विकास के डबल इंजन की सरकार चला रहे हैं, इससे प्रभावित होकर भाजपा में आने का सिलसिला आज से तेज हो गया है । उन्होंने कहा कि मनीष, कांग्रेस में शेष बचे गिने चुने अच्छे लोगों में शामिल हैं लिहाजा प्रदेश को आगे ले जाने के लिए उनका भाजपा में आने का कदम एकदम सही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी क्षमता, अनुभव और योग्यता का लाभ भाजपा को मिलेगा।

इस मौके पर मनीष खंडूरी ने कहा कि वह उस भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं जिसने उनके पिता और परिवार को बहुत सम्मान दिया है। वह भाजपा में निस्वार्थ भाव से प्रदेश आगे बढ़ाने के लक्ष्य का लेकर आए हैं। भाजपा जो भी जिम्मेदारी सौंपेगी उसे पूरी क्षमता और मनोयोग से पूर्ण करने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र बिष्ट, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान, टिहरी लोकसभा चुनाव प्रभारी विनय, महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक ट्रेन का सीएम ने किया शुभारंभ

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को टनकपुर से टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने एक्सप्रेस ट्रेन संचालन के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया।

सीएम ने शनिवार सायं 19.40 बजे ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर देहरादून के लिए रवाना किया। यह ट्रेन टनकपुर से बनबसा, खटीमा, पीलीभीत, भोजीपुरा, बरेली सिटी, बरेली जंक्शन, चंदोसी, मुरादाबाद,



नजीबाबाद, लक्सर, हरिद्वार होते हुए रविवार प्रातः 7.35 बजे देहरादून जक्शन पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 मार्च को देहरादून से 15.15 बजे प्रस्थान कर सोमवार सुबह 04.00 बजे टनकपुर पहुंचेगी। इस गाड़ी में कुल 16 कोच लगाए गए हैं। यहां मंडलीय रेल प्रबंधक रेखा यादव समेत रेलवे अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# मप्र के सचिवालय में लगी आग

भोपाल, एजेंसी

मध्य प्रदेश राज्य सचिवालय की बहुमंजिला इमारत 'वल्लभ भवन' की तीसरी मंजिल पर शनिवार सुबह आग लग गई। इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है और पांच घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया।

सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और पुलिस अग्निशमन कर्मी आग बुझाने के अभियान में नगर निगम अग्निशमन दल के साथ शामिल हुए। शनिवार होने के कारण अंदर के सरकारी कार्यालय बंद थे और सुबह करीब साढ़े नौ बजे जब आग लगी तो परिसर लगभग खाली था। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अधिकारियों को भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया। प्रदेश कांग्रेस प्रमुख जीतू पटवारी ने दावा किया कि यह भ्रष्टाचार के सबूतों को नष्ट करने की एक साजिश थी।



मध्य प्रदेश के सचिवालय में आग लगने के बाद धुआं निकलता हुआ। ● अमृत विचार

# मादक पदार्थों की तस्करी में द्रमुक नेता गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नई दिल्ली से हुई गिरफ्तारी, कई देशों में फैला है जाल

स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने शनिवार को कहा कि उसने अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह की जांच के सिलसिले में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के निष्कासित पदाधिकारी जाफर सादिक को गिरफ्तार किया है।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मादक पदार्थ की तस्करी से जुड़ा यह मामला दो हजार करोड़ रुपये से अधिक का है। एनसीबी के उपमहानिदेशक ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि सादिक के तार तमिल और हिंदी फिल्म जगत से जुड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि कुछ हाई प्रोफाइल लोगों के साथ-साथ राजनीतिक वित्तपोषण के कुछ मामले एजेंसी की जांच के दायरे में हैं। सूत्रों ने बताया कि लाखों के लेन-देन के संबंध में एनसीबी जल्द ही द्रमुक के एक आला दर्जे के नेता को पूछताछ के लिए समन जारी कर सकती है। सिंह ने बताया कि सादिक को खुफिया जानकारी के आधार पर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। सिंह ने कहा कि मादक पदार्थ की तस्करी में शामिल अंतर्राष्ट्रीय गिरोह भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और मलेशिया तक फैला है जिसका सरगना सादिक है।

अद्भुत होगा दृश्य

### इस खगोलीय घटना में धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स भी होगा शामिल, दुर्लभ होगा दिन के समय देख पाना

# ऐतिहासिक होगा साल का पहला सूर्यग्रहण



नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आठ अप्रैल को होने जा रहा वर्ष का पहला सूर्यग्रहण अद्भुत और ऐतिहासिक होगा। इसकी वजह धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स है, जो इस खगोलीय घटना में शामिल होगा। इससे भी बड़ी बात ये है कि शुक्र व बृहस्पति ग्रह के भी इस दौरान दर्शन होंगे। यह पूर्ण सूर्यग्रहण होगा।

पूर्ण ग्रहण के दौरान कुछ पल का अंधेरा रात होने का एहसास कराने वाला होगा। जिसके चलते उस दौरान हमारे नभमंडल में मौजूद ग्रहों को देखे जाने का दुर्लभ समय होगा और धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स आसमान में उड़ता हुआ नजर आएगा।

दरअसल धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स हर 71 साल में एक बार हमारे सौरमंडल के आंतरिक हिस्से में दौरा करता है। सौभाग्य से इस दौरान वह पृथ्वी के करीब होगा। लिहाजा इसे दिन के समय देख पाना दुर्लभ होगा। धूम केतुओं पर रिसर्च करने वाले वैज्ञानिकों की नजर इस पर होगी। साथ ही एस्ट्रोफोटोग्राफर भी इन लम्हों से कतई वंचित नहीं रहना चाहेंगे। धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स 21 अप्रैल 2024 तक हमारे करीब रहेगा। मगर इसकी चमक धुंधली पड़ चुकी होगी। बहरहाल पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान ये सूर्य के काफी करीब रहेगा। ग्रहण के दौरान स्याह अंधेरे में एक तरफ शुक्र ग्रह टिमटिमाता नजर आएगा तो दूसरी ओर हमारे सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह बृहस्पति अपनी चमक बिखेर रहा होगा।

यही सब इस खगोलीय घटना को यादगार व ऐतिहासिक बनाएगा। यह घटना उन्हीं हिसों में देखी जाएगी, जहां ग्रहण का क्षेत्र पड़ेगा। भारत समेत दुनिया के अधिकांश भाग इस घटना से रूबरू नहीं हो पाएंगे।



### बृहस्पति से 6 डिग्री दूर होगा धूमकेतु

ग्रहण के दौरान धूमकेतु पोंस-ब्रूक्स को देखने के लिए बृहस्पति पर नजर रखनी होगी, तब वह बृहस्पति के काफी करीब रहेगा। जिस कारण इसे खोज पाना आसान हो जाएगा। साउथओल्ड, न्यूयॉर्क के स्टीवन बेलाविया के अनुसार यह धूमकेतु पूर्ण सूर्य ग्रहण के दौरान नग्न आंखों से दिखाई दे सकता है, जो सूर्य से 24 डिग्री पूर्व और बृहस्पति से केवल 6 डिग्री पश्चिम में मौजूद होगा।

# छोटा कैलाश में 131 श्रद्धालुओं ने की तपस्या

## मेले की रात को विभिन्न मुद्राओं में खड़े रहे शिवभक्त, पूरी रात भजन-कीर्तन का हुआ आयोजन



छोटा कैलाश में तपस्या करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** छोटा कैलाश में तीन दिवसीय शिवरात्रि मेले का पारायण श्रद्धालुओं की तपस्या और विशाल भंडारे के साथ हुआ। आदि कैलाश विकास समिति और मंदिर समिति के पदाधिकारियों के मुताबिक शिवरात्रि मेले की रात को 131 श्रद्धालुओं ने विभिन्न मुद्राओं में खड़े होकर तपस्या की।

मान्यता है कि शिवरात्रि के दिन छोटा कैलाश पर्वत में तपस्या करने से लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। इधर रात्रि में श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन का आयोजन भी किया।

यह कार्यक्रम सवेरे तक चला।



डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के दर्शन किए। पार्किंग की समस्या रही। इसके लिए तय किया गया है कि यदि किसी कारण वश विभाग और प्रशासन के द्वारा अगले वर्ष तक पार्किंग की व्यवस्था नहीं की गई तो आदि कैलाश विकास समिति श्रद्धालुओं की मद्द से पार्किंग का निर्माण करेगी।

**–उमेश पलड़िया**, अध्यक्ष, आदि कैलाश विकास समिति



जिला पंचायत का विशेष सहयोग रहा। आने वाले शिवरात्रि मेले में भी जिला पंचायत भरपूर सहयोग करेगी। जो कमियां इस बार नोटिस की गई हैं। निश्चित तौर पर अगले शिवरात्रि मेले में नहीं रहेंगीं।

**–अनिल चनौतिया**, जिला पंचायत सदस्य

बाद में विधि विधान के साथ भगवान का पूजन हुआ और फिर प्रसाद वितरण और विशाल भंडारा लगाया गया।

इसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आदि कैलाश विकास समिति अध्यक्ष उमेश पलड़िया, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### जंगलिया गांव में लगाया विशाल भंडारा

**भीमताल :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के निवासियों के द्वारा पूर्व निर्धारित स्थल में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर हजारों की संख्या पर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख डा0 हरीश सिंह बिष्ट, अध्यक्ष दुग्ध संघ मुकेश बोरा, ग्राम प्रधान राधा कुलियाल, प्रेम कुलियाल समेत कई ग्राम सभाओं के ग्रामीण सम्मलित हुए

### शिव मंदिर को पर्यटन से जोड़ा जाएगा : विधायक कैड़ा

**भीमताल :** विधायक राम सिंह कैड़ा ने शनिवार को ओखलकांडा ब्लॉक के डालकन्या भोलापुर में पांच सौ वर्ष पुराना शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया। कैड़ा ने बताया कि डालकन्या भोलापुर में पांच सौ साल प्राचीन शिव मंदिर पत्थर पर बना हुआ था। इस मंदिर से डालकन्या, भोलापुर, कुंडल, अधोड़ा, डुंगरी, मीडार, पतलोट, मटेला, बद्रेठा, ल्वाड, डोबा, गोनियारों समेत एक दर्जन से अधिक गांव के लोगों की आस्था जुड़ी हुई है। ग्रामीण लंबे समय से इस मंदिर के निर्माण व सौंदर्यीकरण की मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विधायक निधि से 8 लाख स्वीकृत किए थे। शनिवार को मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कैड़ा का स्वागत किया। विधायक ने कहा कि मंदिर को पर्यटन से जोड़ा जाएगा। इससे मंदिर का विकास होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। वहीं शिवरात्रि के अवसर पर शिव मंदिर में 11 दिन का शिव पुराण व विशाल भंडारे का आयोजन किया। इस दौरान गोपाल दत्त पनेरू, कोषाध्यक्ष हरीश चंद्र पनेरू, प्रधान सुनीता देवी, रमेश पनेरू, कमल पनेरू, पानदेव पनेरू, डॉ बीआर पनेरू, बलदेव पनेरू, मोहन पनेरू, प्रताप सिंह, मोहन सिंह, दीपक पनेरू, कैलाश पनेरू, दीवान पनेरू, खिमानन्द पनेरू आदि मौजूद रहे।



ओखलकांडा ब्लॉक के डालकन्या गांव में मंदिर का लोकार्पण करते विधायक कैड़ा।

# गौलापार में हॉकी के खेलो इंडिया सेंटर के प्रस्ताव को मिली मंजूरी

▸▸ **इस योजना के तहत स्टेडियम में एथलेटिक्स, फुटबॉल समेत 8 खेलों के खेल इंडिया सेंटर में होंगे शुरू**

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गौलापार स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों के लिए अलग से प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

इसके लिए खेल निदेशालय की ओर से हॉकी के खेलो इंडिया सेंटर के लिए मंजूरी भी दे दी है। इस योजना के तहत एथलेटिक्स, फुटबॉल समेत 8 खेलों के खेल इंडिया खेल सेंटर शुरू किए जाएंगे। खेल विभाग की ओर से खेल इंडिया योजना के अंतर्गत राज्य के सभी जनपदों में खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण के साथ ही अन्य सुविधाएं भी प्राप्त होगी।



इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स स्टेडियम परिसर में निर्माण हो रहे हॉकी मैदान में खेलो इंडिया खेल सेंटर खोले जाने का प्रस्ताव खेल विभाग की ओर से निदेशालय में भेजा गया था जिस पर निदेशालय की ओर से मंजूरी मिल गई है।

इसी क्रम में खेल निदेशालय ने राज्य के सभी 13 जिलों में खेलो इंडिया खेल सेंटर के संचालन की भी स्वीकृति दी हुई है।

इधर सहायक खेल निदेशक रशिका सिद्दकी ने बताया कि इन खेल सेंटरों में भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से साई एनएसआरसी लखनऊ के माध्यम से धनराशि दी जाएगी। यहां से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों का डाटा भी साई के पोर्टल पर अंकित होगा।

# 10.36 लाख की शोध परियोजना मिली

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** कुमाऊं विश्वविद्यालय के भीमताल स्थित भेषज विज्ञान विभाग में मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत डॉ. महेंद्र राणा को 10.36 लाख की शोध परियोजना प्राप्त हुई है। उच्च शिक्षा में शोध कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु राज्य सरकार द्वारा मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है।

जिसके तहत राज्य सरकार द्वारा माह दिसंबर 2023 में राज्य में उच्च शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत प्राध्यापकों से शोध परियोजना के प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त प्रस्तावों का आवश्यक स्क्रीनिंग करने एवं प्रस्तावकों द्वारा चरणबद्ध प्रस्तुतिकरण के उपरांत राज्य शोध एवं विकास प्रकोष्ठ चयन एवं मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के बाद प्रधान अन्वेषकों को अनुमोदन जारी कर प्रथम किश्त जारी कर दी है। कुमाऊं विवि के भीमताल परिसर में स्थित भेषज विज्ञान विभाग में कार्यरत सह प्राध्यापक डा. महेंद्र राणा को प्रधान अन्वेषक के रूप में 'डेवलपमेंट ऑफ फार्माकोग्नोसटिक टूल्स फॉर वैल्यू एडिशन ऑफ मेडिसिनल प्लांट्स यूज्ड बाय लोकल हीलर्स इन द हाइलैंड्स ऑफ कुमाऊं' विषय पर शोध परियोजना कार्य हेतु अनुदान प्राप्त हुआ है।

## सार-संक्षेप



नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने शनिवार को नौकायन का आनंद लिया। ● अमृत विचार

### वीक एंड पर पर्यटकों की आमद से गुलजार रही सरोवर नगरी

**नैनीताल।** वीक एंड पर पर्यटक स्थल गुलजार हो गए हैं। पर्यटक नैनीताल समेत आसपास के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। इस कारण सभी पर्यटक स्थल पर्यटकों की आमद से गुलजार हो उठे हैं। नैनीताल पहुंचे पर्यटक शहर के विभिन्न पर्यटन स्थलों हिमालय दर्शन, चिड़ियाघर, स्नो व्यू, केव गार्डन समेत अन्य पर्यटक स्थलों का दीदार कर रहे हैं, जिससे सभी पर्यटक स्थलों पर भीड़ भाड़ देखी जा रही है। नैनीताल आने वाले पर्यटकों को शहर में कार पार्किंग ना होने के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।



बोर्ड हाउस क्लब में रोटरी क्लब की ओर से सम्मानित महिलाएं।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर आठ महिलाएं सम्मानित

**नैनीताल।** महिला दिवस पर शनिवार को बोर्ड हाउस क्लब में रोटरी क्लब की ओर से अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली आठ महिलाओं को सम्मानित किया गया। क्लब द्वारा बीडी पांडे अस्पताल में बीते 28 साल से वार्ड आया का काम कर रही मधु जोशी, नर्सिंग स्टाफ बीडी पांडे से मीनाक्षी शर्मा, नगर पालिका परिषद नैनीताल में लिपिक के पद पर तैनात शोभा चौहान, सफाई कर्मचारी नगर पालिका कमला देवी, पुलिसकर्मी अंजुला जॉन, मल्लीताल कोतवाली में एसआई के पद पर तैनात प्रियंका मौर्या, व्यापारी रीता जोशी तथा अधिवक्ता सबीना उस्मान को अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

### खेल के दौरान लिए जाने वाले आहार की जानकारी दी

**नैनीताल।** डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को आमंत्रित व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष ग्रह विज्ञान प्रोफेसर लता पांडे व एसोसिएट प्रो .डॉ . छवि आर्य के द्वारा एक्सप्लोरिग न्यूट्रीशनल स्ट्रैटेजीज इन स्पोर्ट्स पर व्याख्यान देते हुए कहा कि खेलों में किस तरह की आहार की आवश्यकता होती है, किस तरह से कार्बोहाइड्रेट लोडिंग की जाती है। अंत में विभागाध्यक्ष डॉ . संतोष कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान निदेशक विजिटिंग लेक्चर प्रो . ललित तिवारी, डॉ .नंदन सिंह बिष्ट, डॉ .सीमा चौहान, डॉ . हरदेश शर्मा, डॉ .नेत्रपाल, डॉ .सारिका वर्मा, डॉ .नवीन राम, डॉ . मंडोली, सुनील कुमार, अपूर्व बिष्ट, ललित आदि मौजूद रहे।

# एसडीएम ने 20 बूथों में व्यवस्था का लिया जायजा

संवाददाता, हल्द्वानी/लालकुआं

**अमृत विचार :** प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं। एसडीएम ने लालकुआं में बूथों का स्थलीय निरीक्षण किया और मतदान के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

एसडीएम परितोष वर्मा ने शनिवार को लालकुआं विधानसभा सीट में चुनाव को लेकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि लालकुआं में 120 बूथ हैं। आगामी आम चुनाव के मद्देनजर बूथों में बिजली, पेयजल, शौचालय, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, व्हील चेयर, बैसाखी आदि सुविधाएं मुहैया कराना अनिवार्य है। शनिवार को 20 बूथों का निरीक्षण किया और इनमें ये सभी सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि लालकुआं में अति संवदेनशील व संवेदनशील, पिंक बूथों की सूची भी तैयार की जा रही है।

इसमें सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएंगी। जल्द ही बुजुर्गों के लिए भी बूथ पर दी जाने वाली सुविधाएं मुहैया कराई जाएगी। वर्मा ने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पूरी तरह पालन कराया जाएगा।



लालकुआं में बूथों का स्थलीय निरीक्षण करते एसडीएम। ● अमृत विचार

### सामाजिक सम्मेलन आयोजित

**हल्द्वानी :** भाजपा नैनीताल जिला अध्यक्ष नन्हे कश्यप की अध्यक्षता में भाजपा ओबीसी मोर्चा का सामाजिक सम्मेलन नगर मंडल में महेश साहू के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री नेत्रपाल मोर्या ने ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी हरिमोहन अरोड़ा, विनीत अग्रवाल, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा वीरेंद्र जायसवाल, जिला मंत्री ओबीसी मोर्चा हीरालाल साहू, जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुशील साहू आदि रहे।

# 95 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली



भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल के मल्लिताल में भाजपा की ओर से आयोजित कार्यक्रम में कई युवक भाजपा में शामिल हो गए। भारतीय जनता पार्टी के ज्वाइनिंग कमेटी के प्रदेश संयोजक गोविंद सिंह बिष्ट, जिला संयोजक चंदन बिष्ट, सह संयोजक खीमा शर्मा की उपस्थिति और मंडल अध्यक्ष कमला आर्या की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में भीमताल मंडल में 95 नए सदस्यों को सम्मिलित किया गया।

सम्मिलित लोगों में यूकेडी के टिकट पर चुनाव लड़ चके एडवोकेट राहुल जोशी भी शामिल हैं। उनके साथ 25 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, वहीं महेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में 25 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। सामाजिक कार्यकर्ता ललित आर्य ने भी सदस्यता ग्रहण की। वहीं एन.जोशी भीमताल के नगर पंचायत के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके और दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले हितेंद्र सिंह बिष्ट भी कार्यक्रम में सम्मलित थे।

कार्यक्रम में मंडल महामंत्री योगेश तिवारी, कमलेश रावत, मीडिया प्रभारी संदीप पांडे, कार्यालय प्रभारी दीपक पांडे, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा भावना मेहरा, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, प्रकाश आर्य, भुवन भट्ट, कमल जोशी, शिप्रा जोशी, सांसद प्रतिनिधि गोपाल रावत, ब्लॉक प्रमुख आशा रानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, राजेश सांगुड़ी एवं जिला एवं प्रदेश के सम्मिलित पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

## तैयारी लोस चुनाव की पर लक्ष्य निकाय चुनाव के टिकट का

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव के चलते भले ही भाजपा के भीमताल मंडल में 95 नए लोगों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गई है पर इनमें से अधिकांश लोग विभिन्न राजनीतिक पार्टियों में योगदान देकर आए हुए हैं। राहुल जोशी पूर्व में भाजपा में ही थे पर बाद में उन्होंने यूकेडी की सदस्यता ग्रहण की और वर्तमान में कुछ माह पूर्व नेता प्रतिपक्ष के सम्मुख उन्होने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

वर्तमान में उन्होंने फिर कांग्रेस का दामन छोड़ भाजपा का दामन थामा है। पूर्व में वह ग्राम प्रधान नौल भी रह चुके हैं। इतना ही नहीं ध्येय संस्था के संस्थापक रहते हुए विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार परख कार्यक्रम आयोजित कर युवक और युवतियों के प्रेरणा स्रोत भी हैं। पेशे से होटल व्यवसायी और अन्य कारोबार में सम्मलित होने के कारण विशेष पहचान बनाए हुए हैं। वहीं दूसरे सदस्यता लेने वाले हितेंद्र बिष्ट 5 साल पूर्व निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष का चुनाव लड़ चुके हैं और कुछ ही वोटों के अन्तराल से चुनाव हारे हैं और इस बार फिर से नगर पालिका अध्यक्ष के प्रबल दावेदार हैं। इसमें कोई शक नहीं हैं कि भीमताल मंडल में नए सदस्यता से नगर और ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा का वोट बैंक बढ़ेगा पर वहीं जो कई वर्षों से भाजपा से अपनी उम्मीदवारी का सपना देख रहे हैं कहीं ना कहीं उनकी मंशा में असर दिखाई देगा।



घर वापसी की प्रबल इच्छा थी। पुराने कार्यकर्ताओं का प्यार भी था। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से मन बना और मुझे खींच लाया वापस भाजपा कार्यकर्ताओं का प्यार। भीमताल मण्डल के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष आभार।

**–राहुल जोशी**



मैं कभी भाजपा से बाहर था ही नहीं। भाजपा में विशेष आस्था तो है ही। इसके साथ ही साथ भाजपा की नीतियों से खासा प्रभावित हूं। मेरी सदस्यता काफी पुरानी है। **–हितेन्द्र बिष्ट**

# देवलचौड़ खाम में पेयजल योजना का शिलान्यास किया

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** विधायक बंशीधर भगत ने शनिवार को देवलचौड़ खाम में पेयजल योजना का शिलान्यास किया।

विधायक भगत ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत आनंदलोक नलकपू, ओवरहेड टैंक, पेयजल लाइन बिछाने का काम होगा। उन्होंने बताया कि क्षेत्रवासी लंबे समय से पेयजल किल्लत से जूझ रहे थे।

इस वजह से यहां जेजेएम में 4.28 करोड़ से 100 किली क्षमता का ओवरहेड टैंक व 21 किमी की पाइप लाइन बिछाई जाएगी। अभी तक 11 किमी पाइप लाइन बिछा दी गई है। जल संस्थान को जल्द से जल्द काम पूरे करने के निर्देश दिए हैं ताकि क्षेत्रवासियों को गर्मी में इन योजनाओं का लाभ मिले। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष आनंद सिंह दरम्वाल, राजेंद्र नेगी, ग्राम प्रधान दीपा दरम्वाल, बूथ अध्यक्ष अंजलि कुंवर, रेवाधर बृजवासी, प्रधान ललित नेगी, आचार्य नवीन जोशी, प्रधान हरीश बिष्ट, भूपाल बोरा, ईई आरएस लोशाली आदि मौजूद रहे।



देवलचौड़ खाम में पेयजल योजना का शिलान्यास करते विधायक भगत व अन्य।

**सख्ती** जनवरी से अब तक 500 से अधिक कनेक्शन काटे

# बिल नहीं भरने वालों को अंतिम अवसर

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** लंबे समय से बिजली का बिल जमा नहीं करने वाले बकायेदारों पर अब ऊर्जा निगम बड़ी कार्रवाई करने जा रहा है। ऊर्जा निगम ने नैनीताल क्षेत्र में करीब 3 हजार से अधिक लोगों को नोटिस जारी कर बकाया बिजली का बिल जमा करने के निर्देश दिए हैं।

स्थानीय लोगों के साथ-साथ दर्जन भर से अधिक सरकारी विभाग भी ऊर्जा निगम के बकायेदार हैं। जिन्होंने काफी लंबे समय से ऊर्जा निगम को बिजली के बिल का भुगतान नहीं किया है, जिसको देखते हुए ऊर्जा निगम अब सरकारी विभागों को नोटिस जारी कर बिजली का बिल 31 मार्च से



पूर्व जमा करने का अंतिम अवसर दिया है। नैनीताल के एसडीओ प्रियंक पांडे ने बताया बिजली का बिल जमाना करने पर ऊर्जा निगम ने करीब 500 से अधिक आवासीय जबकि 100 वेबसाइट कनेक्शन को काटने की कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग पर भी कार्रवाई कर बिजली का कनेक्शन काट दिया गया, हालांकि विभागीय अधिकारियों के सोमवार तक बिजली का बिल जमा करने के आश्वासन के बाद बिजली का कनेक्शन जोड़ दिया गया। इसके अलावा अन्य विभागों के कनेक्शन काटने की भी कार्रवाई की जा रही है।

### सरकारी कार्यालयों पर अब तक का बकाया

- नगर पालिका पर 3 करोड़ 84 लाख
- पुलिस विभाग पर 15 लाख 99 हजार
- लोक निर्माण विभाग पर 11 लाख 12 हजार
- जिला विकास प्राधिकरण पर 10 लाख 85 हजार
- बीडी पांडे अस्पताल पर 7 लाख 32 हजार
- सेनेटोरियम अस्पताल प्रबंधन पर 6 लाख 82 हजार

# मुख्यमंत्री से आंतरिक मार्गों को दुरुस्त करने की मांग की

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** नैनीताल के आंतरिक मार्गों की बदहाल स्थिति को दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर क्षेत्रीय निवासी नितिन कार्की और मनोज जोशी ने प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन देकर शहर के आंतरिक सड़क मार्गों की स्थिति को सुधारने की मांग की है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन देते नितिन कार्की। ● अमृत विचार

ज्ञापन के माध्यम से नितिन कार्की का कहना है कि पूर्व में शहर के आंतरिक मार्गों का रख रखाव लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता था। मगर बीते वर्ष सड़क के रखरखाव का जिम्मा नगर पालिका को दे दिया गया, लेकिन अब तक नगर पालिका को सड़कों की स्थिति दुरुस्त किए जाने के लिए बजट अवमुक्त नहीं किया गया है। जिससे शहर के आंतरिक मार्गों की स्थिति बेहद खराब हो रही है। लिहाजा जल्द से जल्द नगर पालिका को बजट अवमुक्त किया जाए ताकि शहर के आंतरिक मार्गों की स्थिति को सुधारा जा सके।

# पूरन जोशी नियुक्त हुए शाखा अध्यक्ष

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** उत्तरांचल परिवहन मजदूर संघ काठगोदाम शाखा की बैठक शनिवार को काठगोदाम डिपो में संपंन्न हुई, जिसमें शाखा कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें पूरन चंद्र जोशी को शाखाध्यक्ष, विजय कपिल और सर्वजीत सिंह को उपाध्यक्ष, हिमांशु उपाध्याय को शाखा मंत्री, महेश चंद्र सिंह राणा, हरीश चंद्र जोशी को संयुक्त मंत्री, पूरन सिंह राणा को संगठन मंत्री, प्रोमिला मैरी को संप्रेक्षक और गोविंद कुमार को कोषाध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा राधा देवी, द्रौपदी देवी, गिरीश आगरी, रोहित बिष्ट को कार्यकारिणी सदस्य और वीरेंद्र सिंह बिष्ट, भूपेंद्र नेगी और बीके शर्मा को क्षेत्रीय सदस्य नियुक्त किया गया है वहीं चुनाव नरेंद्र पलड़िया, राम कुमार प्रभार और रूप सिंह की देखरेख में पूरा हुआ।

## एक नजर

### वार्षिक अधिवेशन आज

**हल्द्वानी :** उत्तराखंड मेडिकल लैब टेक्नीशियन एसोसिएशन की जनपदीय वार्षिक अधिवेशन का आयोजन आज सोबन सिंह जीना बेस अस्पताल के सभागार में होगा।

### शिक्षकों और कर्मचारियों ने ली मतदान की शपथ

**हल्द्वानी :** राजकीय महिला महाविद्यालय में सभी शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को प्राचार्य प्रो. शशि पुरोहित ने मतदान की शपथ दिलाई। नवाबी रोड में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र में वोट के अधिकार के प्रति जागरूक और मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली में स्वीप कमेटी के सदस्य डॉ. बीना जोशी, डॉ. नेहा सिंह प्रो. नरेंद्र कुमार जोशी, डॉ. अजय लटवाल, डॉ. रेखा जोशी आदि उपस्थित रहे।

### रवि बने अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष

**हल्द्वानी :** जगदंबा नगर कुल्यालपुरा निवासी निवर्तमान पार्षद रवि वाल्मीकि को उत्तराखंड क्रांति दल के अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ का केंद्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके लिए दल के केंद्रीय अध्यक्ष पूरण सिंह कठैत ने पत्र भेजकर जानकारी दी। इसी के साथ उम्मीद जताई कि वे दल की रीति-नितियों को जनता के बीच जाकर संगठन को मजबूती प्रदान करें।

### रोडवेज कर्मियों ने किया भंडारे का आयोजन

**हल्द्वानी :** शहर के रोडवेज परिसर में स्थित शिव मंदिर में रोडवेज कर्मचारियों की ओर से अखंड रामायण और भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में भक्तगण पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किए। इस मौके पर पंडित गिरीश चंद्र तिवारी, उमेश चंद्र जोशी, प्रदीप बिष्ट, बृजेश परिहार समेत कई लोग मौजूद रहे।

### जीआरपी ने युवक को चाकू संग गिरफ्तार किया

**हल्द्वानी :** काठगोदाम जीआरपी ने एक युवक को चेकिंग के दौरान चाकू के साथ पकड़ा। जीआरपी लालकुआं प्लेटफार्म पर चेकिंग कर रही थी। जीआरपी के मुताबिक युवक बेंच पर बैठे किसी घटना को अंजाम देने की फिराक था। पुलिस ने तलाशी ली तो उसके पास से चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए युवक ने अपना नाम अशोक कुमार उर्फ सुखी पुत्र रणवीर सिंह निवासी हरियाणा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमादर्जकियाहै।

### ट्रेन में काटी यात्री की जेब

**हल्द्वानी :** काठगोदाम जीआरपी थाने में फेजानगर केमरी रामपुर निवासी जमुना प्रसाद पुत्र हरि सिंह ने तहरीर दी। कहा कि वह परिवार के साथ ट्रेन में बैठकर काठगोदाम से काशीपुर जा रहा था। रास्ते में किसी उचक्के ने उसकी जेब से पर्स उड़ा लिया, जिसमें नगदी व अन्य कागजात रखे थे। जीआरपी पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बाइक सवार की मौत में कार सवार पर मुकदमा

**हल्द्वानी :** बाइक सवार को टक्कर मारने वाले कार चालक के खिलाफ मुखानी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। बोरगांव अमसरकोट बागेश्वर निवासी दिनेश सिंह टंगडिया ने पुलिस को बताया कि बीती 21 फरवरी की रात करीब 11 बजे ब्लॉक चौराहे के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार सूरज सिंह परिहार और उसके दोस्त को अपनी चपेट में ले लिया था। एसटीएच से सूरज को परिजन बरेली के भोजीपुरा स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी।

# पानी की टंकी में डूबा चार साल का बच्चा, मौत

## गौलापार के देवलाडांठ खेड़ा का मामला, खेलते-खेलते झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी में गिरने से हादसा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मां और मौसी अन्य महिलाओं के साथ झोपड़ी में बैठकर बातें कर रही थीं और इधर चार साल का बच्चा खेलते-खेलते झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी में गिर गया। मौसी पानी लेने गई तो बच्चे का शव पानी में उतराता देखा। आनन-फानन में परिजन उसे लेकर बेस अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

मूलरूप से धारपुर बदायूं उत्तर प्रदेश निवासी नरवीर पिछले करीब 8 साल से देवलाडांठ खेड़ा गौलापार में रहकर बंटाई पर खेती करता है, जबकि उसकी पत्नी रिंकी तीन बच्चों साक्षी (7 वर्ष), विकास (5 वर्ष) और आयुष (4 वर्ष) के साथ ससुराल में रहती थी। रिंकी के भाई पुष्पेंद्र ने बताया कि मुताबिक करीब 3 माह पहले रिंकी तीनों बच्चों के साथ पति के पास गौलापार आई थी।

शनिवार की सुबह रिंकी अपनी बहन सगुन व अन्य महिलाओं के साथ बैठी झोपड़ी में बातें कर रही थी। इसी बीच आयुष झोपड़ी से बाहर निकल गया। खेलते-खेलते आयुष झोपड़ी के पीछे बनी पानी की टंकी के पास पहुंच गया और उसमें गिर गया। अंदर बातें कर रहे परिवार वालों को इसकी भनक तक नहीं लगी। कुछ देर बाद आयुष की मौसी सगुन पानी लेने टंकी पर गई तो उसके होश फाख्ता हो गए। आयुष का शव टंकी में उतरा रहा था। शव देख वह चीख पड़ी और मौके पर लोग जमा हो गए।

आनन-फानन में आयुष को लेकर परिजन बेस अस्पताल पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजन आयुष के शव को अंतिम संस्कार के लिए बदायूं ले गए।



बेस अस्पताल में बच्चे का शव गोद में लिए विलाप करती मां और ढांढस बंधाती महिलाएं।

### अधिकारियों के पैर पकड़े, नहीं टला पोस्टमार्टम

बेस अस्पताल में चिकित्सकों ने आयुष को मृत घोषित किया और पीआई पुलिस को भेज दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जब परिजनों को यह पता लगा कि आयुष का पोस्टमार्टम होगा तो वह बेचैन हो गए। उन्होंने पुलिस से ऐसा न करने को कहा। पुलिस ने उन्हें प्रशासनिक अधिकारियों के पास भेज दिया। परिवार के लोगों ने प्रशासनिक अधिकारियों के पैर तक पकड़ लिए, लेकिन पोस्टमार्टम नहीं टला।

### तीन माह पहले आया था आयुष का परिवार

आयुष के मामा पुष्पेंद्र ने बताया कि उसकी बहन रिंकी बच्चों के साथ ससुराल में ही रहती थी, जबकि नरवीर हल्द्वानी से रुपये जमाकर पत्नी के पास भेजता था। इससे पहले रिंकी यहां रहने के लिए नहीं आई लेकिन करीब 3 माह पहले वह घूमने के लिए बच्चों के साथ पति के पास आई थी। शिवरात्रि पर नरवीर पत्नी व बच्चों को लेकर मंदिर में दर्शन भी करने गया और अगले दिन आयुष की टंकी में डूबकर मौत हो गई।

### ढाई घंटे तक बेटे का शव लेकर बिलखती रही मां

सुबह करीब साढ़े 9 बजे परिजन आयुष को लेकर बेस अस्पताल लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने आयुष के शरीर से पानी निकाला, ईसीजी आदि करने के बाद आयुष को मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद मां रिंकी ने चिकित्सकों से आयुष को रेफर करने की गुहार लगाई, लेकिन चिकित्सकों ने यह कहकर मना कर दिया कि आयुष की मौत हो चुकी है। करीब ढाई घंटे तक रिंकी बेटे को गोद में लिए वहीं बैठी बिलखती रही।

# 13 मार्च तक काठगोदाम से ट्रेनों का संचालन बंद

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-1 और पिट लाइन-7 पर मरम्मत का कार्य होने के चलते 13 मार्च तक लाइन बंद होने से कुछ ट्रेनों का संचालन में बदलाव किया गया है।



लाइनों पर कार्य होने के चलते ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। रेलवे के जिम्मेदारों ने बताया कि रानीखेत एक्सप्रेस 12 मार्च तक और संपर्क क्रांति 13 मार्च तक काठगोदाम से लालकुआं के रूट तक के लिए निरस्त की गई है। फिलहाल इन ट्रेनों का संचालन लालकुआं से किया जाएगा और वापसी भी लालकुआं तक ही होगी। इसी क्रम में काठगोदाम से लखनऊ आने वाली ट्रेन 12 मार्च तक और काठगोदाम से देहरादून जाने वाली काठगोदाम-देहरादून ट्रेन भी 13 मार्च तक हल्द्वानी से चलेगी और वापसी भी हल्द्वानी तक की होगी।

### होली से पहले दिल्ली व दून की ट्रेनें पैक

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** होली का पर्व आने से पहले ट्रेनों में वेटिंग की लाइन शुरू हो गई है। 24 और 25 मार्च को होली का पर्व है वहीं अप्रैल माह तक ट्रेनों में वेटिंग दिखने लगी है। इसमें दिल्ली एवं देहरादून की रूटों पर संचालित होने वाली ट्रेनों में वेटिंग चल रही है। शताब्दी, बाग एक्सप्रेस, संपर्क क्रांति और रानीखेत ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। जिनमें से बाग एक्सप्रेस, रानीखेत और शताब्दी में वेटिंग चल रही है वहीं संपर्क क्रांति में अभी वेटिंग की स्थिति नहीं बनी हुई है। काठगोदाम रेलवे स्टेशन के पूछताछ केंद्र से जानकारी के मुताबिक जिन ट्रेनों में वेटिंग चल रही है वो अप्रैल माह तक वेटिंग जा सकती है।



पुलिस की गिरफ्त में बनभूलपुरा हिंसा के आरोपी। ● अमृत विचार

# अब तक 96 अंदर, दो और उपद्रवी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**हल्द्वानी हिंसा**

- सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल वीडियो रिकॉर्डिंग से हुई पहचान
- मेडिकल के बाद कोर्ट में पेश कर भेजा हल्द्वानी उप कारागार

**अमृत विचार :** बनभूलपुरा हिंसा को एक माह से अधिक हो चुका है और इन गुजरे दिनों में पुलिस अब तक 96 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले में पुलिस ने दो और गिरफ्तारियां की है। इन दोनों को भी पुलिस ने न्यायालय ने हल्द्वानी उप कारागार भेज दिया है। बता दें कि 8 फरवरी को बनभूलपुरा में अतिक्रमण हटाने के दौरान उपद्रवियों ने पुलिस, प्रशासन, नगर निगम और मीडिया कर्मियों पर पथराव किया था उपद्रवियों ने बनभूलपुरा थाना फूंक दिया था और गोलीबारी भी की थी। उपद्रवियों के खिलाफ बनभूलपुरा थाने में तीन मुकदमे दर्ज किए गए थे। शनिवार को पुलिस ने 21 वर्षीय दो युवक मलिक का बगीचा वार्ड नंबर 31 निवासी आरिश उर्फ हरदा पुत्र पप्पू और इंद्रानगर बनभूलपुरा निवासी समीर उर्फ नन्नू पुत्र अय्युब को गिरफ्तार किया।

### 100 से अधिक पन्नों में कंपनी बाग होने के सुबूत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** मलिक का बगीचा है या कंपनी बाग? आरोप है कि कंपनी बाग की जमीन को खुर्द बुर्द कर अब्दुल मलिक और उसकी बीवी ने साथियों के साथ मिलकर मलिक का बगीचा बना डाला। इस मामले में पुलिस ने नगर निगम से सुबूत मांगे हैं और बताया जा रहा है कि निगम ने सौ से भी अधिक पन्नों में जमीन के कंपनी बाग होने और आरोपियों के खिलाफ सुबूत जमा कर लिए हैं। जल्द ही इन दस्तावेजों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया जाएगा, हालांकि निगम अभी कुछ और पुख्ता सुबूत जुटाने में लगा है। बता दें कि बीती 22 फरवरी को नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त ने अब्दुल मलिक और उसकी पत्नी साफिया मलिक समेत आधा दर्जन लोगों के खिलाफ कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप है कि उक्त लोगों पर मृत व्यक्ति के दस्तावेज लगाकर सरकारी भूमि पर कब्जा कर उसे खुर्द-बुर्द कर दिया। पुलिस अभी तक नगर निगम को भूमि से जुड़े दस्तावेज मांगने के लिए दो नोटिस भेज चुकी है। सूत्रों के मुताबिक दूसरे नोटिस के बाद निगम अधिकारियों के काम में तेजी आई। जिसके बाद सौ से अधिक पन्नों का रिकार्ड तैयार किया गया। माना जा रहा है कि दो से तीन दिन के भीतर नगर निगम उक्त दस्तावेज कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर सकती है। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि नगर निगम से दस्तावेज मिलते ही बयान दर्ज कराने व अन्य कार्रवाई आगे बढ़ाईजाएगी।

# रमजान को बाजार गुलजार, कई घरों में अंधकार

पवन नेगी, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** रमजान का पाक महीना मंगलवार से शुरू हो रहा है। इसके लिए बाजार सज चुके हैं, रोजेदार खरीदारी कर रहे हैं। दूसरी तरफ कुछ घर ऐसे भी हैं, जहां खाने तक के लाले हैं। बनभूलपुरा उपद्रव के बाद कई परिवारों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। कई लोगों के काम छूट गए, जिससे उनकी माली हालत खराब हो गई है। घर में बच्चों का पेट भरने के लिए राशन नहीं है। लोग मदद से अपना घर चला रहे हैं। इनमें ऐसे परिवार भी शामिल हैं, जो इस उपद्रव के बेवजह शिकार हो गए।

रमजान के पाक महीने के लिए बाजार में हलवा पराठा, फेनी, सिरमाले, पापे, डबल रोटी आदि बनने लगे हैं। बनभूलपुरा में सितारा होटल नाम से 50 साल पुरानी दुकान है, जहां से पहाड़ को सामान जाता है।

होटल के मालिक तौफीक वारसी ने बताया कि उनके पिता दुकान चलाते थे, उनके बाद वह दुकान चला रहे हैं। बताया कि रानीखेत, धारचूला, मुनस्यारी, अल्मोड़ा और बागेश्वर तक उनका सामान जाता है। बनभूलपुरा निवासी आफताब अहमद ने बताया कि रमजान बरकत और रहमत का महीना है। इस दौरान सभी की अच्छी और खुशहाल जिंदगी के लिए इबादत की जाती है। उन्होंने बताया कि जुमे की नमाज के दिन अक्सर बिजली गायब हो जाती है, जिससे पानी नहीं आ पाता और लोगों को दिक्कतें होती हैं।



बनभूलपुरा में रमजान के पाक महीने के लिए सजी दुकान। ● अमृत विचार



अपने 8 साल के बच्चे के साथ पीड़ित इशरत जहां। ● अमृत विचार

### पति जेल में, बहन के घर में रह रहा परिवार

बनभूलपुरा की महिला ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उनके पति को पुलिस ने पकड़ा और वह जेल में हैं। घर की कुर्की हो गई और अब वह अपनी बहन के घर रह रही हैं। पति की कमाई से ही घर चल रहा था। घर में छोटे-छोटे बच्चे हैं। त्योहार मनाना तो दूर रोजाना का सामान खरीदना मुश्किल है।

### घर का सामान चोरी, खाने को एक दाना तक नहीं

मलिक का बगीचा के पास स्थित एक मकान में किराए पर रहने वाली इशरत जहां के घर में खाने को राशन तक नहीं है। परिवार में पांच लड़कियां और आठ साल का एक लड़का है। इशरत ने बताया कि पति टैक्सी चलाने का काम करते थे लेकिन बनभूलपुरा घटना के बाद उन्हें काम नहीं मिल पा रहा है। उनके परिवार की आर्थिक हालत बहुत खराब है। परिवार ने कुछ सालों पहले एक लड़के को खोया था, जिससे वे उबर ही रहे थे कि बनभूलपुरा घटना ने परिवार को फिर से तोड़ दिया। इशरत ने बताया कि घटना के दिन उनके पति काम पर गए थे और घर में वह बच्चों के साथ थीं। उपद्रव होने पर सभी लोग घर छोड़कर रिश्तेदार के वहां चले गए। बताया कि स्थिति सामान्य होने पर जब वापस लौटे तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और घर का सारा सामान चोरी हो गया था। इस समय हालत ऐसी है कि मदद के सहारे से परिवार चला रहे हैं। इशरत ने बताया कि पास में ही रहने वाले आबिद सिद्दीकी ने उनकी मदद की। उनको राशन और अन्य जरूरत का सामान दिलाया, जिससे उनका घर चल रहा है।

# चंडीगढ़ का पुलिस अफसर बता महिला से ठग लिए 5.50 लाख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** आपका भतीजा दुष्कर्म के केस में फंस गया है, एक जालसाज ने पुलिस वाला बनकर महिला को फोन किया। जालसाज ने महिला को भतीजे के नाम पर तीन दिन तक ब्लैकमेल किया और उससे साढ़े 5 लाख रुपये ऐंठ लिए। जालसाज के फोन आने और रुपये की मांग का सिलसिला नहीं रुका तो पीड़िता को ठगे जाने का एहसास हुआ।

आरके टेंट हाउस तिराहा कालाढूंगी रोड निवासी किशन सिंह चिलवाल पुत्र स्व. लक्ष्मण सिंह चिलवाल ने साइबर पुलिस स्टेशन को दी तहरीर में कहा कि उनकी साली भगवती गढिया पत्नी स्व. गोपाल सिंह निवासी गली नंबर 8 मुखानी अकेले रहती हैं। उनका बेटा दिल्ली में एडवोकेट है। बीती 20 से 22 फरवरी तक भगवती के मोबाइल नंबर पर लगातार कॉल आए। कॉल करने वाले ने खुद को चंडीगढ़ पुलिस का अधिकारी बताया। कहा कि कोलकाता में जॉब करने वाला आपका भतीजा सुमु एक लड़की से रेप के केस में पकड़ा गया है। जालसाज ने लड़के से फोन पर बात भी कराई तो वह भगवती को बुआ कहकर रोने लगा।

जालसाज ने पहले सुमु को छोड़ने के नाम पर 25 हजार, फिर मीडिया में मामला खुलने के नाम पर 75 हजार, फिर जिस लड़की ने रेप हुआ, उसकी मौत की बात कहकर और दो लाख रुपये ले लिए, 22 फरवरी को फिर फोन कर सुमु को चंडीगढ़ से कोलकाता भेजने के लिए 50 हजार रुपये और ले लिए। जब इसके बाद भी रुपये मांगने का सिलसिला नहीं रुका तो शक हुआ। इस मामले में रुद्रपुर साइबर पुलिस स्टेशन ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

> साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा कुमाऊं भर के ठगी मामले की तफ्तीश करती है। चूंकि पीड़िता से पुलिस का अधिकारी बताकर ठगी की गई है तो साइबर थाना पुलिस ने तकनीकी जांच के बाद ठगी प्रकरण में रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कालाढूंगी थाने को स्थानांतरित कर दी है। थाना पुलिस की जांच में साइबर क्राइम थाना पुलिस सहयोग करता है। **-ललित मोहन जोशी**, थाना प्रभारी, साइबर क्राइम

# रामनगर के ढेला रेस्क्यू सेंटर में बाघिन की मौत

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कार्बेट स्थित ढेला रेस्क्यू सेंटर में शनिवार की सुबह पूर्व में रेस्क्यू की गई एक बाघिन की मौत हो गई।

कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक दिगांथ नायक ने बताया कि वर्ष 2021-22 में धनगढ़ी क्षेत्र के समीप स्थित गर्जिया क्षेत्र में पनोद नाले के समीप बाघिन द्वारा इस मार्ग से गुजरने वाले कई बाइक सवारों पर हमला किया था, जिसके बाद से इस इलाके में बाघ के आतंक को लेकर हड़कंप मचा हुआ था। उन्होंने बताया कि इस मामले में उच्चाधिकारियों की अनुमति मिलने के बाद इस बाघिन को विभागीय पशु चिकित्सकों की टीम ने ट्रेंकुलाइज करने के बाद ढेला स्थित रेस्क्यू सेंटर में रखा गया था। इस बाघिन की शनिवार की सुबह मौत हो गई। इसकी उम्र 10 वर्ष से ज्यादा थी। मौत का कारण प्रथम दृष्टया उम्र अधिक होना माना जा रहा है, बाघिन के सैंपल भेजने की कार्रवाई की जा रही है। पशु चिकित्सकों की देखरेख में उसका पोस्टमार्टम होगा। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।



**विवाद** डंपर स्वामी 29 रुपये प्रति क्विंटल तो स्टोन क्रशर्स स्वामी 25 रुपये प्रति क्विंटल देने पर हैं अड़े

# आश्वासन के बाद डंपर स्वामियों ने सोमवार तक टाली हड़ताल

**विरोध**

- डंपर स्वामियों ने मांगें पूरी नहीं होने पर दी वाहनों के सरेंडर करने की चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** डंपर और स्टोन क्रशर्स स्वामियों में रेट को लेकर रार थम गई है। प्रशासन के आश्वासन के बाद डंपर स्वामियों ने हड़ताल को सोमवार तक टाल दिया है। उनका कहना है कि यदि तब तक समाधान नहीं हुआ तो मंगलवार से वाहन सरेंडर कर दिए जाएंगे।

गौला नदी में 11 उपखनिज निकासी गेटों से 7,452 वाहनों से खनन होता है। हर वर्ष स्टोन क्रशर्स, डपंर स्वामी, प्रशासन आपसी वार्ता के बाद आरबीएम का रेट तय करते हैं। डंपर स्वामियों का आरोप है कि इस खनन सत्र में उपखनिज का भाड़ा प्रशासनिक अधिकारियों की मध्यस्थता में 29 रुपये प्रति क्विंटल तय हुआ था। क्रशर्स स्वामियों ने मध्यस्थता के बाद एक माह तक तो यह रेट दिया लेकिन बाद कम कर दिया। स्टोन क्रशर्स ने 25 रुपये प्रति क्विंटल भाड़ा कर दिया। इसको लेकर डंपर व स्टोन क्रशर्स स्वामियों में ठन गई। बीती 8 मार्च को मुख्यमंत्री धामी के हल्द्वानी दौरे में भी डंपर स्वामियों ने ज्ञापन सौंपकर समस्या के समाधान की मांग की। इसके बाद सीएम ने डीएम को नियमानुसार कार्रवाई को कहा। इधर, प्रशासन ने डंपर स्वामियों से सोमवार तक स्टोन क्रशर्स एसोसिएशन से वार्ता के बाद समस्या के हल का आश्वासन दिया है। इसके बाद डंपर स्वामियों ने वाहनों के सरेंडर की योजना को फिलहाल सोमवार तक टाल दिया है। चेतावनी दी कि यदि इस अवधि में 29 रुपये प्रति क्विंटल के अनुसार भाड़ा नहीं मिला तो वाहन सरेंडर कर दिए जाएंगे।





> प्रशासन ने सोमवार तक समस्या के समाधान का आश्वासन दिया है, तब तक हड़ताल टाल दी गई है। स्टोन क्रशर्स को 29 रुपये प्रति क्विंटल भाड़ा देना होगा, 25 रुपये प्रति क्विंटल में बहुत परेशानी है। यदि प्रशासन की मध्यस्थता के बाद भी बात नहीं बनती हैं तो हम वाहनों को सरेंडर करने पर मजबूर होंगे। **-पम्मी सैफी**, अध्यक्ष गौल खनन संघर्ष समिति



> उपखनिज के भाड़े को लेकर विवाद चल रहा है। स्टोन क्रशर्स व डंपर स्वामियों से वार्ता की जाएगी। इसका हल निकाल दिया जाएगा। फिलहाल सोमवार तक का समय मांगा है, तब तक वाहन चलते रहेंगे। **-परितोष वर्मा**, एसडीएम हल्द्वानी

# डॉक्टर्स के अनुबंध खत्म, लौट रहे मरीज

संवाददाता, हल्द्वानी

- फरवरी में चार डॉक्टरों के अनुबंध हुए समाप्त, नई नियुक्तियां भी नहीं हुईं

**अमृत विचार :** बेस अस्पताल में चार डॉक्टरों के अनुबंध समाप्त होने और नई नियुक्ति न होने से मरीज परेशान हैं। यदि आचार संहिता लागू होने से पहले डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो मरीजों को लोकसभा चुनाव तक परेशान रहना पड़ेगा।

गर्मी धीरे-धीरे बढ़ने लगी है और इस मौसम में लोग ज्यादा बीमार पड़ते हैं। ऐसे में बेस अस्पताल में कार्यरत चार डॉक्टरों के अनुबंध समाप्त होने और नई नियुक्ति न होने से मरीजों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीती 29 फरवरी को 4 डॉक्टरों के अनुबंध समाप्त हो गए हैं इनमें अल्ट्रासाउंड, त्वचा, हड्डी और एनेस्थीसिया विभागों के डॉक्टर्स शामिल हैं लेकिन अभी तक नई नियुक्ति नहीं हुई है।

इधर, इन विभागों में डॉक्टरों की कमी का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। शनिवार को आवास विकास से आए सीनियर सिटीजन पदमा दत्त ने बताया कि हड्डी विभाग में डॉक्टरों की संख्या कम होने से उनका नंबर काफी देर से आया।

एक अन्य मरीज ने बताया कि उन्हें त्वचा से संबंधित शिकायत थी लेकिन पर्ची काउंटर से जानकारी मिली कि चर्म रोग का डॉक्टर ही नहीं है। जानकारी मिली कि त्वचा विशेषज्ञ डॉ. किरन केसी पिछले एक साल से यहां तैनात थी लेकिन अनुबंध समाप्ति के बाद अब वह यहां नहीं आती हैं। हालांकि, प्रतिदिन त्वचा रोग के 70-80 मरीज अस्पताल आ रहे हैं लेकिन डॉक्टर न होने से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।




त्वचा रोग कक्ष पर लगा ताला।

### बोले जिम्मेदार

> रिक्त पदों की भर्ती के लिए विभाग को पत्र लिखा गया है, जल्द नियुक्ति होने की उम्मीद है। **- डॉ. केके पांडे**, सीएमएस, बेस अस्पताल

उत्तराखण्ड शासन

सशक्त उत्तराखण्ड
समृद्ध उत्तराखण्ड



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

## पुष्कर सिंह धामी

मा. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के कर कमलों द्वारा

# कुल रु. 8275.51 करोड़ की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास का वर्चुअल कार्यक्रम

मा. मंत्री गण उत्तराखण्ड सरकार, मा. सांसद गण, मा. विधायक गण तथा राज्य के समस्त नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया जा रहा है।

## शिलान्यास एवं लोकार्पण

**शिलान्यास** — लगभग रु. 7227.36 करोड़

**लोकार्पण** — लगभग रु. 1048.15 करोड़

**दिनांक 10 मार्च, 2024 को प्रातः 10:30 बजे**
**स्थानः मुख्य सेवक सदन, देहरादून (मा. मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय)**

### शिलान्यास किये जाने वाली प्रमुख योजनायें

- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलेपमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 162.90 करोड़
- उत्तराखण्ड ईन्टीग्रेटेड एण्ड रेजिलिएन्ट अर्बन डेवलेपमेन्ट प्रोजेक्ट - एडिशनल फाइनेन्सिंग (ए.डी.बी.) - रु. 2163.37 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 373.20 करोड़
- उत्तराखण्ड लिवेबिलिटी इम्प्रूवमेन्ट प्रोजेक्ट (ए.डी.बी.) - रु. 240.25 करोड़
- "Interception & Diversion (I&D) and STPs for Muni ki Reti-Dhalwala (8.0 MLD STP), Neelkanth Mahadev (1.5 MLD STP), Jonk-Swargashram (3.0 MLD STP) at Uttarakhand" under Namami Gange Programme - Rs. 94.06 Crore
- 'I&D work of Rispana and Sewage Treatment Plant (15 MLD) work at Sapera Basti, Dehradun - Rs. 78.99 Crore
- 'Supplying, Laying, Jointing, Constructing, Testing and Commissioning of Sewerage Network, House Connections and Sewage pump station in Rishikesh (Zone GSZ-1, Zone PSZ-4A, Zone PSZ-4B, Zone PSZ-4C and Zone PSZ-5) under Package-5 - Rs. 183.68 Crore
- ए.डी.बी. द्वारा बाह्य सहायतित उत्तराखण्ड क्लाइमेट रिजिलिअन्ट पावर सिस्टम डैवलपमैन्ट प्रोजेक्ट के अन्तर्गत देहरादून शहर के प्रमुख मार्गों की उपरीगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत किये जाने का कार्य - 977.03 करोड़
- ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित रिवैम्प्ड रिस्ट्रिब्यूशन सैक्टर स्कीम (आर.डी.एस.एस.) के अन्तर्गत उत्तराखण्ड राज्य में एडवांस मीटरिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर सर्विस प्रोवाइडर के कार्य - रु. 2027.11 करोड़

### लोकार्पण किये जाने वाली योजनायें

- जनपद पिथौरागढ़ के विकास खण्ड धारचूला में काली नदी के दॉये पार्श्व पर स्थित घटगाड़ नाले से टैक्सी स्टैण्ड तक तटबन्ध सुदृढ़ीकरण की योजना (भाग-2 एवं भाग-3) (मा. मुख्यमंत्री घोषणा संख्या-64/2019) - रु. 91.83 करोड़
- नमामि गंगे कार्यक्रम के अन्तर्गत रिस्पना एवं बिन्दाल नदी में आई.एण्ड.डी. कार्य (केन्द्र पोषित) - 67.39 करोड़
- ऋषिकेश देहात पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 65.55 करोड़
- जीवनगढ़ पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 60.56 करोड़
- नथनपुर पम्पिंग पेयजल योजना (बाह्य सहायतित) - रु. 66.61 करोड़
- ढ़ालीपुर जल विद्युत परियोजना (3x17 मे.वा. का नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण) - रु. 152.65 करोड़

## आपकी गरिमामयी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी। www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

# 10 साल बाद बनी सड़क दो महीने में ही उखड़ी

## 900 मीटर के स्थान पर सिर्फ 600 मीटर ही बनाई गई थी, अधिकारी सारा ठीकरा ठेकेदार के सिर पर फोड़ रहे हैं

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** वार्ड- 55 में सुशीला तिवारी अस्पताल के पीछे से देवलचौड़ को जाने वाली सड़क की कहानी भी बड़ी दर्द भरी है। सालों तक यह अपने संवरने का इंतजार करती रही, बड़ी मुश्किल से आधी-अधूरी सड़क का निर्माण हो पाया, लेकिन 2 महीने में ही यह जगह-जगह से उखड़ गई है।

यह सड़क डहरिया आदि से होते हुए देवलचौड़ को जाती है, इसलिए शॉर्टकट व मुख्य मार्ग पर जाम से बचने के लिए हजारों लोग आए दिन इसका उपयोग करते हैं लेकिन पिछले 10 साल से भी ज्यादा समय से सड़क की हालत बेहद खस्ता होने के कारण इसके निर्माण की मांग लगातार उठती रही थी। पहले यह सड़क लोनिवि के पास थी लेकिन बजट का अभाव बताकर विभाग ने इसका निर्माण ही नहीं किया।

लोगों ने स्थानीय विधायक से शिकायत की तो उन्होंने नगर निगम को सड़क बनाने का प्रस्ताव दिया। नगर निगम ने लोनिवि के बनाए करीब 50 लाख रुपये के बजट के आधार पर सड़क निर्माण का काम शुरू कर दिया लेकिन इतने बजट में पनचक्की तक केवल 600 मीटर लंबी सड़क ही बन पाई, जबकि देवलचौड़ तक पूरी सड़क की लंबाई 900 मीटर है, जिससे 300 मीटर सड़क बनाई ही नहीं गई। लोगों ने बताया कि इतनी जल्दी सड़क टूटने का ठंड के दिनों में डामरीकरण करना है।

इसके अलावा, सड़क के किनारे बनी नालियों के पानी की समुचित निकासी की व्यवस्था न करने से वह पानी भी सड़क पर आ रहा है, जिससे सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इधर, नगर निगम के अधिकारी अपने को बचाने के लिए सारा ठीकरा सड़क बनाने वाले ठेकेदार के ऊपर डाल रहे हैं। उनका कहना है कि मौसम ठीक होने पर ठेकेदार को सड़क को सुधारने को कहा जाएगा।


सुशीला तिवारी अस्पताल के पास जर्जर सड़क से गुजरती स्कूटी सवार महिला। ● अमृत विचार

“ मामला सामने आया है। ठेकेदार को सड़क सुधारने के लिए कहा जाएगा, अभी उनकी पेमेंट नहीं हुई है। – **नवल नौटियाल**, एई, नगर निगम

### बोले लोग


“ आधी सड़क बनाई ही नहीं गई और जितनी बनी भी वह जगह–जगह से टूट गई है। पैदल चलने वालों को काफी परेशानी होती है।– **नवीन जोशी**, राहगीर


“ अभी तो यह सड़क बनी थी और अभी टूट भी गई। सालों से इसे बनाने की मांग थी लेकिन इसके बनने का कोई फायदा नहीं हुआ। – **ममता गुप्ता**, स्थानीय निवासी


“ कुछ समय पहले ही बनी इस सड़क में अब कई जगह गड्ढे व पानी भरा हुआ है, जिससे बाइक चलाने में दिक्कत होती है। – **कुलवीर सिंह**, बाइक सवार

## सार-संक्षेप

### सोनाक्षी शर्मा बनी हारमनी सीजन -2 की विजेता



**काशीपुर/रामनगर।** टाटा ग्रुप की एयरलाइन्स ‘विस्तारा’ की ओर से आयोजित एस्केपेड्स सीजन–2 गायन प्रतियोगिता के महिला वर्ग में काशीपुर की सोनाक्षी शर्मा देश भर के प्रतिभागियों से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद विजेता बनी। सोनाक्षी को पुरुष वर्ग के विजेता मेघालय के यशराज शाह के साथ विस्तारा एयरलाइंस के इस वर्ष का यात्रा गीत गाने का अवसर भी मिला, जिसे सुप्रसिद्ध संगीत निर्देशक देवेंद्र राठौर तथा संगीत व्यवस्थापक रूप कुमार महंता की देखरेख में यशराज स्टूडियो, मुंबई में रिकार्ड और फिल्माया गया। सोनाक्षी शर्मा स्थानीय आर्मी पब्लिक स्कूल, हेमपुर की छात्रा रहीं हैं। पंतनगर विश्वविद्यालय से स्वर्णपदक के साथ बीटेक तथा आईआईआईटी हैदराबाद से एमटेक करने वाली सोनाक्षी स्कूल और कॉलेज स्तर पर विभिन्न गायन प्रतियोगिताएं की विजेता रहीं हैं। इनकी मां डॉ. मालिनी शर्मा आर्मी पब्लिक स्कूल, हेमपुर की प्रधानाचार्य और कुशल गायिका हैं जिनके पूर्व में कई एल्बम निकल चुके हैं। सोनाक्षी के पिता मेजर मुनीशकांत काशीपुर के प्रसिद्ध शिक्षाविद हैं और उदयराज हिंदू इंटर कालेज के प्रधानाचार्य रह चुके हैं।

### भंडारे के साथ हुआ कथा का पारायण

**हल्द्वानी :** श्री चारधाम मंदिर, फतेहपुर में शनिवार को भंडारे के साथ भागवत कथा का पारायण हुआ, जिसमें हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इस दौरान व्यास कपिल देव महाराज ने कथा सुनाई। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रमोद पलडिया, जमन सिंह निगलटिया, गोपाल दत्त पड़लिया, नीरज तिवारी, लाखन निगलटिया, प्रधान कमल पड़लिया, भास्कर पड़लिया आदि उपस्थित रहे।


मतदान का संदेश देती एमबीपीजी कॉलेज के रोवर्स–रेंजर्स की टीम।

### चुनाव का पर्व देश का गर्व का संदेश दिया

**हल्द्वानी :** निपुण परीक्षा के लिए भोपालपानी, देहरादून जाने वाली एमबीपीजी कॉलेज की रोवर्स–रेंजर्स की टीम ने इससे पूर्व रिहर्सल के दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें रोवर्स एवं रेंजर्स ने आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने का संकल्प लिया व अपने परिजनों को भी मतदान केंद्र तक ले जाने की बात कही। प्रशिक्षक डॉ.गोविंद सिंह बोरा और स्वीप नैनीताल के सदस्य गौरी शंकर कांडपाल ने सभी को चुनाव का पर्व, देश का गर्व का संदेश देकर लोगों तथा युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। इस अवसर पर योगेंद्र नेगी, अनुज सिंह राणा, हेम चंद्र पांडे, देव जोशी, हिमानी, वंदना बिष्ट, दीक्षा जोशी, कविता आदि उपस्थित रहे।

### स्वच्छता को लेकर किया जागरूक

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज के एनएसएस शिविर का शनिवार को समापन हो गया। समापन से पहले स्वयंसेवियों ने प्राइमरी स्कूल पनियाली के बच्चों को स्वच्छता को लेकर जागरूक किया। स्वयंसेवियों ने कविताओं और कहानियों से बच्चों को बताया कि स्वच्छता के लिए विद्यार्थियों का पहला कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं के शरीर की सफाई रखें। प्रधानाचार्य और स्टाफ ने स्वयंसेवियों की सराहना की। समापन सत्र में गांव की नीला परवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं। गांव में महिला सशक्तिकरण के कार्यों को बढ़ावा दे रही महिला समूह को सम्मानित किया। दलनायक के रूप में शिवानी कार्की और किरन मौर्य को पुरुस्कृत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गार्गी पांडे, निष्ठा आर्या, पूजा बिष्ट और प्रिया जोशी को पुरस्कृत किया गया।

# होली खेलन कैसे जाऊं सखीरी हरि हाथन पिचकारी रहत...


पनचक्की चौराहे स्थित बैंक्वेट हॉल में आयोजित होली महोत्सव में झूमतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** पनचक्की चौराहे स्थित बैंक्वेट हॉल में शनिवार को कुमाऊं और ब्रज का होली महोत्सव हुआ। हरिशरणम जन और वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति ने होली महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में महिला संगीत समितियों की होली ने दर्शकों का मन मोह लिया। भजन गायक विवेक शर्मा के ब्रज होली के गीतों पर लोग खूब झूमे।

सुर साधना संगीत समिति लोहरियासाल ने कान्हा तझे जाने न दूंगी, जज फार्म समिति ने होली खेलन आये मथुरा के बांके, आदर्श महिला ग्रुप ने होली खेलन कैसे जाऊं सखी री हरि हाथन पिचकारी रहत और गोरी महेश्वर समिति की भावना पांडे व सदस्यों ने अवधपुरी होली खेलन आये मां अंजनी के लाल आदि गीतों से पूरा वातावरण होलीमय बना दिया। भजन गायक विवेक शर्मा ने सिद्धी को दाता विघ्न विनाशक होली खेलत गिरजापति नंदन गीत से होली गायकी की शुरूआत की। उन्होंने ब्रज की होली गीतों से सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

कार्यक्रम में फूलों की होली ने भी सभी का मन मोह लिया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ नागरिक जनकल्याण समिति की सदस्य प्रेमा जोशी और उनके साथियों ने होली गायन से किया। हरिशरणमजन के प्रमुख गोविंद दास भाईजी ने सभी उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी। उन्होंने सभी को समाज में फैल रही नशे की प्रवृत्ति से दूर रहने का संदेश दिया।

# नौ दंपतियों को समझाया पांच साथ रहने पर राजी

**काउंसिलिंग**

- पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एच्छिक ब्यूरो ने कराई काउंसलिंग
- तीन मामले पहुंचे कोर्ट, एक दंपति को मिली अगली तारीख

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** एच्छिक ब्यूरो ने नौ परिवारों की काउंसिलिंग कराई। पांच दंपति ने आपसी मतभेद मिटाकर साथ रहने का फैसला कर लिया, जबकि तीन दंपति के बीच सहमति नहीं बनी और वो कोर्ट पहुंच गए। एक परिवार को सुनवाई के लिए अगली तारीख दी गई है।

शनिवार को पुलिस बहुउद्देशीय भवन में एच्छिक ब्यूरो ने काउंसिलिंग कराई। एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा, महिला एवं चाइल्ड हेल्पलाइन प्रभारी एसआई लता खत्री, मनोचिकित्सक डॉ. युवराज पंत, सेवानिवृत्त संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा उत्तराखंड बहादुर सिंह, बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष राम सिंह बसेड़ा ने नौ परिवार के बीच चल रहे विवाद को काउंसलिंग के जरिये खत्म करने की कोशिश की।

पांच परिवारों का समझौता हो गया। तीन मामलों में बातचीत से मामला न सुलझने पर कोर्ट कार्रवाई के लिए बढ़ा दिया गया। एक मामले की सुनवाई के लिए अगली तारीख दी गई।


काउंसिलिंग के लिए एच्छिक ब्यूरो में पहुंचे दंपति। ● अमृत विचार


ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में प्रस्तुति देतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

# रंगारंग प्रस्तुतियों और होली गायन ने मोहा मन

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** गिरिजा बुटीक और महिला विकास संस्था नाबार्ड के सहयोग से ऊंचापुल स्थित रामलीला मैदान में होली शिवरात्रि उत्सव का आयोजन कर रही है। कार्यक्रम में शनिवार को रंगारंग प्रस्तुतियों और होली गायन ने सभी दर्शकों का मन मोहा। कार्यक्रम में लोगों ने हस्तशिल्प हथकरघा उत्पादों व समूह की ओर से तैयार जैविक खाद्य पदार्थ जैसे अचार, मुरब्बा, पहाड़ी दालें, बड़ी के साथ ही कुमाउनी टोपी व पिछौड़े, होली हर्बल कलर, चिप्स-पापड़ की जमकर खरीदारी की। संस्था अध्यक्ष गीता सत्यवली ने बताया कि उद्यमी स्वयं सहायता समूह की महिलाओं व कारीगरों को लोकल स्तर पर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हल्द्वानी में पहली बार नाबार्ड के सहयोग से होली शिवरात्रि उत्सव का आयोजन किया गया है। मनोरंजक कार्यक्रमों के साथ विभिन्न स्टॉलों से खरीददारी कर समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। नाबार्ड डीडीएम (जिला विकास प्रबंधक) नैनीताल मुकेश बेलवाल मेले को सफल बनाने में सहयोग कर रहे हैं। मुकेश बेलवाल ने बताया कि स्वयं सहायता समूह व कारीगरों के लिये समय-समय पर लोकल स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

# आईएएस विनोद गिरि गोस्वामी को पितृ शोक



**हल्द्वानी, अमृत विचार :** गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक विनोद गिरि गोस्वामी के पिता खुशाल गिरि गोस्वामी का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। वह 80 वर्ष के थे। ओखलकांडा ब्लाक के ग्राम ढ़ोली गांव के मूल निवासी खुशाल गिरि गोस्वामी आर्मी मेडिकल कोर से सूबेदार के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। कुछ दिनों पूर्व तबियत अधिक खराब हो जाने पर वह दिल्ली में भी भर्ती रहे थे। शुक्रवार को स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ। उन्होंने यहां गणपति विहार फेज–1 में अपने आवास पर अंतिम सांस ली। अंतिम संस्कार रविवार को उनके पैतृक गांव में किया जाएगा।

SAHAS Homeo
Homeopathic Clinic & Medical Store
साहस होम्यो मेडिकल स्टोर एवं क्लीनिक
जर्मन तथा सभी प्रकार के होम्योपैथिक व बायोकैमिक दवाईयों के विक्रेता
कुमाऊँ की सबसे पुरानी दुकान
30 वर्षों का भरोसा
होम्योपैथी के जरिये पाएं अपनी बीमारियों का इलाज
डॉ. यश पाण्डेय्
होम्योपैथिक फिजिशियन
बी.एच.एम.एस., जयपुर
Call for Appointment
9456727473
9410514531
चर्म रोग | गुर्दा रोग | पेट रोग
गुदा रोग | लिवर सम्बन्धी रोग
अन्य रोग • स्पॉन्डिलाइटिस • श्वास रोग • मोटापा • दमा • प्रोस्टेट • माइग्रेन • टान्सिल • एलर्जी • ब्रोनकाइटिस
बच्चों के रोग • पेट का दर्द • अपच • कान में संक्रमण / दर्द • खांसी • जुकाम • निमोनिया • बुखार • दांत निकलना
शनिवार अवकाश
साहस होम्यो क्लीनिक
निकट गुरुद्वारा, कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी

होम्योपैथिक हैल्थकेयर क्लीनिक
डॉ. गौरव बिष्ट
(बी.एच.एम.एस., एन.डी.डी.वाई.)
होम्योपैथिक फिजिशियन
होम्योपैथी एक सुरक्षित और प्राकृतिक चिकित्सा पद्धति है, जो बीमारी को दबाने के बजाय बिना किसी साइड इफेक्ट के उसे जड़ से खत्म करती है।
उपलब्ध सुविधायें :-
चर्म रोग
• मुंहासे, मस्से, स्किन एलर्जी
• सफेद दाग
• बालों का झड़ना, डैण्ड्रफ
नाक व श्वास के रोग
• अस्थमा, बार-बार जुकाम होना
• टॉसिल
• साइनस संबंधित रोग
पेट के रोग
• अपच, कब्ज, गैस
• अल्सर, आँत में सूजन
• फैटी लिवर
हड्डी के रोग
• जोड़ों का दर्द
• गठिया, सर्वाइकल
• कमर दर्द, साइटिका
मानसिक रोग
• माइग्रेन, सिरदर्द, मिर्गी के दौरे
• नींद न आना, डिप्रेशन, तनाव
बच्चों के रोग
• चिड़चिड़ापन, भूख न लगना
• दांत देरी से और दिक्कत से आना
• बिस्तर गीला करना
• बच्चे का विकास सही से न होना
पुरुष रोग
• प्रोस्टेट ग्रंथि की समस्यायें
• नपुंसकता, शीघ्रपतन
• वैरिकोसील
स्त्री रोग
• मासिक धर्म की अनियमितता
• सफेद पानी
• बच्चेदानी में गांठ, पीसीओडी
• बांझपन
अन्य जटिल रोग
• गुर्दे की पथरी, ब्लड प्रेशर पीलिया
• डायबिटीज, टाइफाइड बार-बार होना
• शरीर के किसी भी हिस्से में कमजोरी
• लकवा इत्यादि
क्लीनिक में आने का रास्ता
Chambal Pull Road · Dhamuadhunga Road · Panchakki Chauraha · Govt. High School Bamori · Dev Durga Banquet Hall · Lal Singh Colony · Shivalik Vihar · HOMOEOPATHIC CLINIC · Sacred Heart School · Bangari Chuna Bhatti · Laldanth Road · Mukhani Road · Matrix Hospital
बिना ऑपरेशन बवासीर, पथरी, शरीर में गांठ आदि जटिल बीमारियों का सफल इलाज
समय
सुबह 10:00 AM से 02:00 PM
सायं 05:00 PM से 08:00 PM
रविवार पूर्ण अवकाश
लालडांट रोड, शिवालिक विहार के सामने, निकट देवदुर्गा वैडिंग प्वाइंट, हल्द्वानी
7737269262

जोशी क्लीनिक
डॉ. संजय जोशी
B.A.M.S. (Lko)
N.D.D.Y.
C.K.S., C.Y.P.
वरिष्ठ आयुर्वेदिक फिजीशियन
(उदर एवं गुदा रोग विशेषज्ञ)
1. विशेषज्ञ चिकित्सा
पाइल्स (बवासीर)
फिस्चुला (भगंदर)
फिशर एवं पाइलोनिडल साइनस का इलाज विश्व प्रसिद्ध आयुर्वेदिक क्षार-सूत्र चिकित्सा द्वारा
2. आयुर्वेदिक रक्तमोक्षण चिकित्सा
Leech Therapy
(जलौका)
Cupping Therapy
रोग : सोरायसिस, चर्म रोग, जोड़ों के दर्द, माइग्रेन, वैरीकोज वेन, बालों का झड़ना, शरीर की गाँठ, न भरने वाले घाव
समय
प्रात: 10 बजे से 2 बजे तक
सायं 5:30 बजे से 8 बजे तक
शनिवार अवकाश
BOOK APPOINTMENT
Scan QR Code for More Details
कुसुमखेड़ा
निकट गैस गोदाम तिराहा, कालाढूंगी रोड
हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
M : 9412958478

॥श्री:॥
विश्वप्रांगण महाराष्ट्रीयन आयुर्वेद एवं पंचकर्म चिकित्सालय
Celebrating 10 Years Anniversary 2nd Feb 2023
SVP Ayurveda Clinic
उपलब्ध चिकित्सक
नाड़ी वैद्य राहुल गुप्ता
(BAMS, MD)
वैद्य अंकिता गुप्ता
(BAMS, MS)
उपलब्ध चिकित्सा
अल्सरेटिव कोलाइटिस · स्ट्रिक्चर यूरेथरा/किडनी रोग · नेत्र रोग · सफेद दाग · स्पाइनल समस्याएँ · बालों की समस्या · पाचन समस्याएँ · पोस्ट कोविड समस्याएँ · सर्दी खाँसी-दमा · सोरायसिस · थाइरायड समस्या · माइग्रेन/मानसिक रोग · स्पोर्ट्स इंजरी · इन्फर्टिलिटी · बच्चों के रोग · गॉल ब्लैडर स्टोन · सौंदर्य समस्याएँ · स्त्री रोग
सुविधायें
पंचकर्म
नाड़ि परीक्षण · गर्भ संस्कार · लीच थैरेपी · नेत्र तर्पण · उत्तर बस्ती · शिरोधारा · स्वर्ण प्राशन · पत्र पोट्टलि · अग्निकर्म
Google TOP RATED
7895372936
05946-222577
शनिवार पूर्ण अवकाश
मुखानी चौराहा, शिव मंदिर के पास, हल्द्वानी (उत्तराखण्ड)
For Online Consultation svpayurvedaclinic.com

## सार-संक्षेप



पेस पब्लिक स्कूल मोटाहल्दू में मॉडल दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

### विज्ञान प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए वर्किंग मॉडल

**हल्दूचौड़ :** पेस पब्लिक स्कूल मोटाहल्दू में अभिभावक संगोष्ठी, विज्ञान प्रदर्शनी और फूड स्टॉल का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रबंधक सीपी दुर्गापाल व प्रधानाचार्य सतीश चंद्र दुर्गापाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विज्ञान प्रदर्शनी में स्किल इंडिया की तर्ज पर चंद्रयान पर्यावरण संरक्षण, घरेलू सुरक्षा अग्निशामक यंत्र, गणित संगणक, मानव हृदय, मानव फेफड़े आदि अनेकों वर्किंग मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। विज्ञान प्रदर्शनी के उपरांत बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों के स्टॉल के साथ आर्ट एंड क्राफ्ट गैलरी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया।

### चार पेटी देसी और अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** कोतवाली पुलिस ने चार पेटी देसी और अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी अवैध रूप से शराब की बिक्री कर रहा था। चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट और उनकी टीम ने मुखबिर की सूचना पर ट्रांसपोर्ट नगर में नाकाबंदी की। चेकिंग के दौरान पुलिस ने संदिग्ध बाइक चालक को रोककर पूछताछ की तो उसने खुद को प्रेमपुर लोस्यानी निवासी हरिनंदन कश्यप पुत्र पूरन लाल कश्यप बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पुलिस को चार पेटी में अवैध रूप से ले जाई जा रही देसी और अवैध शराब के पव्वे बरामद हुए। देर शाम पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

### कविता प्रतियोगिता में प्रियांशी और पोस्टर में ज्योति प्रथम

**हल्द्वानी :** महिला डिग्री कॉलेज में संचालित क्यूरी प्रोजेक्ट के तहत महिला दिवस के अवसर पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का विषय इन्वेस्ट इन वूमन एक्सलरेट प्रोग्रेस था जिसमें कविता, पोस्टर प्रतियोगिता और पीपीटी के माध्यम से विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में महिलाओं के योगदान विषय पर व्याख्यान का आयोजित किया गया। कविता प्रतियोगिता में प्रियांशी प्रथम, आयुषी दूसरी और नंदिनी शर्मा तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में ज्योति भट्ट ने प्रथम, सिमरन कांडपाल ने दूसरा और आयुषी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। पीपीटी प्रेजेंटेशन में पहले स्थान पर तमन्ना भट्ट, प्रतिभा हरबोला दूसरे और तीसरे स्थान पर पूजा राना रही। क्यूरी प्रोजेक्ट की नोडल अधिकारी डॉ. तनुजा बिष्ट ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर छात्राएं, प्राध्यापक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

### डॉ. बीडी दानी के निधन पर शोक

**रामनगर :** राजकीय महाविद्यालय मालधन के प्रथम प्रधानाचार्य डॉ. बीडी दानी नहीं रहे।



डॉ बीड़ी दानी

लगभग 68 वर्षीय दानी काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। उन्होंने पुणे महाराष्ट्र में जीवन की अंतिम सांस ली। बता दें डॉ. दानी इन दिनों पुणे में अपने पुत्र यथार्थ के साथ रहकर अपना उपचार करवा रहे थे। पुणे में ही बीते दिवस उनके पुत्र, पुत्रियों व दोनों दामादों की मौजूदगी में उनका अंतिम संस्कार कर दिया। उनके निधन की खबर सुनकर महाविद्यालय मालधन में शोक सभा हुई। प्रभारी प्रधनाचार्य जीसी पन्त ने उनके निधन को शिक्षा जगत की अपूर्णीय क्षति बताया।




कामरेड मानसिंह पाल के स्मृति दिवस पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करते कार्यकर्ता।

### कॉमरेड मान सिंह पाल को दी श्रद्धांजलि

**लालकुआं :** दिवंगत कॉमरेड मान सिंह पाल की 9वीं स्मृति दिवस पर भाकपा (माले) के कार्यकर्ताओं ने बैठक की। उनको श्रद्धांजलि देकर पार्टी निर्माण में उनके योगदान और पार्टी के प्रति उनके समर्पण से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया।

भाकपा माले कार्यालय बिंदुखत्ता में पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि कॉमरेड मान सिंह पाल आजीवन आंदोलन और संघर्षों में रहे। श्रद्धांजलि सभा में राज्य कमेटी सदस्य आनंद नेगी, वरिष्ट नेता भुवन जोशी व आनंद सिजवाली, बिंदुखत्ता एरिया सचिव पुष्कर दुबड़िया, गोविंद जीना, विमला पाल, कमल जोशी, धीरज कुमार, त्रिलोक राम, किशन बघरी, त्रिलोक दानू, ललित मटियाली, ललित जोशी, त्रिलोक दानू, नैन सिंह कोरंगा, दौलत सिंह व कांग्रेस नेता गिरधर सिंह बम भी मौजूद रहे।

REQUIREMENT
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
Bareilly Ph. 0581-2526011-12
STAFF REQUIRED
Nursing Staff
Qualification : GNM/B.Sc. Nursing
OT Technician Sr. Staff
Qualification : Diploma/B.Sc. OT, Exp. Minimum 10 Years
Lab Technician (Blood Bank) Sr. Staff
Qualification : DMLT/BMLT, Exp. Minimum 4 years
Lab Technician
For Pathology, Micro Biology, Bio Chemistry
Qualification : DMLT/BMLT
Accountant
Qualification : B.Com, M.Com, Exp. Min. 1 year
Computer Operator
Qualification : Graduate Exp. Minimum 2 years
Salesman
Qualification : D.Pharma/B.Pharma
Salary as per norms
Contact
HR Office, Opp. IPD Reception, RMCH Campus, Bareilly
How to apply :- Send your resume
Mob. 9548624286
E-mail : hrrmch@gmail.com

# अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

संवाददाता, लालकुआं




लालकुआं में अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकालते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे नारी शक्ति वंधन कार्यक्रम को दिखावा बताया। बिन्दुखत्ता कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को काररोड चौराहे से धामी सरकार के खिलाफ कैंडल मार्च निकाल कर अंकिता भंडारी को न्याय देने की मांग की।

इससे पूर्व काररोड चौराहे पर स्थित नुक्कड़ सभा को संबोधित कर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम मात्र दिखावा व चुनाव से प्रेरित है उन्होंने कहा कि वाकई भाजपा नारी सम्मान की बात करती तो वह ऋषिकेश की अंकिता भंडारी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने के बजाय हत्याकांड में शामिल वीआईपी की गिरफ्तारी से बच रही है। उन्होंने कहा यही नहीं देशभर में भारतीय जनता पार्टी महिलाओं के साथ दुराचार करने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव का टिकट देकर महिलाओं का अपमान कर रही है। पुतला फूंकने वालों में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हरेंद्र बोरा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पुष्कर सिंह दानू, गिरधर सिंह बम, कुंदन मेहता, भुवन जोशी, राजेंद्र खनवाल, अमित बोरा, विजय सामंत, रमेश कुमार, आनंद सिंह नेगी, राजपाल आदि ने कैंडल मार्च में शिरकत की।

# पर्यावरण पर्यवेक्षक पद की शैक्षिक योग्यता का विरोध

संवाददाता, हल्द्वानी

> हम शैक्षिक योग्यता का विरोध करते हैं। हमारे समाज में साइंस से इंटर किए हुए गिने-चुने ही लोग मिलेंगे।
> - **राहत मासी**, अध्यक्ष, देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ

**अमृत विचार:** पर्यावरण पर्यवेक्षक पद की शैक्षिक योग्यता का नगर निगम के ज्यादातर सफाई कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों ने बताया कि पर्यावरण पर्यवेक्षक के लिए 2 साल का अनुभव व विज्ञान में 12वीं होना अनिवार्य है लेकिन वाल्मीकि समाज में इस स्तर तक पढ़ाई-लिखाई करने वाले इक्का-दुक्का लोग ही हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले स्थानीय निकायों में वरिष्ठता के आधार पर प्रभारी व कार्यवाहक को ही पर्यावरण पर्यवेक्षक नियुक्त किया जाता था।

देवभूमि उत्तराखंड सफाई कर्मचारी संघ के शाखा अध्यक्ष रवि कुमार चंडालिया बताया कि नगर निगम, हल्द्वानी में वर्तमान में करीब 30 प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षक सालों से कार्य कर रहे हैं और अपने प्रमोशन का इंतजार कर रहे थे लेकिन नया नियम लागू होने से उनका प्रमोशन नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि यह दशकों से कार्य कर रहे कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में निकाय कर्मचारियों की स्थिति अन्य राज्यों की अपेक्षा दयनीय है।

उन्होंने बताया कि नगर निगम के 35 वार्डों में ही कार्यवाहक पर्यावरण पर्यवेक्षक हैं, जबकि नए बने 25 वार्डों में यह पद खाली पड़ा है। बता दें कि बीते दिनों उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (यूकेपीएससी) ने राज्य में 55 पदों के लिए पर्यावरण पर्यवेक्षक और सहकारी पर्यवेक्षक परीक्षा-2023 का परिणाम घोषित कर दिया है।



भोजन माताओं को सम्मानित करते अधिकारी। ● अमृत विचार

## भोजन माताएं स्वच्छता व पौष्टिकता का ध्यान रखें

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार:** विकासखंड रामनगर की प्राथमिक, जूनियर हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट में कार्यरत विभिन्न विद्यालयों की 40 भोजन माताओं को प्रशिक्षण दिया गया।

प्रतिभागियों को संबोधित कर समग्र शिक्षा अभियान ब्लॉक समन्वयक मनोज तिवारी ने कहा कि भोजन माताओं के ऊपर बहुत महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्हें भोजन में स्वच्छता के साथ-साथ पोषण के मानकों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। प्रभारी समन्वयक संकुल जोगीपुरा सुरेश चौधरी के संचालन में आयोजित प्रशिक्षण में जनपद स्तर पाक कला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय पापड़ी की भोजन माता जानकी बिष्ट, ब्लाक रामनगर की भोजन प्रभारी रश्मि जोशी एवं संकुल जोगीपुरा के प्रभारी समन्वयक सुरेश चौधरी को सम्मानित किया गया।

ब्लॉक एमडीएम प्रभारी रश्मि जोशी की ओर से विद्यालय में किचन गार्डन के माध्यम से अधिकतम ताजी सब्जियों के प्रयोग विषय पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर शिव ओम अग्रवाल, प्रदीप रावत, कमलकांत पांडे, धर्म सिंह, लक्ष्मी देवी, मंजू देवी, कल्पना सक्सेना, मोहिनी देवी, मंजू रावत, शमा खान फरहीन, दीपा देवी, रागिनी ठाकुर, भगवती सुयाल, यशोदा आदि ने प्रशिक्षण में प्रतिभाग किया।

## टिन शेड में बोर्ड परीक्षा दे रहे छात्र

**हल्दूचौड़:** शिक्षा विभाग की उदासीनता से ऐसे विद्यालय को बोर्ड परीक्षा का केंद्र बना दिया गया, जहां का भवन ध्वस्त कर दिया गया है। ऐसे में विद्यार्थियों को टिन शेड में परीक्षा देने को मजबूर होना पड़ रहा है। हाईवे पर गुजरते वाहनों के शोर और उड़ती धूल से परीक्षार्थी परेशान हैं।

बरेली रोड स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मोतीनगर में 372 बच्चे बोर्ड परीक्षा दे रहे हैं। आठ स्कूलों के 224 छात्र हाईस्कूल और चार स्कूलों के 148 छात्र इंटर की परीक्षा दे रहे हैं। अगर तेज हवा चली या बारिश हुई तो छात्रों की परीक्षा में व्यवधान पैदा हो सकता है। स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाने से पहले शिक्षा विभाग ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। दरअसल हाईवे चौड़ीकरण के चलते 17 फरवरी को स्कूल के छह कक्षों को तोड़ दिया गया था। स्कूल की लगभग 2200 वर्ग मीटर जमीन हाईवे निर्माण में अधिग्रहित की गई है। हाईवे का निर्माण कर रही कंपनी ने यहां टिन शेड बना दिया था। बोर्ड की परीक्षा संपन्न होने के बाद दो कक्ष और तोड़े जाने हैं। वर्तमान में वाहनों के शोर और धूल के गुबार से परीक्षा में व्यवधान होने की बात चर्चा में है। स्कूल के कक्षों को तोड़ने की सूचना कार्यदायी संस्था ने शिक्षा महकमे को पहले ही दे दी थी।

# मुद्दों से ध्यान भटका रही भाजपा

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी



स्वराज आश्रम में वार्ता करते जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** राहुल गांधी के वादों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि राहुल गांधी ने जो वादे किए हैं, आने वाले चुनाव में भाजपा उससे उबर नहीं पाएगी।

शनिवार को स्वराज आश्रम में पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा, लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा मुद्दों से ध्यान भटका रही है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने ऐलान कर साबित कर दिया है कि कांग्रेस युवाओं के साथ है। युवाओं को जोड़कर राहुल गांधी ने करोड़ों परिवार में उम्मीद का दीप जला दिया है। कांग्रेस ने भर्ती भरोसा अभियान के तहत 30 लाख सरकारी नौकरी के खाली पड़े पदों को भरने का ऐलान किया है। पेपर लीक के बढ़ते मामलों को रोकने के लिए सरकार नया कानून लाएगी। पत्रकार वार्ता में पीसीसी सदस्य सतीश नैनवाल, नरेश अग्रवाल, गोविंद बगडवाल, हाजी सुहेल, मनोज शर्मा, प्रताप बर्गली मौजूद थे।

### सेना में भर्ती के लिए सही जानकारी का होना आवश्यक

**रामनगर :** सेना में भर्ती प्रक्रिया हेतु सही जानकारी का होना अतिआवश्यक है। यह बात बतौर मुख्य वक्ता कर्नल आदित्य मिश्रा ने कही। बता दें कि पीएनजी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामनगर में 79 यूके बटालियन एनसीसी इकाई द्वारा 'सेना में भर्ती की तैयारी कैसे करें' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता एआरओ अल्मोड़ा कर्नल आदित्य मिश्रा ने कैडेटों को अग्निवीर भर्ती की संपूर्ण जानकारी, डॉक्यूमेंट और फॉर्म भरते हुए की जाने वाली गलतियां, अग्निवीर भर्ती में फिजिकल गतिविधि के बाद एप्टीट्यूड व साइकोलॉजिकल टेस्ट के विषय में प्रशिक्षित किया। उन्होंने बताया कि इस प्रक्रिया को पास करने के बाद ही मेडिकल के अगले पड़ाव मे पहुंचेंगे। एनसीसी कैडेटों को स्पेशल एंट्री स्कीम समझा कर एसएसबी इंटरव्यू की जानकारी भी प्रदान की। उन्होंने फिजिकल के साथ साथ पढ़ाई को भी महत्व देने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य प्रोफेसर एमसी पाण्डे ने कैडेटों से भारतीय सेना के उच्च पदों पर भर्ती हेतु अथक परिश्रम एवं सत्यनिष्ठा से तैयारी करने की बात कही। एएनओ लेफ्टिनेंट डीएन जोशी ने मुख्य वक्ता का धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया। कार्यक्रम में सूबेदार मेजर राजेश पाल, अन्डर ऑफिसर सक्षम चौहान व श्रेया रावत सहित समस्त कैडेट मौजूद रहे।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

**सूचना**

मेरी हाईस्कूल की मुख्य परीक्षा सन् 2011, अनुक्रमांक 0108249 का अंकपत्र वास्तव में कहीं खो गया है। इसको मैंने किसी को दिया नहीं है और न ही कहीं जमा किया है।
- मंजू पुत्री श्री गोविंद सिंह, ग्राम उटियाँ, पो. धौलछीना, जिला अल्मोड़ा

# कॉर्बेट के लिए जिप्सियों का पंजीकरण

संवाददाता, रामनगर



कॉर्बेट में जिप्सियों का लॉटरी से पंजीयन करते अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** विश्व प्रसिद्ध कॉर्बेट नेशनल पार्क के विभिन्न पर्यटन जोनों में हर वर्ष लाखों की संख्या में देशी व विदेशी पर्यटक भ्रमण के लिए आते हैं। इन पर्यटकों को जिप्सी वाहनों के माध्यम से कॉर्बेट पार्क के अलग-अलग जोनों में भ्रमण कराया जाता है।

बता दें कि कॉर्बेट पार्क के इन सभी पर्यटन जोनों में 360 जिप्सी वाहनों का पंजीकरण किया जाता है। इस मामले में हाईकोर्ट में याचिका दायर करने वाले शिल्पेंद्र बंसल ने बताया कि उनके द्वारा परिवहन विभाग में अपने जिप्सी वाहनों का रजिस्ट्रेशन कराया गया था, लेकिन पार्क प्रशासन द्वारा उनके वाहन का रजिस्ट्रेशन अपने यहां नहीं किया गया था, उनका कहना है कि वर्ष 2016 में पार्क प्रशासन द्वारा पार्क के अंदर जिप्सी वाहनों का पंजीकरण लॉटरी प्रक्रिया से किया जाता था, लेकिन वर्तमान में पार्क प्रशासन ने इस प्रक्रिया को बंद कर दिया था।

मामले की सुनवाई कर हाईकोर्ट ने पार्क के अधिकारियों को लॉटरी प्रक्रिया के तहत जिप्सी वाहनों का पंजीकरण करने के आदेश दिए थे, जिसके क्रम में शनिवार को पार्क प्रशासन के अधिकारियों ने इस प्रक्रिया को पारदर्शिता के साथ कराने की कार्रवाई की। इस संबंध में पार्क के उपनिदेशक दिगांथ नायक ने बताया कि विभाग को पंजीकरण के लिए 396 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिसके क्रम में शनिवार को सभी जिप्सी स्वामियों व चालकों के समक्ष लॉटरी प्रक्रिया शुरू की गई जिसमें 36 जिप्सी वाहनों को इस प्रक्रिया से बाहर करते हुए 360 वाहनों को पंजीकृत किया गया है।



चारधाम मंदिर में भंडारे में उमड़ी भक्तों की भीड़। ● अमृत विचार

### हवन यज्ञ के बाद भंडारा

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** राजपुरा में प्राचीन हरि हर शिवालय में हवन यज्ञ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित राकेश त्रिपाठी ने पूजा-अर्चना की। इस मौके पर हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर सचिन गुप्ता, हेमंत साहू, नरेंद्र कुमार, मनीष वार्ष्णेय, चरन, मोनू, मनीष तिवारी, तरुण सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## भंडारे के साथ हुआ कथा का पारायण

**हल्द्वानी:** श्री चारधाम मंदिर, फतेहपुर में शनिवार को भंडारे के साथ भागवत कथा का पारायण हुआ, जिसमें हवन यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। इस दौरान व्यास कपिल देव महाराज ने कथा सुनाई। इस मौके पर मुख्य यजमान प्रमोद पलडिया, जमन सिंह निगलटिया, गोपाल दत्त पड़लिया, नीरज तिवारी, लाखन निगलटिया, प्रधान कमल पड़लिया, भास्कर पड़लिया, चंदन बृजवासी, प्रमोद बोरा, चंदन टनवाल, हेमंत भट्ट, पंकज जोशी, चंदन गयाल, गणेश जोशी आदि उपस्थित रहे।

अब घर बैठे आपके ज़ीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

दैनिक समाचार पत्र
कम खर्च, ज्यादा मुनाफा
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
आवश्यकता, सूचना, नाम परिवर्तन, खोया-पाया, संबंध विच्छेद, शिक्षा, मेडिकल, टावर, व्यापार, बिक्री, प्रोपर्टी, लोन, बिकाऊ, ज्योतिष, टूर एण्ड ट्रैवल्स, मशीनरी के क्लासीफाइड बुक कराने हेतु सम्पर्क करें।
साइज व रेट
साइज -----5cmX4cm / 500
साइज -----6cmX4cm / 600
स्कीम - 2+1, 5+3, 9+6, 15+15
अमृत विचार क्लासीफाइड
विज्ञापन प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
मो. 8077909468, 9837058539, 8954474523
नैनीताल : 6397067668, 8171371321, अल्मोड़ा : 9412962333
रूद्रपुर : 9837450888 काशीपुर : 8279474121, रामनगर : 9012387222
किच्छा : 9837777817, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 9837450888
काशीपुर : 8279474121, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### जिले में चार सीओ का तबादला, ओमप्रकाश बने सीओ पंतनगर

**रुद्रपुर।** एसएसपी ने चार क्षेत्र अधिकारियों का तबादला बरते हुए उनके कार्य क्षेत्रों को बदल दिया। जारी सूची के बाद सीओ सितारगंज को थाना पंतनगर इलाके का क्षेत्राधिकारी बनाया गया। शनिवार को एसएसपी मंजूनाथ टीसी द्वारा जारी सूची में सितारगंज-किच्छा के सीओ ओमप्रकाश शर्मा को थाना पंतनगर, पुलिस उपाधीक्षक बहादुर सिंह चौहान को सीओ सितारगंज एवं सीओ यातायात ऊधमसिंह नगर विमल रावत को क्षेत्राधिकारी खटीमा और अन्न राम आर्य को क्षेत्राधिकारी बाजपुर भेजा गया है। एसएसपी ने अधीनस्थों को तत्काल अपनी नवीन तैनाती में पहुंचने का आदेश दिया है। कहा कि अधिकारी चुनाव को लेकर तैयार रहें।

### जीबी पंत विश्वविद्यालय के 115वें अखिल किसान मेले का हुआ शुभारंभ, किसानों से जैविक खेती को अपनाने का किया आह्वान

# हरित क्रांति लाने में पंत विवि का अहम योगदानः राजपाल

संवाददाता, रुद्रपुर/पंतनगर

**अमृत विचारः** जीबी पंत विश्वविद्यालय के 115वें अखिल किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन विश्वविद्यालय के गांधी हाल में महिला सशक्तिकरण गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखंड कृषि आयोग के उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.ओपीएस नेगी, कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान, निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. जितेन्द्र क्वात्रा एवं निदेशक शोध डॉ.एएस नैन आदि थे।

शनिवार को मेले के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि राजपाल सिंह ने कहा किसान मेले में आकर उन्हें अलग ही अनुभूति प्राप्त होती है। इसका कारण विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की नयी सोच एवं परिश्रम से विकसित नई-नई तकनीकों का प्रदर्शन इस मेले में किया जाता है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग राज्यों से किसान पंतनगर बीजों को लेने आते हैं। विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की अथक प्रयासों से ही देश में हरित क्रांति की शुरुआत हुई और वैज्ञानिकों द्वारा विभिन्न प्रजातियों के बीज, नवीन तकनीक विकसित कर देश के किसानों तक पहुंचाया गया। किसानों को जैविक खेती करनी चाहिए जिससे पानी की बचत हो सके। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चलायी जा रही है


किसान मेले में महिला सशक्तिकरण स्टॉल का अवलोकन करते अतिथि। ● अमृत विचार

जिसका लाभ लेकर महिलाएं अपनी आय में वृद्धि कर सकती हैं।

विशिष्ट अतिथि डॉ. नेगी ने देश की महिलाओं को शिव शक्ति का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में 64 प्रतिशत कृषक महिला हैं और उनका योगदान 84 प्रतिशत है। उन्होंने कृषि में महिलाओं की भूमिका पूर्व से ही रही है। उन्होंने विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को मोटे की प्रजाति विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। वैज्ञानिकों को किसानों के लिए अच्छी उपज वाले बीजों का निमार्ण किया जाना चाहिए जिससे पहाड़ के किसान उन बीजों से असानी से उन्नत फसल प्राप्त कर सके।

कुलपति डॉ. मनमोहन सिंह चौहान ने महिला सशक्तिकरण पर बल देते हुए कहा कि महिलाएं घर की समस्त जिम्मेदारी के अलावा परिवार के दायित्वों का भी निर्वहन करती है और हर महिला में कुछ न कुछ करने की जिज्ञासा रहती है। इस अवसर पर डॉ. जितेंद्र क्वात्रा, कुलसचिव, अधिष्ठाता, निदेशक, संकाय सदस्य, बायोटेक भवन, हल्दी के निदेशक डॉ. संजय कुमार, विद्यार्थी समेत काफी संख्या में महिला किसान उपस्थित थे।

## दो भाइयों ने हमला कर युवक को किया घायल

**काशीपुर।** गांव के दबंग दो भाइयों ने एक युवक को सिर में लोहे की रॉड मारकर लहूलुहान कर दिया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

ग्राम छोटी बरखेड़ी निवासी अमरीक सिंह ने आईटीआई पुलिस को दी तहरीर में बताया कि बीती 4 मार्च को वह अपने गांव के बाहर खड़ा था। तभी गांव के ही बलविंदर सिंह व अमनजीत सिंह वहां आए और उक्त लोगों ने आते ही सिर पर लोहे की रॉड व मुंह पर हाथ का कड़ा मार पर उसे घायल कर दिया। इस हमले में उसके सिर में छह टांके आये। बताया कि लहूलुहान हालत में उसने अपने भाई को फोन किया। जिसने उसे मौके से ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया।

# एएनटीएफ व पुलिस ने अफीम के साथ दो भाई दबोचे

### थानाध्यक्ष दिनेशपुर अनिल जोशी और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान जाफरपुर मार्ग से पकड़े दोनों तस्कर

तस्करी

संवाददाता, रुद्रपुर

**05** लाख कीमत की 1.20 किलोग्राम अफीम बरामद, बाइक से कर रहे थे तस्करी एनडीपीएस में भेजा जेल

**अमृत विचारः** थाना दिनेशपुर और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने चेकिंग के दौरान जाफरपुर मार्ग पर बाइक सवार दो सगे भाइयों को लाखों की अफीम के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

शनिवार को खुलासा करती हुई आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर और एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडे ने बताया कि आगामी सामान्य निर्वाचन चुनाव को लेकर एएनटीएफ इलाके में गश्त कर रही थी। इस बीच सूचना मिली कि बाइक पर सवार दो युवक मादक पदार्थों की तस्करी करने की फिराक में हैं। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष दिनेशपुर अनिल जोशी और एएनटीएफ की संयुक्त टीम ने 8 मार्च की शाम को जाफरपुर मार्ग स्थित शराब के ठेका के पास चेकिंग अभियान शुरू कर दिया।

इसी दौरान बाइक संख्या यूके-06 एक्स-3715 पर सवार दो युवक पुलिस को देखकर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर कुछ ही दूर पर दोनों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम अमरजीत सिंह और जुझार सिंह निवासी वार्ड-तीन दिनेशपुर बताया। पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए दोनों युवक सगे भाई हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.20 किलोग्राम अफीम बरामद की। जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कीमत पांच लाख रुपये से अधिक आंकी गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस का मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।


अफीम तस्करी का खुलासा करती आईपीएस प्रशिक्षु एवं सीओ सदर निहारिका तोमर।

#### चर्चा जोरों पर आखिर कौन है संरक्षणकर्ता नेता

रुद्रपुर। 1.20 किलोग्राम अफीम की खेप के साथ पकड़े गए आरोपियों को कौन स्थानीय नेता संरक्षण देता है। इसकी चर्चा जोरों पर है। चर्चा है कि दिनेशपुर का ही एक दबंग नेता है जो अफीम तस्करी के आरोपियों का संरक्षणकर्ता माना जाता है। दबी जुबान में टीम ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने खुद कबूला कि उनको एक स्वतंत्र नेता का संरक्षण प्राप्त है। जिसकी चर्चा जोरों पर है।

## फैक्ट्रियों में काम करता था जुझार

**बनाया लती**

- कई कंपनियों में कर चुका है मजदूरी का कार्य
- बड़े भाई अमरजीत को भी जोड़ा धंधे में

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** अफीम की खेप के साथ पकड़ा गया आरोपी जुझार सिंह सिडकुल की कई फैक्ट्रियों में मजदूरी का कार्य कर चुका है और इसी कार्य के दौरान वह सहयोगी मजदूरों को अफीम का लती बनाता था और उसके बाद अफीम की सप्लाई करता था। यही कारण है कि आरोपी कार्य के दौरान अफीम के लती ग्राहकों की खोजबीन भी करता रहता था।

एएनटीएफ प्रभारी राजेश पांडेय ने बताया कि जब आरोपी जुझार से पूछताछ की तो आरोपी का कहना था कि वह सिडकुल की एक कंपनी में मजदूरी का कार्य करता है और इसके अलावा कई कंपनियों में कार्य कर छोड़ चुका है। उन्होंने बताया कि कार्य के दौरान ही वह अफीम के लती को खोजता था या फिर कंपनी श्रमिकों को अफीम का लती बनाने का प्रयास करता था। वह अफीम की खूबियां बताकर अफीम का लती बनाता था और जब लती बन जाता तो उसे अफीम लाकर महंगे दामों पर बेचता था।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि धंधा बढ़ाने और मुनाफा ज्यादा होने पर उसने अपने बड़े भाई अमरजीत सिंह को भी इस धंधे से जोड़ दिया। मगर बड़ा भाई फुटकर में अफीम की सप्लाई करता था।

उन्होंने बताया कि आरोपी पिछले कई सालों से अफीम की तस्करी करता है। आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

#### बडे भाई को बड़ी खेप की नहीं थी भनक

रुद्रपुर। लाखों कीमत की अफीम बरामद प्रकरण में यह बात सामने आई है कि जुझार सिंह ने अपने बड़े भाई अमरजीत सिंह को अफीम तस्करी के धंधे में जोड़ा और फुटकर अफीम बेचने के लिए मादक पदार्थ मुहैया कराता था। मगर शुक्रवार की शाम को आरोपी के बड़े भाई अमरजीत को इस बात का पता नहीं था कि छोटा भाई एक बड़ी खेप को सप्लाई करने की फिराक में है। पूछताछ में पता चला कि शाम के वक्त जुझार ने बड़े भाई को यह कह कर बाइक पर बिठाया कि किसी काम से बाजार जाना है। मगर जाफरपुर मार्ग पर दोनों भाई पकड़ लिए गए। बड़ी खेप की भनक नहीं होने की बात खुद अमरजीत ने पुलिस को बताई।

#### कौन है बंटी, अफीम का बड़ा सप्लायर

रुद्रपुर। अफीम की खेप के साथ पकड़े गए जुझार ने पूछताछ में बताया कि अफीम की इतनी बड़ी खेप वह बदायूं के रहने वाले प्रेम उर्फ बंटी से लाया था। बताया कि बंटी ही ऐसा शख्स है जो कम दामों पर सीमावर्ती इलाकों में अफीम की सप्लाई करवाता है। पूछताछ में एएनटीएफ की टीम को कई अहम जानकारी भी हाथ लगी है। जिसके आधार पर टीम जल्द बंटी की धरपकड़ की कार्रवाई कर सकती है।

## शहर में कार व बाइक चोरों का गिरोह सक्रिय

संवाददाता, रुद्रपुर

**अपराध**

- आदर्श कॉलोनी से हुई नई कार-बाइक चोरी
- पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शुरू की तलाश

**अमृत विचारः** शहर में इन दिनों नई कार और बाइक चुराने वाला गैंग सक्रिय हो गया है। पुलिस को चुनौती देते हुए आदर्श कॉलोनी चौकी इलाके से ऑटो लिफ्टर गैंग ने नई कार और बाइक को चुराकर दस्तक का एहसास कर दिया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार आदर्श कॉलोनी निवासी संजीव कुमार ने बताया कि उसने स्विफ्ट वीएक्सआई नई कार खरीदी थी। 4 जनवरी को कार घर के बाहर खड़ी की थी। 5 जनवरी की सुबह जब उठा तो देखा कि कार गायब है। काफी खोजबीन की। मगर कार का कोई सुराग नहीं लगा। कार स्वामी ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। इसके अलावा आदर्श कॉलोनी के ही रहने वाले निश्चय का कहना था कि शुक्रवार की शाम पांच बजे वह रोडवेज स्थित एक दुकान पर बैठा था और नई बाइक को लॉक कर बाहर खड़ी कर दी थी। थोड़ी देर बाद जब वापस आया तो देखा कि बाइक चोरी हो चुकी थी। काफी खोजबीन के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

पुलिस ने कार और बाइक स्वामियों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू कर दिया है। उधर, कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने बताया कि संबंधित चौकी प्रभारी को वाहन चोरों की तलाश के लिए लगा दिया गया है। सीसीटीवी कैमरों में कुछ संदिग्ध दिखाई दे रहे हैं। जल्द ही चोरी का खुलासा कर दिया जाएगा।

VARUN ARJUN UNIVERSITY
NH-2, Banthra, Shahjahanpur
Direct Admission Open for Session-2024-25
D. Pharm | B. Pharm
DMLT | X-Ray
Special Features
100% Placement, Qualified Faculty, Wi-Fi Campus
24 Hrs. Security, Light, Water, AC & Non AC Hostels
For any query Contact : Mr. Rajendra Gupta
Contact No. : 9455113105 (Calling Time - 10 AM to 6 PM)

# ट्रैक्टर पलटने से पूर्व प्रधान के बेटे की दर्दनाक मौत

हादसा

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचारः** गांगी गांव में ट्रैक्टर पलट जाने से ट्रैक्टर के नीचे दबकर पूर्व प्रधान का पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तुरंत नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।


उमेश कुमार।

गांगी निवासी पूर्व प्रधान चन्दीप प्रसाद का बड़ा बेटा उमेश कुमार (35) खेत में जुताई करने को कल्टीवेटर छोड़कर हैरो लेने जा रहा था कि ट्रैक्टर सड़क के किनारे पलट गया और वह ट्रैक्टर के नीचे दब गया। आसपास के खेतों में काम करने वाले दौड़े और ट्रैक्टर को हटाने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हुए। तत्काल दूसरा ट्रैक्टर मंगाकर ट्रैक्टर को हटाकर उमेश को बाहर निकाला गया। घायल का भाई मुकेश कुमार ने आनन फानन में घायल भाई को नागरिक अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सक सिमरनजीत सिंह ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। इधर अस्पताल में पहुंचे घर की महिलाओं में मौत की खबर लगते ही कोहराम मच गया। जिन्हें बमुश्किल शांत कर घर भेजा गया। उमेश कुमार अपने पीछे पत्नी कमला देवी, पुत्र राहुल कुमार (13), पुत्री जीवा (9) और आराध्या (5) साल को रोता बिलखता छोड़ गया है।


खटीमा में पूर्व प्रधान के पुत्र की मौत पर अस्पताल परिसर में रोते बिलखते परिजन।

#### फैक्ट्री में मशीन में चपेट में आने से मजदूर की मौत

काशीपुर। ड्यूटी पर कार्य करते समय एक मजदूर का हाथ मशीन की चपेट में आ गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर अवस्था में मजदूर को अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार मूल रूप से अमेठी, यूपी हाल मंगल बाजार, आलू फार्म निवासी दयाशंकर तिवारी पिछले कुछ समय से ठेकेदार के माध्यम से बाजपुर रोड स्थित एक फैक्ट्री में कार्य कर रहा था। शुक्रवार शाम को ड्यूटी के दौरान उसका एक हाथ मशीन की बेल्ट में आ गया। जिसमें वह बुरी तरह घायल हो गया। आनन-फानन में फैक्ट्री प्रबंधन ने उसे अस्पताल भिजवाया। जहां परीक्षण के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा उसे परिजनों को सौंप दिया है। मृतक अपने पीछे पत्नी व एक बच्चे को रोता-बिलखता छोड़ गया है। घटना से मृतक के घर में भी कोहराम मचा है।

विपक्ष मुद्दा विहीन, भाजपा होगी चार सौ पार : गंगवार
पेज 8 पर

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल , हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ , मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900 , 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084)
Rohilkhand Medical College & Hospital
Pilibhit Bypass Road, Bareilly

### बैठक — रुद्रपुर विस प्रभारी ने भाजपा मंडल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

# जनता को बताएं सरकार की योजनाएं : हर्बोला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचारः** रुद्रपुर विधानसभा प्रभारी प्रकाश हर्बोला ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर रुद्रपुर विधानसभा के उत्तरी मंडल एवं दक्षिणी मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने बूथों के सशक्तिकरण कार्यक्रम में क्या-क्या कार्य कार्यकर्ताओं की ओर से किये जा रहे हैं उसकी विस्तार से जानकारी ली।

शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय में बैठक के दौरान रुद्रपुर विधानसभा प्रभारी ने कार्यकर्ताओं से कहा की अपने-अपने बूथों में प्रभावशाली विशिष्ट व्यक्तियों से संपर्क करें और जानकारी लें। इसके अलावा घर-घर जाकर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से बताएं। लाभार्थियों से संपर्क करें और जिनको उन योजनाओं का लाभ मिल सकता है उनको लाभ दिलाएं। उन्होंने कहा कि चुनाव ही कार्यकर्ताओं की परीक्षा है उनके बूथों पर मिले हुए वोट ही उनकी कार्य क्षमता का आंकलन करते हैं। जितनी ज्यादा क्षमता होगी उसको उतना ही बड़ा दायित्व देने को पार्टी प्रयास करती है। इस अवसर पर भाजपा उत्तरी मंडल अध्यक्ष धीरज गुप्ता, दक्षिणी मंडल अध्यक्ष धरम सिंह कोहली, मंडल महामंत्री राधेश शर्मा, राजेश जग्गा, महिला मोर्चा अध्यक्ष माही सकलानी, ममता त्रिपाठी, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष भूप राम लोधी, एससी मोर्चा अध्यक्ष मदन दिवाकर, मंडल उपाध्यक्ष अनिता बजेठा, मनोज मदान, चंद्रपाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष नमन चावला, गोविंद शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष जग सोरन आदि मौजूद रहे।


रुद्रपुर मंडल के पदाधिकारियों के बैठक करते रुद्रपुर विस प्रभारी प्रकाश हर्बोला।

**निर्देश**

- बूथों में प्रभावशाली लोगों से संपर्क करें कार्यकर्ता
- योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर लें फीडबैक

## मजदूरी के लिए आये युवक की सड़क हादसे में मौत

**काशीपुर।** काशीपुर मजदूरी करने आये एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को पीलीभीत, यूपी निवासी 35 वर्षीय संजय यहां मजदूरी करने पहुंचा। वह पिछले कुछ सालों से यहां मजदूरी कर रहे अपने साथियों के कहने पर यहां आया था। देर शाम को वह अपने साथियों को धनौरी में सड़क किनारे खड़े होकर इंतजार कर रहा था। तभी एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। उधर मृतक का शव लेकर पीलीभीत के लिए रवाना हो गये हैं।

## एक नजर

### तमंचा व कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**काशीपुर।** कुंडा थाना पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान नया ढेला पुल स्थित बंद पड़े कोल्हू के पास से ग्राम बैलजूड़ी निवासी नूर हसन उर्फ लल्ला को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह नशे का आदी है तथा चोरी की फिराक में घूम रहा था। पुलिस ने आरोपी का आर्म्स एक्ट में चालान कर उसे कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई मनोहर चन्द व कांस्टेबल मनोज बोरा शामिल रहे।

### नुक्कड़ बैठक का आयोजन कर सुनीं समस्याएं

**काशीपुर।** खड़कपुर देवीपुरा के वार्ड नम्बर 9 में भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी जगवीर सिंह के निवास पर नुक्कड़ बैठक की गई। भाजपा के प्रदेश महामंत्री खिलेंद्र चौधरी ने वार्डवासियों की समस्याएं सुन उनका निवारण किया। इस दौरान राशन कार्ड बनाने का मुद्दा छाया रहा। यहां मंडल अध्यक्ष रजत सिद्धू, जिला महामंत्री मोहन बिष्ट, शुभम मेहरा, विजेंदर रहे।

### नगर में पहुंचे बरेली के सांसद संतोष गंगवार का भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से किया जोरदार स्वागत

# विपक्ष मुद्दा विहीन, भाजपा होगी चार सौ पार: गंगवार

संवाददता, किच्छा


किच्छा में सांसद संतोष गंगवार का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरेली लोकसभा से भाजपा सांसद व सहकारी उपक्रम संबंधी समिति (लोकसभा) सभापति संतोष गंगवार का किच्छा पहुंचने पर भाजपाइयों ने माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अजय पाल यादव के किच्छा बाइपास स्थित आवास पर मीडिया से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन मात्र दिखावे का गठबंधन है और लोकसभा चुनाव में देश की जनता इंडिया गठबंधन को पूरी तरह से नकार देगी और 400 से भी अधिक सीटें जीतकर भाजपा गठबंधन रिकॉर्ड बनाकर केंद्र में सरकार बनाएगी।

उन्होंने कहा कि भाजपा गठबंधन को अपना समर्थन देने का जनता ने मन बना लिया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है जबकि पूर्व की सरकारों ने स्वार्थ की राजनीति के तहत आम जनमानस को राहत देने की दिशा में कोई कार्य नहीं किया। वहीं दूसरी तरफ केंद्र की पीएम मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार आम जनमानस के हित में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर भारत में भाजपा का किसी विपक्षी दल से कोई मुकाबला नहीं है। मुद्दा विहीन हो चुका इंडिया गठबंधन केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने तक सीमित रह गया है। विपक्षी गठबंधन के पास देश हित में कोई योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि धारा 370, सर्जिकल स्ट्राइक, राम मंदिर, जनहित की योजनाओं आदि मुद्दों को लेकर जनता ने भाजपा के पक्ष में मतदान करने का मन बना लिया है। सांसद गंगवार ने कहा कि इंडी गठबंधन में एकता नहीं है और विपक्षी गठबंधन को देश की जनता 2024 के चुनाव में सबक सिखाने का काम करेगी।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि बरेली लोकसभा से इस बार 5 लाख से अधिक वोटों से भाजपा प्रत्याशी की जीत होगी और जल्द ही प्रत्याशी का ऐलान भी हो जाएगा। इससे पूर्व समाजसेवी अजय पाल यादव एवं भाजपा नेता लवी सहगल सहित तमाम भाजपाइयों ने फूल मालाएं पहनाकर सांसद गंगवार का जोरदार स्वागत किया। मौके पर बहेड़ी के पूर्व विधायक छत्रपाल गंगवार, खाद्य निगम के उत्तराखंड सलाहकार समिति सदस्य लवी सहगल, मनोज गंगवार, मनमोहन सक्सेना, पूरन भट्ट, मुकेश कोहली आदि मौजूद रहे।

# मांगों को लेकर धरने पर डटी रहीं आंगनबाड़ी वर्कर्स

### कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक उनकी सभी मांगें पूरी नहीं हो जातीं, आंदोलन जारी रहेगा, सरकार पर लगाया उपेक्षा का आरोप


गांधी पार्क में धरना देती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार


खटीमा में धरने पर बैठी आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां और सहायिकाएं। ● अमृत विचार

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** तीन सूत्रीय मांगों को लेकर पिछले कई दिनों से धरना दे रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना जारी है। इस दौरान कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक उनकी सभी मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

शनिवार को धरने के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से संगठन कर रहे हैं। लेकिन उनकी जायज मांगों की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जीओ जारी हो गया है, जबकि अन्य तीन मांग अभी तक पूरी नहीं की गयी है। इसको लेकर उनका आंदोलन जारी है। इस अवसर पर अनिता सिंह, उर्मिला मिश्रा, हर्षा लोहनी, सीता रानी, मीरा बोस, नीरू बाला, बबली विश्वास, शकुंतला, दयावती समेत कई लोग मौजूद रहे।

**मांग**

**▸▸ सेवानिवृति पर कार्यकर्ताओं को दो लाख रुपये देने की मांग**

न्यूनतम मजदूरी 18000 रुपये प्रतिमाह करने, सेवानिवृत्ति होने पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री को दो लाख रुपये देने, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को गोल्डन कार्ड देने और मिनी आंगनबाड़ी उच्चीकरण का जल्द शासनादेश जारी करने की मांग

### "हल्ला बोल- हल्ला बोल, 18 हजार का जीओ खोल..."

**खटीमा।** आंगनबाड़ी कार्यकत्री/सेविका, मिनी कर्मचारी संगठन ने बैनर तले कार्यकत्रियों का अपनी मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार कर दिया जा रहा धरना शनिवार को 20वें दिन जारी रहा। उन्होंने कहा कि मांगें पूरी न होने तक आंदोलन जारी रहेगा। बाल विकास परियोजना कार्यालय परिसर में धरना देते हुए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां "हल्ला बोल हल्ला बोल, 18 हजार का जीओ खोल...!" के नारे लगा रही थीं। उन्होंने कहा कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती उनका धरना जारी रहेगा। बता दें कि आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां 600 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से मानदेय 18 हजार रुपए मासिक करने के साथ ही 15 वर्ष की सेवा पूरी होने पर प्रति वर्ष मानदेय बढ़ाने, सेवानिवृति पर एकमुश्त दो लाख का प्रावधान करने, गोल्डन कार्ड जारी करने, सरकारी योजनाओं का लाभ देने, मृतक आश्रित सुविधा लागू करने जैसी मांगों को लेकर लंबे समय से आंदोलनरत हैं। 19 फरवरी से कार्य बहिष्कार कर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय के सामने धरना दे रही हैं।


यूकेडी की जागरूकता रैली को लेकर समर्थन देते पूर्व सैनिक संगठन। ● अमृत विचार

# यूकेडी आज निकालेगी जागरूकता रैली

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में भू कानून और मूल निवास के मुद्दे पर जगह-जगह आंदोलन चलाया जा रहा है। जिसको लेकर रविवार को उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) भी एक जागरूकता रैली निकालेगी। यूकेडी की रैली का पूर्व सैनिक संगठनों ने समर्थन किया है। उक्त जानकारी देते हुए पार्टी के जिलाध्यक्ष जगदीश चन्द्र बौड़ाई व चंपावत प्रभारी और काशीपुर से विधायक प्रत्याशी रहे शिव सिंह रावत ने बताया कि रविवार को आयोजित होने वाली इस रैली में हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बताया कि प्रदेश के अस्तित्व और अस्मिता को बचाने के लिए इस जागरूकता रैली का आयोजन किया जा रहा है। जन जागरूकता रैली गोली चौक, चामुंडा परिसर के पीछे से उप जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगी।

# चुनाव से संबंधित जानकारी दी

संवाददाता, खटीमा


खटीमा में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक लेते एसडीएम बिष्ट।

**अमृत विचार:** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत उपजिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने विधानसभा खटीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

उप जिलाधिकारी कार्यालय पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा शीघ्र ही आदर्श आचार संहिता लागू कर दी जाएगी। जिसके साथ ही प्रशासन द्वारा समस्त सरकारी संपत्तियों पर लगे राजनैतिक दलों के होर्डिंग, पोस्टर हटवाने की कारवाई की जाएगी। एसडीएम बिष्ट ने बताया कि वर्तमान में विधानसभा क्षेत्र में कुल 132 मतदेय स्थल हैं। यह भी कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर सी विजील एप में शिकायत की जा सकती है जिसका एफसीटी टीम द्वारा त्वरित निदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मतदान तिथि के एक दिन पूर्व पोलिंग पार्टियों को मशीन वितरित करने के पश्चात सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को आवंटित मशीनों को उप जिलाधिकारी कार्यालय में बने स्ट्रांग रूम में रखा जाएगा और मतदान तिथि को उक्त मशीन राजनीतिक दलों के अभिकर्ताओं की उपस्थिति में जोनल एवं सेक्टर ऑफिसर को वितरित की जाएगी।

बैठक में रमेश चंद जोशी, रवीश भटनागर, रमेश सिंह राणा, डॉ. एम इलियास सिद्दीकी उपस्थित रहे।

**बैंकिंग** उत्तराखंड में बैंक की यह पहली शाखा, बरेली के सांसद संतोष गंगवार व किच्छा विधायक बेहड़ ने किया उद्घाटन

# अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक बरेली की शाखा किच्छा में शुरू

संवाददाता, किच्छा


किच्छा में बैंक के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों के साथ गणमान्य लोग।

**अमृत विचार:** उत्तराखंड में अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड (बरेली) की पहली शाखा का उद्घाटन मुख्य अतिथि बरेली सांसद संतोष कुमार गंगवार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रेनू गंगवार तथा किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस मौके पर सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि अर्बन बैंक का पूरे देश में अच्छी साख है। उन्होंने कहा कि अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड बरेली विगत 25 वर्षों से यूपी के बरेली में ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दे रहा है तथा बैंक के मुनाफे में भी बढ़ोतरी हुई है। सांसद गंगवार ने कहा कि अर्बन बैंक के मुनाफे और कार्य से प्रभावित होकर भारत सरकार ने अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक को मल्टी स्टेट का दर्जा दे दिया है। उसी के तहत अब यूपी से बाहर निकलकर उत्तराखंड के किच्छा में पहली ब्रांच खोली गई है। उन्होंने कहा कि जब से अमित शाह सहकारिता मंत्री बने हैं, उनके द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किया गया है। उन्होंने कहा कि अन्य बैंकों की अपेक्षा वर्ष के 365 दिन बैंक कार्य करने का लक्ष्य रखा गया है ताकि आम जनता को दिक्कतों का सामना ना करना पड़े। उन्होंने कहा कि ग्राहकों को बेहतर सेवाएं दी जाएंगी।

शाखा प्रबंधक अंशुल अग्रवाल ने बताया कि ग्राहकों को बेहतर सुविधाएं एवं सरकारी योजनाओं का लाभ देने की दिशा में कार्य किया जाएगा। इससे पूर्व शाखा प्रबंधक अंशुल अग्रवाल के नेतृत्व में बैंक कर्मचारियों ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पश्चात सांसद संतोष गंगवार बैंक डायरेक्टर खुशबू आयलानी के आवास पर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उनके कुशल क्षेम जाना। मौके पर बैंक समिति अध्यक्ष सौभाग्य गंगवार, प्रबंध निदेशक श्रीपाल कश्यप, खाद्य निगम के उत्तराखंड सलाहकार समिति सदस्य लवी सहगल, व्यापार मंडल महामंत्री विजय अरोड़ा, कोषाध्यक्ष नितिन फुटेला, विजयपाल यादव, सुरेश गंगवार, व्यापारी नेता गुलशन सिंधी, प्रीतम आयलानी, दिनेश भाटिया, राकेश गुप्ता, धर्मेंद्र आयलानी, जगरूप सिंह गोल्डी, पंकज गंगवार, दलीप आयलानी, पंकज पपनेजा, सुमित तनेजा, परमजीत सिंह ओबरॉय, वीरेंद्र गंगवार, सुरेश चंद, राम अवतार, मेवाराम गंगवार, बनवारी लाल, मेवाराम गंगवार, सागर अग्रवाल, रामप्यारी गंगवार आदि मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष के चेक बांटे

**काशीपुर।** विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त 75 हजार रुपये के चेक वितरित किये। शनिवार को रामनगर रोड स्थित विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने अपने कार्यालय में मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्राप्त चेक चार जरूरतमंदों को दिए। जिसमें गिन्नीखेड़ा निवासी जसबीर कौर एवं खड़कपुरदेवीपुरा निवासी सीमा को पुत्री की शादी की लिए 25-25 हजार रुपये के चेक दिए। कटरामालियान निवासी रामअवतार को 10 हजार व प्रभु विहार निवासी सुरेश सिंह को 15 हजार रुपये के चेक वितरित किए गए। विधायक चीमा ने कहा कि जरूरतमंद परिवारों को सरकार के स्तर से मिलने वाली हर संभव सहायता दिलाए जाने के लिए उनका प्रयास जारी रहेगा।

## सार-संक्षेप

### गंगे बाबा मंदिर में देश की खुशहाली को किया रुद्राभिषेक


गंगेबाबा मंदिर में जलाभिषेक करते महंत।

**काशीपुर।** काशीपुर के गंगे बाबा रोड स्थित प्राचीन तपोभूमि श्री गंगे बाबा उदासीनी अखाड़ा आश्रम (मंदिर) के महंत बाबा लखन दास जी की देखरेख में शिवरात्रि पर्व के अवसर पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर दूरदराज अपने गंतव्य को जाने वाले कांवड़ियों के लिए तीन दिवसीय विशाल भंडारे व कांवड़ियों के विश्राम करने की व्यवस्था रही। वहीं महाशिवरात्रि की रात्रि मंदिर परिसर में 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा नगर व देश की खुशहाली के लिए रुद्राभिषेक किया गया। इस दौरान तीन दिन तक भंडारे का आयोजन भी किया गया। महाशिवरात्रि की शाम को नगर व देश की खुशहाली व समृद्धि के लिए 11 विद्वान ब्राह्मणों द्वारा रुद्राभिषेक किया गया। आयोजन में राजेश शर्मा, शिवओम शर्मा, वेद प्रकाश विद्यार्थी भैया, रामनरेश, पंडित केवड़ा नन्द, आनन्द, राममुनि महाराज, विनय कुमार, कमल भटनागर, नीलम अग्रवाल, बीना शर्मा, हरिओम आदि ने सहयोग दिया।


निर्माणाधीन खड़ंजे का निरीक्षण करते पूर्व मंडी अध्यक्ष नंदन सिंह खड़ायत।

### निर्माणाधीन खडंजे का किया निरीक्षण

**खटीमा।** कृषि उत्पादन मंडी समिति खटीमा द्वारा ग्राम बग्गा चौवन में 14 लाख की लागत से निर्माणाधीन 350 मीटर खड़ंजे के निर्माण का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बातचीत करते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान हेतु घर-घर जाकर संपर्क करने को कहा गया। यह भी कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा जो लक्ष्य दिया गया है कि प्रत्येक लोकसभा सीट पांच लाख मतों से जितनी है। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर से आने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 400 लक्ष्य प्राप्त करने के लिए बूथ बूथ में जाकर आम जनता का जागरूक करेगी। इस अवसर पर भाजपा नौसर मंडल की महामंत्री मोहन गोपाल, सफल, शुभम, सुदामा, त्रिभुवन, गणेश, आशीष आदि थे।

### स्काइनेट कंप्यूटर को मिला सर्वश्रेष्ठ संस्थान का अवार्ड


पुरस्कार प्राप्त करते स्काइनेट कंप्यूटर के संस्थापक नरेंद्र गंगवार।

**शक्तिफार्म।** उत्तराखंड के एकमात्र शिक्षण संस्थान स्काइनेट कंप्यूटर को भारत पे के फाउंडर द्वारा सर्वश्रेष्ठ संस्थान अवार्ड से नवाजा गया। हाल ही में मुंबई के कोहिनूर कॉन्टिनेंटल होटल में डिजिटल इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी एंड रिसर्च फॉर प्रोफेशनल (डीआईटीआरपी) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भारत पे के फाउंडर अश्नीर ग्रोवर ने स्काइनेट कंप्यूटर को सर्वश्रेष्ठ संस्थान अवार्ड से नवाजा। स्काइनेट कंप्यूटर के संस्थापक नरेंद्र गंगवार बताया कि पिछले कई वर्षों से स्काइनेट कंप्यूटर शक्तिफार्म के बच्चों को डिजिटल साक्षरता प्रदान करने में एक अग्रणी भूमिका निभा रहा है। जिसके चलते उन्हें यह उपलब्धि हासिल हुई और उनके संस्थान को सर्वश्रेष्ठ संस्थान अवार्ड से पुरस्कृत किया गया। उन्होंने बताया कि पहले भी उनके संस्थान को आईटी सेक्टर में पुरस्कृत किया जा चुका है।

### बिजली विभाग ने कैंप लगाकर डेढ़ लाख बिल वसूला

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर दो पंचायत भवन में विद्युत विभाग ने एसडीओ किच्छा दिनेश चंद गुरुरानी के नेतृत्व में शिविर लगाकर करीब डेढ़ लाख के बकाया विद्युत बिलों की वसूली की। शिविर में एसडीओ गुरुरानी ने करीब दो दर्जन बिलों में संशोधन तथा आधा दर्जन उपभेक्ताओं को नए कनेक्शन वितरित किए। उन्होंने अपने अधीनस्थ अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्र में नए बिजली कनेक्शन की फाइलों तथा बिल संशोधन की फाइलों का त्वरित गति से निपटारा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बकाया बिजली बिलों की वसूली एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान के लिए इस प्रकार के कैंप समय-समय पर भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे। शिविर में जेई प्रदीप सिंह खाती, लेखा अधिकारी सचिन कुमार, दिनेश चंद्र ध्यानी, खीमानंद त्रिपाठी, प्रधान चंद्रकला बिशन कोरंगा, प्रभुदत्त जोशी, कर्नल (रि.) आरपी जोशी, पूरन लाल वर्मा आदि मौजूद रहे।

### मेड़ काटने से रोकने पर फावड़े से किया घायल

**खटीमा।** पुलिस ने खेत की मेड़ काटने को लेकर हुए हुई मारपीट में एक युवक को घायल करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस को सौंपी तहरीर में मझोला निवासी वीरपाल ने बताया है कि 7 मार्च को वह अपने खेत पर गया तो देखा खेत की मेड़ गांव का ही पुत्तूलाल काट रहा है। जब उसने मेड़ काटने का विरोध किया तो उसने फावड़ा चला दिया जिससे सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। जिसे देख आरोपी जान से मारने की धमकी देता हुआ फरार हो गया। पुलिस ने इस मामले में मझोला निवासी पुत्तूलाल के खिलाफ धारा 323/504/506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


आंचल की नई दुग्ध समिति के शुभारंभ पर बोलते दुग्ध संघ निदेशक इन्दर मेहता।

### शांतिपुरी में आंचल ने किया नई दुग्ध समिति का शुभारंभ

**शांतिपुरी।** शांतिपुरी नंबर चार शिवनगर में उधमसिंहनगर दुग्ध संघ ने करीब दो दर्जन से अधिक नए पशुपालकों को जोड़कर आंचल की नई दुग्ध समिति का शुभारंभ किया। नवनिर्वाचित दुग्धसंघ निदेशक इन्दर मेहता ने फीता काट कर नई दुग्ध समिति का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने दुग्ध उत्पादकों को संबोधित करते हुए उन्हें डेयरी के माध्यम से केसीसी कार्ड, साइलेज व भूसे पर 75 प्रतिशत सब्सिडी, सरकार के माध्यम से चार प्रतिशत अतिरिक्त एरियर तथा छूट पर पशु आहार व मिनरल्स आदि का लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक संख्या में सरकारी आंचल डेयरी से जुड़ने की अपील की। मेहता ने कहा कि आंचल दुग्ध संघ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम धामी के महिला सशक्तीकरण की थीम को आगे बढ़ाते हुए डेयरी के माध्यम से महिलाओं के लिए तमाम रोजगार परक योजनाओं में सब्सिडी दे रही है। जिसका महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठाना चाहिए। डेयरी के शुभारंभ पर समिति अध्यक्ष मालती देवी, सचिव रमेश राम, पूर्व डारेक्टर नेत्र सिंह देउपा, नवीन टाकुली, कुदन दानू, मोहन कोरंगा, खड़क राम, पवन सिंह, बच्ची राम, पुष्पा देवी, लीला देवी, किरन पाल, मालती देवी, भावना देवी, चंद्रा देवी, गोबिन्दी देवी, देवकी देवी आदि मौजूद रहे।

# स्ट्रांग रूम व मंडी परिसर में लगाएं सीसी कैमरे

## डीएम ने स्ट्रांग रूम के निरीक्षण किया, ईवीएम व वीवीपैट को धूप, गर्मी व चूहों से बचाने के उपाय करने के निर्देश

निरीक्षण

संवाददाता, रुद्रपुर



बगवाड़ा में स्ट्राॅग रूम परिसर का नक्शा देखते एसएसपी मंजूनाथ टीसी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी उदय राज सिंह ने बगवाड़ा मंडी पहुंचकर प्रस्तावित स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उत्तराखंड मंडी परिषद की महाप्रबंधक (प्रशासन) को मंडी के सभी व्यापारियों को समय से नोटिस जारी करें। ताकि निर्धारित समय से बिना किसी परेशानी के वे अपने कार्यों को मैनेज कर लें। जिससे उनको किसी तरह की कोई परेशानी न हो।

शनिवार को निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम व वीवीपैट को धूप, गर्मी, सीलन व चूहों से बचाने के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। स्ट्रांग रूम व मंडी परिसर में सीसीटीवी कैमरे आवश्यकतानुसार पर्याप्त मात्रा में लगाए जाएं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विधानसभावार पोलिंग पार्टियों के लिए व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता लोनिवि को निर्देश दिए कि पूरे प्लान की पुनः जांच कर सभी आवश्यक कार्य को समय पर पूर्ण किया जाए।

उन्होंने कहा कि फायर, लाइटिंग, पानी, स्वास्थ्य आदि सभी सुविधाएं दुरुस्त रखें। इसमें इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि महिला, पुरुष एवं दिव्यांगजनों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था की जाए। साथ ही पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करें। इस अवसर पर सीडीओ मनीष कुमार, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, एएसपी मनोज कत्याल, उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्र, अभय प्रताप सिंह, गौरव चटवाल, जीएम मंडी परिषद निर्मला बिष्ट, सीओ निहारिका तोमर, नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल, एसएनए शिप्रा, अधिशासी अभियंता लोनिवि पीसी पंत, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरुण शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### स्ट्रांग रूम में किए जाएं सुरक्षा के पुख्ता इंतजामः एसएसपी

**रुद्रपुर।** एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने बगवाड़ा स्थित स्ट्रांग रूम का मौका मुआयना किया और अधीनस्थों को मतगणना स्थल की अचूक सुरक्षा व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। बगवाड़ा परिसर के नक्शे को देखने के बाद उन्होंने ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जहां कोई भी व्यक्ति आसानी से स्ट्रांग रूप तक नहीं पहुंच पाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा वार स्ट्रांग रूम के बाहर पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती रहेगी और मतगणना के वक्त अनुमति पत्र के साथ ही राजनीतिक दलों के एजेंट मौजूद रहेंगे। इसके अलावा बाहरी व्यक्ति का मतगणना स्थल पर रहना प्रतिबंधित रहेगा। मतदान समाप्ति के बाद कड़ी सुरक्षा के साथ पोलिंग पार्टियां ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करेंगी। इसके लिए भी अर्द्धसैनिक बल के जवानों की तैनाती रहेगी। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर एसपी सिटी मनोज कत्याल, सीओ निहारिका तोमर के अलावा निर्वाचन कर्मचारी मौजूद रहे।

## रेलवे क्रासिंग के पास मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**काशीपुर।** रामनगर रोड रेलवे क्रासिंग के समीप शनिवार सुबह रेल लाइन के किनारे लावारिस शव बरामद हुआ। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस को शनिवार सुबह रामनगर रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के पास एक शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। बाद में पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया और शव का फोटो शिनाख्त के लिए सभी चौकी व थानों सहित सोशल मीडिया में वायरल किया है। उधर तीन दिन पूर्व रोडवेज बस स्टेशन के पास एक वृद्ध का पुलिस को शव मिला था। जिसकी शिनाख्त नहीं होने पर पुलिस ने शव का नियमानुसार अंतिम संस्कार कर दिया। कटोराताल चौकी प्रभारी विपुल जोशी ने बताया कि रामनगर रोड स्थित रेलवे क्रासिंग के पास बरामद शव की शिनाख्त की जा रही है। वहीं तीन दिन पूर्व मिले शव की शिनाख्त नहीं होने पर नियमानुसार उसका अंतिम संस्कार कर दिया है। शव की शिनाख्त के लिए उसका रिकार्ड सुरक्षित रखा गया है।

# पुलिस को कैफे में मिली अनियमितता



मॉल में स्थित एक कैफे में निरीक्षण करती पुलिस। ● अमृत विचार

संवाददाता, काशीपुर

कार्रवाई

- युवक व युवतियां संदिग्ध हालात में मिली बैठने पर किया चालान
- पुलिस टीम के पहुंचने पर कैफे संचालक हुआ फरार

**अमृत विचार:** एक केस के सिलसिले में रतन सिनेमा रोड स्थित एक मॉल में पहुंची पुलिस को वहां संचालित कैफे में तीन युवतियां और दो युवक संदिग्ध परिस्थिति में बैठे नजर आये। जिन्हे पुलिस पकड़कर कोतवाली ले आई। जहां उनका चालान कर उनको कड़ी हिदायत देकर छोड़ दिया। कैफे में पुलिस को कुछ अनियमितताएं भी मिली है। उधर कैफे संचालक मौके से फरार हो गया।

शनिवार को एसआई नीमा बोहरा अपनी टीम के साथ किसी केस के सिलसिले में रतन सिनेमा रोड स्थित मॉल में एक कैफे पर पहुंच थी। जहां पुलिस को एक तीन युवतियां व दो युवक संदिग्ध स्थिति में बैठे नजर आये। जिन्हे पुलिस ने पकड़ लिया और कोतवाली ले आई। उधर कैफे संचालक पुलिस को देख मौके से भाग गया। कैफे में पुलिस को कुछ अनियमितताएं भी मिली। मौके पर पहुंचे कटोराताल चौकी प्रभारी ने बताया कि पकड़े गये युवक व युवतियों को कड़ी हिदायत देकर चालानी कार्यवाही के बाद छोड़ दिया है। उन्होंने बताया कि कैफे में कुछ अनियमितताएं भी मिली है। कैफे संचालक फरार है। जिसको पुलिस तलाश रही है।

# बिजली विभाग व विजिलेंस ने पकड़ी बिजली चोरी, केस दर्ज

संवाददाता, बाजपुर



**अमृत विचार:** विद्युत विभाग व विजिलेंस की संयुक्त टीम ने बिजली चोरी रोकने के लिए बन्नाखेड़ा क्षेत्र में छापेमारी कर संयोजनों की जांच की। इस दौरान चार घरों में 2.343 किलोवाट बिजली का उपयोग चोरी से होता पाया गया। इन सभी के विरुद्ध कोतवाली में अलग-अलग मुकदमा दर्ज करवाया गया है।

विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता विवेक कांडपाल ने बताया कि बन्नाखेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम रेंहटा में छापेमारी कर अनेक घरों में संयोजनों की जांच की गई। इस दौरान जसपाल सिंह पुत्र मोहन सिंह के घर 0.999 किलोवाट, सुरेश सिंह पुत्र बीरबल सिंह के यहां 0.721 किलोवाट, बबलू पुत्र बीखल सिंह के आवास पर 0.523 किलोवाट, सागर सिंह पुत्र नत्था सिंह के घर पर 0.100 किलोवाट कुल 2.343 किलोवाट बिजली चोरी पकड़ी गई है। इन सभी जगहों से 58 मीटर टू-कोर केबिल कब्जे में लेकर संयोजन विच्छेद कर दिए गए हैं। बिना अनुमति बिजली का उपयोग करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। टीम में उपखंड अधिकारी गिरीश चंद्र पांडे, पुलिस निरीक्षक सतर्कता शरद चौधरी, सहायक अधिकारी सतर्कता अमित चंद्र आर्या, अवर अभियंता योगेश कुमार, लाइन कर्मी जसविंदर सिंह आदि शामिल रहे। पुलिस ने एसडीओ गिरीश चंद्र पांडे की तहरीर पर चोरों के विरुद्ध अलग-अलग मुकदमा दर्ज कर लिया है।

वहीं ग्राम बैलपड़ाव बन्नाखेड़ा निवासी हरप्रसाद पुत्र दौजी राम के यहां 0.940 किलोवाट, रामनगर रोड बन्नाखेड़ा निवासी जगजीत सिंह पुत्र गुरबचन सिंह के घर पर 0.873 किलोवाट, बन्नाखेड़ा निवासी सुनील कुमार पुत्र अमर सिंह के आवास पर 0.134 किलोवाट, ग्राम केलाबंदवारी निवासी सखन सिंह पुत्र हर सिंह के यहां 0.155 किलोवाट व दलीप सिंह पुत्र प्रीतम सिंह के आवास पर 0.728 किलोवाट बिजली की चोरी पकड़ी गई है। इन सभी के यहां से 66 मीटर केबिल कब्जे ली गई है।

## रेड रोज स्कूल में एनएसएस शिविर शुरू

**गदरपुर।** शनिवार को रेड रोज जूनियर स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर शुरू हुआ।

शिविर का शुभारंभ स्कूल के प्रबंधक अजय सिंह धालीवाल, महाविद्यालय की प्राचार्य शर्मिला सक्सेना ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रचलित कर किया। इस दौरान स्कूल के प्रबंधक अजायब सिंह धालीवाल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में छात्र-छात्राओं को इस तरह के कार्यक्रमों से अनुभव मिलता है। शिविर के शुभारंभ पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत गोद लिए ग्राम रामजीवनपुर नंबर 2 में छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली।

# सीएम के कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू

कार्यक्रम

- 12 मार्च को बाजपुर पहुंचेंगे सीएम पुष्कर सिंह धामी, इंटर कॉलेज मैदान में होगी जनसभा

संवाददाता, बाजपुर



इंटर कालेज खेल मैदान का शनिवार को निरीक्षण करते अधिकारी।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के बाजपुर आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में हेलीपेड बनाया जाएगा तथा इंटर कालेज का मैदान जनसभा के लिए चुना गया है।

सीएम के 12 मार्च के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर स्थानीय प्रशासन तैयारियों में जुट गया है। एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी व तहसीलदार अक्षय कुमार भट्ट द्वारा व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। संभावित कार्यक्रम के अनुसार रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में हेलीपेड बनाया जाएगा, जहां से भाजपाइयों के संग भारी भरकम जन सैलाब के साथ रोड शो किया जाना प्रस्तावित है। यह रोड शो हल्द्वानी बस अड्डा, भगत सिंह चौक से होता हुआ इंटर कालेज मैदान में पहुंचेगा, जहां विकास कार्यों की घोषणा के साथ ही बाजपुर के बीस गांव के संबंध में जानकारी देने की संभावना है। सीएम के रोड शो को लेकर भाजपा के प्रांत स्तरीय नेता बाजपुर में डेरा डाले हैं। जिसमें शनिवार को सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में पहुंचे वरिष्ठ भाजपा नेता बलवंत सिंह भौर्याल, नैनीताल लोकसभा प्रभारी दिनेश आर्य ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करके कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव सिंह नामधारी, भाजपा नेता राजेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष कमल किशोर भट्ट, मंजीत सिंह राजू, गोपाल कोच्छड़, कमलेश कुमार, संजीव, बिट्टू चौहान, मेजर सिंह, राकेश गुप्ता, एनडी जोशी, खीम सिंह दानू, गुलाम मुस्तफा, वीरेंद्र बिष्ट, गणेश यादव, विनोद तिवारी, राम मल्होत्रा, विकास गुप्ता, प्रियंका, चंद्रिका फोगाट, राजकुमार, राजेश सैनी आदि मौजूद थे। वहीं मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के चलते पिछले करीब सात माह से तहसील परिसर में आंदोलन कर रहे किसानों, मजदूरों व व्यापारियों में भी बीस गांव की भूमि के समाधान की आस जगी है।



शिव जागरण में भजन सुनते विधायक अरोरा व अन्य। ● अमृत विचार

### विधायक अरोरा ने शिव दरबार में लिया आशीर्वाद

**रुद्रपुर।** महाशिवरात्रि के अवसर पर गांधी पार्क रुद्रपुर में श्री अमरनाथ सेवा मंडल की ओर से विशाल शिव जागरण का आयोजन किया। इसमें विधायक शिव अरोरा ने भी प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने शिव दरबार में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया व भजनों का आनंद लिया। इस दौरान आयोजन समिति ने विधायक अरोरा को राम मंदिर का चित्र भेंट कर सम्मानित किया। विधायक अरोरा ने कहा कि हर वर्ष महाशिवरात्रि के पर्व पर श्री अमरनाथ सेवा मंडल भव्य जागरण का आयोजन करता आ रहा है। इस अवसर पर भारत भूषण चुघ, राजकुमार खनिजों, सुनील ठुकराल, बाबू चड्ढा, राजन राठौर, संदीप राव, राजेश कामरा, बॉबी अरोरा, मनोज मदान, पंकज बांगा, मानिक अरोरा, चेतन खनिजों समेत कई लोग मौजूद रहे।

# महिला सशक्तिकरण को हुए कई कार्यक्रम

संवाददाता, किच्छा



किच्छा के लालपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिला कर्मचारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** निकटवर्ती ग्राम लालपुर स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड कंपनी में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों के बीच खासा उत्साह नजर आया।

कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण से संबंधित जागरूकता शिविर, खेलकूद प्रतियोगिता एवं लंच मीटिंग आदि गतिविधियां आयोजित की गईं। कंपनी प्रबंधक पांडुरंग दत्ताराम चव्हाण ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय इस मौके पर कंपनी में कार्यरत महिला कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया गया। बताया कि कंपनी के ट्रैक्टर विनिर्माण संयंत्र में 75 से अधिक महिलाएं कार्यरत हैं एवं शॉप फ्लोर पर महिलाएं प्रतिदिन 240 हाइड्रॉलिक्स असेंबलियों को तैयार करते हुए अपनी ताकत का प्रदर्शन कर अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठा पूर्वक पालन करती हैं। उन्होंने कहा कि महिंद्रा ट्रैक्टर प्लांट महिला सशक्तिकरण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। महिलाओं के लिए एक सहायक कार्य वातावरण तैयार करने का हर संभव प्रयास किया गया है। मौके पर रमन कुमार, धर्मेंद्र कुमार, प्रियंका फौजदार, शिवानी शर्मा, अदिति भारद्वाज, कविता रानी, दीप्ति, उर्मिला, डी वी श्रुति सहित तमाम कर्मचारी मौजूद रहे।

# घर में घुस छेड़छाड़ करने वालों पर मुकदमा दर्ज

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** गांव के दबंग किस्म के लोगों ने एक युवक के घर में घुसकर उसकी पत्नी के साथ अश्लील हरकत की। साथ ही उसका विरोध करने पर युवक पर जानलेवा हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मामले में पुलिस ने पीड़ित की तहरीर अनुसार चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किया है।

कुंडा थाना पुलिस को दी तहरीर में ग्राम बैलजुड़ी निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि वह बीती 5 मार्च को अपने घर पर था। तभी गांव के ही आरिफ, फरमान, छोटू व फरमान एक राय होकर जबरन उसके घर में घुस आये और अश्लील हरकतें करते हुए उसकी पत्नी के कपड़े फाड़ दिये। आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरिफ ने उसके ऊपर भाले से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके चिल्लाने पर अन्य लोगों के एकत्र होने पर उक्त लोग तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गये। तहरीर में बताया कि आरिफ शातिर किस्म का बदमाश है तथा उक्त लोगों से उसे अपनी व अपने परिवार की जान माल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर धारा 323, 354, 452, 504, 506 में उक्त चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिक्कत

## निर्माणाधीन आरओबी के चलते दोनों मार्गों पर रेलवे क्रॉसिंग के चलते लगता है लंबा जाम

# टांडा और कुंडेश्वरी मार्ग पर बढ़ा यातायात का दबाव

संवाददाता, काशीपुर



चीमा चौराहे से कुंडेश्वरी जाने वाले मार्ग पर स्थित रेलवे क्रासिंग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बाजपुर रोड पर पिछले सात सालों से निर्माणाधीन आरओबी के चलते टांडा व कुंडेश्वरी मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया है। दोनों रास्तों पर रेलवे क्रासिंग पड़ने के कारण यहां कई घंटो जाम भी लगता है। जाम से लोगों को निजात दिलाने के लिए यातायात पुलिस के साथ सीपीयू व होमगार्ड को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। इसके बावजूद यहां लगातार यातायात का दबाव बना रहता है।

दरअसल पिछले सात सालों से बाजपुर रोड स्थित रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते शहर का सारा यातायात टांडा व कुंडेश्वरी मार्ग से होकर गुजरता है। जिसके कारण यहां हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है और दोनों मार्गों पर रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण यहां स्थिति और चरमरा जाती है। हालांकि दोनों मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए दिनभर यातायात पुलिस, सीपीयू व होमगार्ड लगे रहते है। लेकिन यातायात का दबाव अधिक होने के कारण स्थिति रेलवे क्रॉसिंग बंद होने के समय अधिक खराब हो जाती है और लोगों को काफी देर तक जाम में फंसा रहना पड़ता है। उधर कांवड़ यात्रा के दौरान इन दोनों मार्गों पर स्थिति और बदतर हो गई थी। उधर मार्च माह के अंत तक बाजपुर रोड स्थित आरओबी के निर्माण कार्य के पूरा होने की उम्मीद जगी है, तो लोगों को जाम के झाम से निजात मिलने की उम्मीद जगी है। यातायात निरीक्षण जितेंद्र पाठक ने बताया कि आरओबी निर्माण के चलते शहर का ट्रैफिक टांडा तिराहे व चीमा चौराहे से कुंडेश्वरी जाने के लिए बढ़ा है। वही दोनों मार्गो पर रेलवे क्रॉसिंग होने के कारण जाम भी लगता है। उसके बावजूद पुलिस के जवान अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से कर रहे है और यातायात को सुचारू रूप से संचालित करा रहे है।

# शेड निर्माण कार्य का शुभारंभ

संवाददाता, रुद्रपुर



शैल परिषद में ओपन शेड का शुभारंभ करते निवर्तमान मेयर व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** नगर निगम की ओर से शैल भवन में स्वीकृत आरसीसी ओपन शेड के निर्माण कार्य का निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने पूजा अर्चना के साथ विधिवत शुभारंभ किया। वहीं निवर्तमान मेयर ने कहा शेड का निर्माण होने से शैल भवन में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में इसका लाभ मिलेगा।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान मेयर ने बताया कि नगर निगम बोर्ड की पूर्व में हुई बैठक में गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आरसीसी ओपन शेड के निर्माण का प्रस्ताव पारित हुआ था। निर्माण कार्य के लिए बजट स्वीकृत होने के बाद अब पूजा अर्चना के साथ निवर्तमान मेयर और शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से निर्माण शुरू करवाया। उन्होंने कहा कि शैल भवन में ओपन शेड की जरूरत लम्बे समय से महसूस की जा रही थी। इससे पूर्व शैल सांस्कृतिक समिति के पदाधिकारियों ने निवर्तमान मेयर का आभार व्यक्त करते हुए सम्मानित किया। इस अवसर पर गोपाल पटवाल, दिवाकर पांडे, भारत लाल शाह, मदन मोहन बिष्ट, सतीश ध्यान, दिनेश बम, सतीश लोन, राजेंद्र बोरा, जगदीश बिष्ट, महेश कांडपाल, धीरज पांडे, दिनेश भट्ट, हरीश मिश्रा, एलजी जोशी, शैलेंद्र सिंह रावत, भुवन गुप्ता, प्रमोद शर्मा, निमित्त शर्मा समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# वायु प्राणशक्ति की संचालक

वायु से आयु है। स्वच्छ वायु आयुवर्धक है। प्रदूषित वायु प्राणलेवा है। ये सब जानते हुए भी वायु प्रदूषण बढ़ाने वाले तमाम अपकृत्य जारी हैं। 'द लेसैंट प्लैनेटरी हेल्थ जर्नल के अध्ययन में चैकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। वायु प्रदूषण के कारण 2000 से 2019 तक प्रतिवर्ष 10 लाख लोगों की जान गई है। सांस संबंधी बीमारियां बढ़ी हैं और बीमारियों के कारण लाखों लोगों की मौत हुई है। ऑस्ट्रेलिया की एक यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने दुनिया के लगभग 13000 नगरों में प्रदूषण का विश्लेषण किया है। इस अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार एशिया में मृत्यु दर का आंकड़ा काफी चिंताजनक है। बताया गया है कि प्रदूषण के कारण मौतों के आंकड़ों में चीन पहले स्थान पर है। भारत में भी वायु प्रदूषण की स्थिति भयावह है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हर साल वायु प्रदूषण के कारण धूल भरा कोहरा दिखाई पड़ता है। वायु प्रदूषण का मूल कारण आधुनिक जीवनशैली है। भारत की परंपरा में वायु को देवता कहा गया है। संस्कृति आधारित जीवन मूल्यों से विचलन वायु प्रदूषण बढ़ाता है।

वायु प्राण हैं। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव हैं। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं। कहते हैं,"तीव्र गति अनुभव में आती है,लेकिन रूप नहीं। ऋषि वायु का रूप देखने के अभिलाषी हैं। वायु का मानवीकरण रम्य है। ऋषि उन्हें सोम पीने का निमंत्रण देते हैं "वायवा याहि दर्शते में सोमा अरंकृता-दर्शनीय वायु! आओ सोम रस सजाकर रखा गया है।" (ऋग्वेद 1.2.1) प्राण जीवन है। प्राण से प्राणी है। वायु हरएक प्राणी का प्राण हैं,लेकिन देवों का प्राण भी वायु ही है "आत्मा देवानां।" (10.10.168.4) बड़ी बात है,देवों को भी मनुष्य जैसा बताना। वायु देवों के भी प्राण हैं,इसलिए वही विश्व के राजा हैं। (10.168.2) लेकिन हम पटाखा फोड़कर वायु को प्राण लेवा बनाते हैं। सृष्टि में पांच महाभूत हैं। पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश। इनमें 'वायु' प्रत्यक्ष देव हैं और प्रत्यक्ष ब्रह्म भी। ऋग्वेद



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

> वायु प्राण है। प्राण नहीं तो जीवन नहीं। वैदिक परंपरा में वायु अमर देव है। वैदिक ऋषि वायु की प्रीति में सराबोर हैं। वे प्राणशक्ति के संचालक हैं,लेकिन दिखाई नहीं पड़ते। वायु का रूप नहीं होता। वायु की तीव्र गति आंधी है। आंधी का शोर सुनाई पड़ता है,लेकिन वायु का रूप नहीं है।

(1.90.9) में स्तुति है "नमस्ते वायो, त्वमेव प्रत्यक्ष ब्रह्मासि, त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। तन्मामवतु-वायु को नमस्कार है,आप प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं,मैं तुमको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। आप हमारी रक्षा करें।" यही मंत्र यजुर्वेद (36.9),अथर्ववेद (19.9.6) व तैत्तिरीय उपनिषद (1) में भी जस का तस आया है। ब्रह्म संपूर्णता है। आधुनिक ब्रह्मांड विज्ञानी भी ब्रह्म में उत्सुक हैं। भारतीय अनुभूति का ब्रह्म अनुभूत है। प्रयोग सिद्ध है। कहते हैं, "वायु ही सभी भुवनों में प्रवेश करता हुआ हर एक रूप में प्रतिरूप होता है। सभी जीवों में प्राण की सत्ता है,प्राण नहीं तो जीवन नहीं। ऋषि सूर्य आदित्य को देखते हैं। वे भी प्रत्यक्ष देव हैं। प्रश्नोपनिषद में कहते हैं 'आदित्य हे वै प्राणो-जो आदित्य है, सूर्य है, वही प्राण है।

वैदिक पूर्वज वायु को बहुवचन 'मरूद्गण' कहते हैं। वे संपूर्ण विश्व के प्रति मधु दृष्टि रखते है। ऋग्वेद के एक मंत्र में वे वायु को भी मधुरस से भरा पूरा पाना चाहते हैं-मधुवाता ऋतायते। वृहदारण्यक उपनिषद् के सुंदर मंत्र में पृथ्वी और अग्नि के प्रति मधुदृष्टि बताने के बाद वायु के लिए कहते हैं "अयं वायुः सर्वेषां भूतानां मध्वस्य-यह वायु सभी भूतों का मधु (सभी भूतों के पुष्पों से प्राप्त रस) है और सभी भूत इस वायु के मधु हैं-वायोः सर्वाणि भूतानि मधु। सृष्टि निर्माण के सभी घटक एक दूसरे से अंतर्संबंधित है। वे एक दूसरे के मधु हैं। वे वायु हैं, प्राण हैं, मरूत भी हैं।

मरूद्गण धनी, दरिद्र सबको एक समान संरक्षण देते हैं। वैदिक सूक्तों में इन्हें अति प्राचीन भी बताया गया है "हे मरुतो आपने हमारे पूर्वजों पर भी बड़ी कृपा थी" ऋग्वेद के एक और ऋषि अगस्त्य मैत्रवरुण अतिरिक्त जिज्ञासु हैं। पूछते हैं 'मरुद्गण किस शुभ तत्व से सिंचन करते हैं? कहां से आते हैं? किस बुद्धि से प्रेरित हैं? किसकी स्तुतियां स्वीकार करते हैं? (1.165.1-2) फिर मरुतों का स्वभाव बताते हैं "वे वर्षणशील मेघों के भीतर गर्जनशील हैं। (1.166.1) वे पर्वतों को भी अपनी शब्द ध्वनि से गुंजित करते हैं, तेज आंधी और पानी का ऐसा काव्य चित्रण अनूठा है। कहते हैं, "वे गतिशील मरुद्गण भूमि पर दूर-दूर तक जल बरसाते हैं। वे सबके मित्र हैं। (1.167.4) यहां मरुद्गण वर्षा के भी देवता हैं।

ऋग्वेद में मरुतों की स्तुतियां हैं। कहते हैं "आपके आगमन पर हम हर्षित होते हैं, स्तुतियां करते हैं।" (5.53.5) लेकिन कभी-कभी वायु नहीं चलती, उमस हो जाती है। प्रार्थना है "हे मरुतो आप दूरस्थ क्षेत्रों में न रूकें, द्युलोक अंतरिक्ष लोक से यहां आएं। (5.53.8) ऋषि कहते हैं "रसा, अनितमा कुभा सिंध आदि नदियां वायु वेग को न रोकें।" (वही 10) वे "नदी के साथ पर्वतों से भी यही अपेक्षा करते हैं।" (5.55.7) वायु प्रवाह का थमना ऋषियों को अच्छा नहीं लगता। हम सबको भी वायु का प्रवाह अच्छा लगता है। वायु रूकी तो उमस बढ़ती है। कहते हैं "हे मरुतो आप रात दिन लगातार चलें, सभी क्षेत्रों में भ्रमण करें।" (5.54.4) वायु जगत् का स्पंदन है। वे देवता हैं इसीलिए वायु का प्रदूषण नहीं करना चाहिए। वे जीवन हैं,जीवन दाता भी हैं। वुाय से वर्षा है,वायु से वाणी है। गीत-संगीत गंध-सुगंध और मानुष गंध के संचरण का उपकरण भी वायु देव हैं। वायु नमस्कारों के योग्य हैं। भारतीय दृष्टि में वायु प्रकृति की शक्ति है। उनका अध्ययन जरूरी है,लेकिन दिव्य शक्ति की तरह उनको प्रणाम भी किया जाना चाहिए।

चरक संहिता आयुर्विज्ञान का महाग्रंथ है। इसके 28 वें अध्याय (श्लोक 3) में बताया है "वायुरायुर्बलं वायुर्वायु र्धाता शरीरिणाम-वायु ही आयु है। वायु ही बल है, शरीर को धारण करने वाले भी वायु ही हैं। कहते हैं "यह संसार वायु है,उसे सबका नियंता गाते हैं-वायुर्विश्वमिदं सर्वं प्रभुवायुश्च कीर्तितः।" वायु को सर्वशक्तिमान गाने की परंपरा पुरानी है। शरीर और प्राण का संयोग जीवन है, दोनों का वियोग मृत्यु है। वाग्भट्ट ने ठीक कहा है "वह विश्वकर्मा, विश्वात्मा, विश्वरूप प्रजापति है। वह सृष्टा, धाता, विभु, विष्णु और संहारक मृत्यु है।" चरक संहिता में कहते हैं "वह भगवान (परम ऐश्वर्यशाली) स्वयं अव्यय हैं, प्राणियों की उत्पत्ति व विनाश के कारण हैं, सुख और दुख के भी कारण हैं, सभी छोटे बड़े पदार्थो को लांघने वाले हैं, सर्वत्र उपस्थित हैं।" यहां शरीर के भिन्न अंगों में प्रवाहित पांच वायु का वर्णन है। फिर इनसे जुड़े रोगों का विस्तार से विवेचन है।

वायु का प्रदूषण हजारों रोगों की जड़ है। प्राणवायु के लिए ही लोग सुबह-सुबह टहलने निकलते हैं,जहां वायु सघन है,वहां के जीवन में नृत्य है। जंगलों में वायु सघन है। इसीलिए वन उपवन मधुवन हैं। भारत का अधिकांश प्राचीन ज्ञान वनों में ही पैदा हुआ था। वैदिक मंत्रों में प्राणवायु की सघनता है। हम सब वैदिक संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं,बावजूद इसके हम वायु को प्रदूषित करते हैं। प्रकृति को आहत करते हैं,स्वयं अपने ही जीवन जगत को क्षति पहुंचाते हैं। वायु प्रदूषण रोकने में ही हमारे जीवन की गति है।

# जिंदगी में सजगता जरूरी

किसी एक ही दिशा में जाने के लिए दो रास्ते हैं। एक रास्ता तो ऐसा है,जो कंटकाकीर्ण है, पथरीला है, सड़क के किनारों पर लगे पेड़-पौधों की डालें सड़क की ओर आ गई हैं जिसके चलते पेड़ों में निकले कांटे निकल आए हैं। सावधानी हटी तो कांटों के चुभने का अंदेशा भी है। जबकि उसी दिशा में जाने वाला दूसरा रास्ता बहुत साफ-सुथरा है,दुरूस्त है। आंख बंद कर चलने पर भी कहीं कांटों के चुभने या पत्थर के टुकड़ों से ठोकर खाकर गिरने का खतरा नहीं है। हर तरह की सुविधा भी इस रास्ते पर उपलब्ध होने की व्यवस्था है। दोनों रास्ते एक ही मंजिल की तरफ ले जाने वाला है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

स्वाभाविक है कि अधिकांश लोग सुगम रास्ते को चुनेंगे,क्योंकि दुर्गम रास्ते पर मिलने वाले कष्ट को ज्यादातर लोग उठाना नहीं चाहेंगे। इसके विपरीत दुर्गम रास्ते पर चलने वाले को लोग बेवकूफ समझेंगे तथा उपहास भी उड़ाएंगे। जबकि दुर्गम रास्ते पर चलने वाले ने यह सोचकर इस रास्ते को इसलिए वरीयता दी कि इस पर जो अवरोध आदि है,उसे वह हटाते और रास्ते को सुगम बनाते हुए चलेगा ताकि भविष्य में किन्हीं कारणों से सुगम वाले रास्ते में कोई अनहोनी हो गई तो मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते पर चलना होगा। जब रास्ता सुगम होगा तो भले उसे कठिनाई हो रही है,लेकिन आने वाले समय में लोगों को किसी तरह कठिनाई न हो सके। यह तो भौतिक सड़क की बात है। अब जिंदगी की राह को भी देखा जाए तो जिंदगी जीने की भी दो-राहें होती हैं जिसमें एक राह सकारात्मकता की राह है तो दूसरी नकारात्मकता की राह। अब यह खुद को निर्णय करना पड़ता है कि किस रास्ते पर कदम रखा जाए। सकारात्मकता के रास्ते में नैतिक मूल्यों, कड़ी मेहनत, सत्यनिष्ठ आचरण, धैर्य और संतोषप्रद भावना को कीमती पूंजी समझकर रखना होगा। संभव है कि समाज में नकारात्मक ढंग से जीने वाले भौतिक उपलब्धियों के बल पर बहुत आगे निकल रही हो,लेकिन सत्चरित्र, कर्तव्यनिष्ठा और अनुभव की पूंजी सकारात्मक रास्ते पर चलने से ही मिलेगी। इतिहास के पन्नों को पलट कर देखा जाए तो सबूत के तौर पर ऐसे तमाम लोगों के उदाहरण मिल जाएंगे जिनका किसी कालखंड में बहुत प्रभाव था,लेकिन उसी प्रभावशाली शख्स के जीवन में ऐसा भी समय आया कि वह दीनहीन बनने के लिए मजबूर हो गया। नकारात्मक तरीका आत्मबल भी छीनता है।

गलत ढंग से उपलब्धियां अर्जित करते समय भले ही ऐसा लगता हो कि इसकी भनक किसी को नहीं लग रही है, लेकिन खुद अपना मन तो जानता है कि अकूत भौतिक उपलब्धियों के लिए जो तरीका अपनाया गया है, वह सही नहीं है। गलत कार्य करते समय एकांत की तलाश होती है। यदि प्लानिंग बनाकर समूह में गलत कार्य किया जाता है तो समूह में शामिल लोग ही एक दूसरे पर विश्वास नहीं करते हैं। एक अज्ञात भय समूह के पूरे लोगों में समाया रहता है। जिंदगी की सर्वाधिक कष्टदायी स्थिति मन का भयाक्रांत होना ही है। अंदर से डरा हुआ व्यक्ति आंख मिलाकर बात करने का साहस खो बैठता है। इसके विपरीत सकारात्मक तरीका का पहला उपहार आत्मविश्वास के रूप में देता है और दूसरा अनुभव प्रदान करता है।

किसी काम को संपादित करने में पहली बार कुछ दिक्कतें आ सकती हैं,लेकिन आगे चलकर उसी काम को करने में सरलता महसूस होने लगती है। किसी वाहन के संचालन का ही उदाहरण लिया जाए तो पहली बार उसे संचालित करने में जितनी सजगता बरती गई,धीरे-धीरे उसमें कमी आती जाएगी। फिर तो एक ऐसा भी समय आ जाता है कि कब क्या करना है,वह स्वतः होने लगता है। जिंदगी की डगर में भी यही स्थिति होती है। मन रूपी ड्राइवर सकारात्मक रहा है तो दुर्घटना की संभावना कम होती जाती है।

# भौतिक विकास की कीमत चुका रही प्रकृति

वास्तव में इंसान के भौतिक विकास की कीमत प्रकृति चुका रहा है। यूं तो पर्वत, पहाड़, नदी, सागर सभी पर इस विकास का असर हुआ है, परंतु सबसे बड़ी कीमत पेड़-पौधे और वन चुका रहे हैं। जब भी किसी सड़क का चौड़ीकरण होता है तो सबसे पहले उसके किनारे लगे पेड़ों को काट दिया जाता है। भले ही हम प्रतिवर्ष सघन वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाकर पेड़ों को लगाते हैं, परंतु उस पुराने पेड़ की स्थिति तक पहुंचने में कई दशक लग जाते हैं। शहरों का विकास व बढ़ती जनसंख्या को खिलाने के लिए वनों की भूमि का बदलता उपयोग वनों के विनाश का प्रमुख कारण है। फारेस्ट डिक्लेरेशन असेसमेंटः ऑफ ट्रैक एंड फॉलिंग बिहाइंड की रिपोर्ट 2023 के अनुसार यदि ग्लोबल वार्मिंग में हो रही वृद्धिदर को 1.5 डिग्री सेल्सियस के नीचे रखना है तो जंगलों को बरकरार रखना बेहद जरूरी है। ये जंगल हमारी दुनिया के फेफड़े हैं,जो न केवल प्रदूषित हवा को साफ करते हैं, बल्कि जैवविविधता को भी बचाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। यह उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाईऑक्साइड जैसी हानिकारक गैसों के एक बहुत बड़े हिस्से को सोख लेते हैं जिसकी वजह से तापमान में होती वृद्धि को रोकने में मदद मिलती है। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा संसद में दी गई जानकारी के अनुसार देश में एक हेक्टेयर से बड़े क्षेत्रफल जिसमें पेड़ों की यानी हरित छतरी यानी हरियाली का घनत्व 10 प्रतिशत से ज्यादा हो, जंगल कहा जाता है। पारिस्थितिक संतुलन के लिए कुल भूमि क्षेत्र का 33 प्रतिशत वन क्षेत्र होना ही चाहिए, लेकिन वर्तमान में भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का मात्र 24 प्रतिशत क्षेत्र ही वनाच्छादित है। वस्तुतः वन प्रकृति के सबसे प्रचुर और बहुमुखी नवीकरणीय संसाधन हैं, जो एक साथ आर्थिक, सामाजिक, पर्यावरणीय और सांस्कृतिक लाभ और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं। यह न केवल जलवायु और जैव विविधता, बल्कि खाद्य सुरक्षा, ऊर्जा, स्वच्छ पानी और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान देता है।



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

> वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है।

बढ़ती जनसंख्या के कारण स्थान, आवास, भोजन की आवश्यकता, शहरीकरण, औद्योगीकरण के कारण के वनों की कटाई और भूमि उपयोग के अन्य रूपों में स्थायी रूपांतरण के परिणाम स्वरूप वन क्षेत्र निरंतर कम हो रहा हैं। लगभग 80 प्रतिशत वन हानि वनों को कृषि भूमि में बदलने के कारण हो रही है। मानवीय गतिविधियों में वृद्धि के कारण, विशेष रूप से दुनिया के उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में, वनों की कटाई और गिरावट के कारण जंगलों में भारी गिरावट आई है। एक अनुमान के अनुसार दुनिया में हर मिनट लगभग 21.1 हेक्टेयर से ज्यादा क्षेत्र में फैले जंगल नष्ट हो रहे हैं। इस प्रकार पूरे वर्ष में उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में करीब 111 लाख हेक्टेयर में फैला जंगल खत्म हो जाता है। इतनी बड़ी संख्या में वनों के विनाश होने से लगभग 250 करोड़ टन कार्बन डाईऑक्साइड का उत्सर्जन हुआ होगा, जो भारत के वार्षिक जीवाश्म ईंधन उत्सर्जन के बराबर हैं। अब तक जंगलों को हो रहे नुकसान में 40 प्रतिशत से ज्यादा अकेले ब्राजील में हुआ है। वर्ष 2021 में कनाडा, रूस और अलास्का जैसे सुदूर उत्तरी क्षेत्रों में पाए जाने वाले ठंडे बोरियल वनों के करीब 80 हजार वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में फैले जंगलों नष्ट हो गए हैं, जो वर्ष 2001 के बाद सर्वाधिक है। पिछले 18 वर्षों में लगभग यूरोप के क्षेत्रफल के बराबर वन क्षेत्र नष्ट हो चुका है, जो करीब 15.7 करोड़ हेक्टेयर क्षेत्र में फैले थे।

युनाइटेड किंगडम स्थित फर्म यूटिलिटी बिडर के सर्वेक्षण के अनुसार वनों के विनाश के मामले में भारत, ब्राजील के बाद दूसरे स्थान पर है। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट के अनुसार भारत के लगभग उत्तर प्रदेश के आकार के बराबर 2.59 करोड़ हेक्टेयर में फैला जंगल गायब हो चुका हैं। रिपोर्ट के अनुसार जहां भारत ने वर्ष 1990 से 2000 के बीच अपने 384 हजार हेक्टेयर में फैले जंगलों को खो दिया था। वहीं वर्ष 2015 से 2020 के बीच यह आंकड़ा बढ़कर 668 हजार हेक्टेयर हो गया है। देश में वन विनाश में 284 हजार हेक्टेयर की वृद्धि हुई,जो विश्व में सर्वाधिक है। इसमें से पूर्वोत्तर राज्यों में वन क्षेत्र लगभग एक हजार 20 वर्ग किलोमीटर कम हो गया है। देश के पर्वत, पहाड़ी और आदिवासी जिलों में वन क्षेत्र घटा है। पिछले दो वर्षों में देश के पर्वतीय क्षेत्रों में वनाच्छादन में 902 वर्ग किलोमीटर की कमी आई है। देश का वन और वृक्ष आच्छादन क्षेत्र 8.09 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। हालांकि वर्ष 2019 की तुलना में इसमें 2261 वर्ग किलोमीटर की वृद्धि हुई है जिसमें मध्य प्रदेश में सर्वाधिक वृक्षारोपण कार्य के चलते वृद्धि हुई है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र राज्य हैं। देश के अन्य राज्यों द्वारा भी वन क्षेत्रों को बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे है।

वर्ष 2014 में विश्व स्तर पर सहमति बनी थी कि वर्ष 2020 तक पेड़ों के नष्ट होने की गति को कम से कम आधा और वर्ष 2030 तक इसे पूरी तरह ख़त्म किया जाएगा,परंतु यह लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। हालांकि सतत प्रयास और दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते रूस,अमेरिका और चीन जैसे देशों में कुल वन क्षेत्रों में वृद्धि हुई है। वर्ष 1982 के बाद से इन देशों के सम्मिलित प्रयास ने वैश्विक जंगलों में लगभग सात प्रतिशत की वृद्धि की है। भारत में भी इसी दृढ़ इच्छाशक्ति और सतत प्रयास की आवश्यकता है। यदि पृथ्वी और मानव जाति को बचाएं रखना है तो वनों का संरक्षण तथा उसका सतत विकास आवश्यक है।

# कविता तूने मुझको क्या दिया

यह कई बार लोगों ने मुझसे पूछा,आपको प्यार पहली बार कब हुआ? मेरा जवाब भी अजीब था, जिस पर लोगों को यकीन कम होता था। मैंने सबसे पहले प्यार को शब्दों के बीच देखा और उन शब्दों के बीच के प्यार ने मेरे भीतर प्रेम को जन्म दे दिया। एक आधे अक्षर के बगैर एक पूर्ण अक्षर अपने को अभिव्यक्त नहीं कर सकता,अपूर्णता पूर्णता को व्याख्यायित करती है,यह मेरी पहली प्यार की समझ थी। मुझे अक्षरों से प्यार होने लगा। मैंने लिखने की कोशिश की और मुझे अपने लेखन से प्यार हो गया। मेरी उम्र रूपदर्शी तो थी पर रूप आग्रही न थी,ऐसी समाज की मान्यता थी,पर मैंने उस उम्र में स्त्री के सौंदर्य, अनगढ़ सौंदर्य को लफ्जों में उतारने की कोशिश की,जो शब्द गूंगे लगते थे लोगों को वह मुझसे बात करते थे और मैं शब्दों में खोने लगा। शब्दों में खोना शायद मेरा पहला प्यार था,वैसा प्यार फिर न हुआ। मुझे और उस प्यार ने बहुत से प्रेम को जन्म दिया और मैं सौंदर्याग्राही हो गया। मैंने पहली बार जिसके रूप को सराहा उससे लिखने की इजाजत मांगे बगैर उस पर लिख गया,पर अफसोस उसने पढ़ने से इंकार कर दिया,पर मेरी कविताओं ने, मेरी रचनाओं ने, मेरी रचनाधर्मिता ने लोक को समालोचक करने का मुझे अवसर दिया। मैं कोई बहुत मौलिक कृतिकार नहीं हूं,मैं लोगों के लेखन से शब्द चुरा लेता हूं, कभी-कभी भाव भी पर आसान नहीं होगा उसको भी जानना जिसमें से मैं चोरी कर लेता हूं। कारण यह है कि मैं उसमें मौलिकता सृजन करता हूं। मैं चुराए हुए शब्दों को गढ़ता हूं। मैं जमीन से उठाए गए भावों को अपने भावों में संजोता हूं और खुद से कहता हूं, सिर्फ मैं जानता हूं यह चुराया हुआ है,पर यह अर्ध सत्य है। पूर्ण सत्य यह है कि वह तराशा हुआ है। मैं मौलिकता का आग्रही हूं,मौलिकता विहीन होकर भी, मौलिकता विहीन तो शायद न हूं मैं, अधिक सत्य यह कहना होगा,मैं मौलिकता की तलाश में रहता हूं। यह तलाश मौलिकता की ओर ले जाती है।



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

# मनुष्य का मन बीते युगों का सार तत्व

एक नए मनुष्य का रूप उभर रहा है, जो केवल "डिमांड एंड सप्लाई" अर्थात् "मांग और आपूर्ति" की भाषा जानता है। जीवन भी "मांग और आपूर्ति" पर आधारित हो गया है। हर स्थिति लेन-देन का हिसाब होकर रह गई है। ममत्वहीनता, बौद्धिकता, सामंजस्य का अभाव, परिवारिक संबंधों का विघटन, उद्विग्नता, अभाव, अशांति, आतंक, अजनबीपन, अकेलापन, अवसाद, आशंका, संशय, अनिश्चय, आक्रोश, विडंबना, अनास्था, सामूहिक हत्या और सामूहिक आत्महत्या, जीवन का परम सत्य विकास अर्थात् भौतिक विकास को माना जाने लगा है और इस चक्कर में जीवन यांत्रिक होकर रह गया है। एक ओर वैभव तथा ऐश्वर्य का प्रदर्शन, दूसरी ओर अभाव और दरिद्रता। यह इतिहास ही की गति है।

यहां ध्यान देने की बात यह है कि जो बीत गया, वह बीतकर भी कहीं गया नहीं, वह मनुष्य की चेतना में समाया हुआ है और चेतना के रूप में वह इतिहास की गति को निर्धारित भी करता है। मनुष्य का मन बीते युगों का सार-तत्व है, समस्त युग उसके साथ जी रहे हैं और जीते रहेंगे। सभी लोग एक जैसे न कभी हुए और न कभी होंगे, विविधता रहेगी, क्योंकि विविधता अनिवार्य है। अनिवार्य इसलिए कि विविधता नैसर्गिक है और समानता को देखा जाए तो वह भी नैसर्गिक है। सभी के पास आंख, नाक-कान और मन-बुद्धि हैं, यह समानता है परंतु सभी के आंख, नाक, कान और मन तथा बुद्धि एक जैसे नहीं है, यह विविधता है। जिजीविषा है, सभी जीना चाहते हैं, रिरंसा है, सभी लोग सुख को खोज रहे हैं।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

विज्ञान और टेक्नोलॉजी भी सुख को खोज रहे हैं। सुख का आविष्कार कर रहे हैं। सुख को बाजार में ले जा रहे है। बाजार सुख की डिमांड बढ़ाता है और फिर उसकी सप्लाई करता है। यह बाजार-सत्ता कुछ हाथों में केन्द्रित है और संपदा के केन्द्रीकरण की प्रक्रिया चल रही है। इस प्रक्रिया की अपनी विसंगतियां भी हैं जिनसे एक विक्षोभ संगठित हो रहा है और घात प्रतिघात कर रहा है। इस घात प्रतिघात में नया विचार जन्म लेगा, उसके जन्मोत्सव में संपूर्ण मनुष्यता सम्मिलित होगी, उस विचार को अभिषिक्त करेगी, रस-सिक्त करेगी।

# बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना

अब्दुल्ला का सबसे बड़ा काम क्या? वही। बेगानी शादी में दीवाना हो जाना। शादी की सुगबुगाहट भर हो किसी की। किसी के फेरे पड़ने की खबर आ जाए,उसका मन मोर हो जाता है। देर नहीं करता फिर वो। अपने पैरों में घुंघरू बांध लेता है। ऐन केन प्रकारेण मंडप में घुस ही जाता है। अपने जैसे और भी मिल जाते है उसे। उनमें से किसी को भी थाम कर अनर्गल बातें करता है। अपच होने तक खाता है। मंडप से धीरे से खिसकता है और फिर ऐसी ही किसी अगली बेगानी शादी का इंतजार करता है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

> जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं।

बेगानी शादी में दीवाने होने वाले अब्दुल्ला प्रायः मोहल्ले की हर लड़की के इकतरफा प्रेमी होते हैं। ऐसी हर लड़की के आशिक जो कभी इनके दिल के हाल नहीं जानती। जानकर दुत्कार चुकी होती है, बाप के तय किए किसी होनहार लड़के की दुल्हन बनकर रूखसत होती ही होती है। हमारे अब्दुल्ला ऐसे सांस्कृतिक अवसर पर निरंतर सजग भाव से उपस्थित बने रहते हैं। मेहमानों को लाना छोड़ना, कुर्सियां गिनना। टेंट हाउस के मालिक और केटरर से जूझना ऐसे सारी बेगारों के लिए ये कार सेवक की भूमिका में होते हैं। इन्हें कोई नहीं गिनता,पर ये होते हैं और इसलिए होते हैं,क्योंकि ये दीवाने हैं।

मोहल्ले के बुड्ढे भी इसी प्रजाति के सदस्य हैं। कोई काम नहीं। इन्हें बस चबूतरे पर पैर लटकाए बैठना है,सुबह-शाम। बहू के दुत्कारें बेघर लोग। ये दिनभर यही ताड़ते रहते हैं। किसके यहां कौन आया। कब आया। कब गया। किस लड़की का किसके साथ चक्कर चल रहा है। किसका बेरोजगार लड़का किसकी गलत संगत में पड़ा है। किसके यहां की बटलोई में आज कौन सी वाली दाल पकी है। जब भी कोई सनसनीखेज जानकारी मिलती है इन्हें ये नाचने-कूदने के लिए उतारू हो जाते हैं। उनकी तेज नाक हमेशा चौकन्नी बनी रहती है। किसी का कुछ निजी कार्यक्रम हो। शादी ब्याह, मुंडन, मैयत। ऐसे किसी भी मौके पर पकने वाले लजीज पकवानों को सूंघ ही लेते हैं ये और मौका देखकर मौके पर पहुंच भी जाते हैं। बेगाने अब्दुल्ला हर विषय के जानकार होते हैं। जानने भर के हर धतरकरम पर अपनी राय देने के लिए तत्पर। ये इस बात की परवाह नहीं करते कि कोई इनकी बातों पर गौर कर भी रहा है या नहीं। ये बकवास किए बिना मानते नहीं और कह सुनकर ही ठंडे होते हैं। जितने अब्दुल्ला मंडप में घुस पाते हैं उससे सौ गुना मंडप के बाहर खड़े आते-जाते मेहमानों को घूरते हैं। कोसते हैं उन्हें। उनकी कमियां निकालते और खिल्लियां उड़ाते हैं। किसने क्या पहना? किस मॉडल की कार मे आया। आने वालों में कितने हरामखोर है,कितनों के पास कितना माल है जैसी बातें करते हैं। लड़के के बाप ने कितनी दौलत लुटा दी और लड़की के बाप ने लड़के में क्या देखा? जैसी गंभीर चर्चाएं होती हैं। फिर खड़े-खड़े थक जाते हैं ये और हारे मन और भारी कदमों से अपने डेढ़ रूम के फ्लैट में लौट जाते हैं।

आप खुद के बारे में भी गौर कर लें अब। बताईए। अनंत अंबानी की प्री-वेडिंग में कितने सेलिब्रिटी नाचे? मुफ्त में नाचे या करोड़ों लूट ले गए? हाथी की खिचड़ी कौन खा गया? आपको क्या मतलब है? आप काहे एक्सपर्ट कमेंट वाले लाला अमरनाथ हुए जा रहे हैं। उनका निजी मामला है ये। आपके पेट में गुड़गुड़ क्यों होना चाहिए? आप हैं कौन? अनंत के ताऊ हैं? फूफा हैं दूर के, जिसे बताकर, आपकी कीमती राय लेकर उसे अपनी होने वाली दुल्हन को वरमाला पहनाना चाहिए?

बाज आइए महाराज। ऐसे करने का कोई मतलब है नहीं। बेगानी शादी के दीवाने अब्दुल्ला आमतौर पर कॉलर से पकड़े जाकर धकेले जाते हैं बाहर। अब आप देख लें कि क्या करना है?

# पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फूले

भारत की पहली महिला शिक्षिका और प्रसिद्ध समाज सुधारक सावित्रीबाई फूले का आज ही के दिन 1897 में निधन हुआ था। जीवनपर्यंत महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फूले का जन्म महाराष्ट्र के सतारा जिले के नायगांव में हुआ था। उनके पिता खंडोजी नेवसे किसान थे। माता का नाम लक्ष्मीबाई था। 1840 में जब वह नौ साल की थी,तब उनका विवाह 12 वर्ष के ज्योतिराव फूले के साथ कर दिया गया। विवाह के समय सावित्रीबाई अनपढ़ थी। जबकि पति तीसरी कक्षा तक पढ़े थे। उस दौर में दलित व महिलाओं को पढ़ने का अधिकार नहीं था। शादी के बाद वह पति के साथ पुणे में रहने लगी। वह पढ़ना चाहती थी तो इसमें उनके पति ने उन्हें पूरा सहयोग दिया। ज्योतिराव फूले ने उन्हें पढ़ने के लिए प्रेरित किया।



समाज के तमाम विरोधों के बीच वह पढ़ने जाती थी। कई बार लोगों ने उन पर पत्थर व गोबर फेंका। खरी-खोटी सुनाई और अपशब्द भी कहे,पर वह कभी भी अपने उद्देश्य से पीछे नहीं हटी। सावित्रीबाई ने अहमदनगर और पुणे में शिक्षक की ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपनी पढ़ाई जारी रखी और अपने व दूसरों के हक के लिए लड़ती रही।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

वर्ष 1848 में फूले दंपत्ति ने पुणे में नौ बालिकाओं के साथ देश के पहले बालिका विद्यालय की स्थापना की। उन्होंने कुल 18 विद्यालयों की स्थापना की। उनकी कोई संतान नहीं थी तो उन्होंने एक ब्राह्मण विधवा के पुत्र यशवंतराव को गोद लिया। एक विधवा के पुत्र को गोद लेने पर दोनों को बहुत विरोध का सामना करना पड़ा और बिरादरी से बेदखल भी कर दिया गया, लेकिन वे अपने निर्णय पर अडिग रहे और बेटे को पढ़ा लिखाकर डॉक्टर बनाया। महिला अधिकारों खासकर दलित महिलाओं की शिक्षा के लिए संघर्ष करने वाली सावित्रीबाई फुले ने विधवाओं के लिए एक पुनर्वास केन्द्र की स्थापना की और उन्हे पुनः विवाह के लिए प्रेरित भी किया। 28 जनवरी 1853 को उन्होंने गर्भवती बलात्कार पीड़ितों के लिए बाल हत्या प्रतिबंधक गृह की स्थापना भी की। यह सब करना उनके लिए कतई आसान नहीं था,क्योंकि उन्हें लगातार लोगों के विरोध का सामना करना पड़ता था। सावित्रीबाई फूले का पूरा जीवन समाज के वंचित तबके खासकर दलितों और महिलाओं के संघर्ष के लिए बीता। उनके पति महान समाज सुधारक,लेखक और दार्शनिक ज्योतिराव फूले का 1890 में निधन हुआ। सावित्रीबाई ने ही उनका दाह संस्कार किया। पति की चिता को मुखाग्नि दी और अंतिम संस्कार की सभी विधियां पूर्ण की। उस समय किसी महिला का ऐसा करना कोई सोच भी नहीं सकता था। इसका भी लोगों ने विरोध किया।

1897 में जब महाराष्ट्र में प्लेग की महामारी फैली तब सावित्रीबाई फूले ने अपने बेटे के साथ मिलकर अस्पताल में भर्ती बीमार लोगों की देखभाल की। हालांकि इस दौरान वह स्वयं भी प्लेग से पीड़ित हो गईं और 10 मार्च 1897 को उन्होंने अंतिम सांस ली। वह केवल एक समाज सुधारक शिक्षिका ही नहीं थी,बल्कि कवयित्री भी थीं। उन्हें मराठी की आदि कवयित्री माना जाता है। फूले दंपति को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 1852 मे ब्रिटिश सरकार ने सम्मानित भी किया था। शिक्षा व सामाजिक क्षेत्र में सावित्रीबाई फूले के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। शिक्षकों के लिए वह सदैव प्रेरणा स्रोत बनी रहेंगी।

# चीनी मिल कर्मियों व पालिका प्रतिनिधियों ने किया प्रदर्शन

## चीनी मिल में फिटमेंट प्रक्रिया शुरू करने समेत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर दिया धरना, शीघ्र सभी मांगें पूरी करने की उठाई मांग

संवाददाता, बाजपुर



बाजपुर चीनी मिल के प्रशासनिक भवन के सामने धरना-प्रदर्शन करते मिल कर्मकार व पालिका बोर्ड के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** चीनी मिल में फिटमेंट प्रक्रिया शुरू करने समेत तीन सूत्रीय मांगों को लेकर मिल कर्मकारों व नगरपालिका बोर्ड ने चीनी मिल के प्रशासनिक भवन के सामने दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन किया। शनिवार को पूर्व घोषित कार्यक्रमानुसार मिल के प्रशासनिक भवन के सामने टेंट लगाने के साथ ही दरी बिछाकर धरना-प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इस दौरान सहकारी चीनी मिल व आसवनी में उच्च पदों पर नियुक्त कर्मचारियों को फिटमेंट प्रक्रिया का लाभ पहुंचाने, डिस्टलरी के गुलाब ब्रांड का नाम नहीं बदलने तथा रिक्त पदों पर स्थानीय बेरोजगार नवयुवकों को नियुक्ति देने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि सहकारी चीनी मिल में पिछले कई वर्षों से अपने पद से उच्च पदों पर कार्य कर रहे कर्मचारियों को फिटमेंट का लाभ नहीं दिया गया है। यह भी जानकारी मिल रही है कि बाजपुर डिस्टलरी में निर्मित देशी मदिरा गुलाब का नाम बदलने की तैयारी चल रही है जिसका हम पुरजोर विरोध करते हैं।

इसके अलावा मिल में काफी पद लंबे समय से रिक्त चल रहे हैं जिन पर स्थानीय बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिया जा सकता है। इन समस्याओं का जल्द समाधान न होने की दशा में उग्र आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी गई है। प्रदर्शन का संचालन विवेक पांडेय ने किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष गुरजीत सिंह गित्ते, सभासद जगतजीत सिंह, सादक हुसैन, मुकुंद शुक्ला, मोहन सिंह चौहान, मो.आसिफ, रामअवतार यादव, सुनील कुमार, सिंह स्वरूप भारती, निसार अहमद, तनवीर खां, बंशीधर मिश्रा, सुशील वर्मा, मक्खन सिंह, सुनील यादव, बबलू, रियासत, भगवान सिंह, मनकेश्वर, सुरेश दीक्षित, लल्लन, वीरेंद्र कुमार, नंदलाल यादव, वाजिल अली, मयंक जोशी आदि मौजूद रहे।



खटीमा में उप जिलाधिकारी कार्यालय पर ज्ञापन सौंपते गन्ना काश्तकार।

# किसानों ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**खटीमा।** गन्ना काश्तकारों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजकर आपके 11 मार्च तक चीनी मिल चलाने के आदेश के बावजूद मिल को 8 मार्च की रात्रि में बंद कर दिया गया है।

जबकि हजारों कुंतल गन्ना किसानों का खेतों में खड़ा है। मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी कार्यालय पर सौंपते हुए किसान नेता प्रकाश तिवारी सहित अन्य गन्ना काश्तकारों ने कहा है कि सात मार्च को आपके लोहिया हेड कैंप कार्यालय पर गन्ना काश्तकारों ने चीनी मिल को 11 मार्च तक चलाने की मांग की गई थी जिस पर आपके द्वारा चीनी मिल प्रबंधन को निर्देशित किया गया था। यह भी बताया है कि बीते दिवस 8 मार्च की रात्रि को चीनी मिल प्रबंधन द्वारा मिल बंद कर दी गई है जबकि खेतों में किसानों का हजारों एकड़ गन्ना अभी भी खड़ा है। उन्होंने मिल प्रबंधन पर आपके आदेशों का भी उल्लंघन करने का आरोप लगाया। उन्होंने मांग की है कि मिल को पुनः चालू कराया जाए । ज्ञापन देने वालों में किरन तलवार, नितिन रस्तोगी, मलकीत, शब्बीर, राम, विनोद कुमार, दलवीर, सुखचैन रहे।

# लोक अदालत में 2302 मामलों का निस्तारण

- न्यायाधीशों ने की मामलों की सुनवाई
- लोक अदालत में 5.40 करोड़ रुपये का राजस्व वसूला

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोक अदालत के मौके पर जिला जजी परि सर में न्यायाधीशों ने लंबित प्रकरणों की सुनवाई की और मौके पर ही ज्यादातर मामलों का निस्तारण कर दिया। इस दौरान प्रत्येक न्यायाधीश को पीठासीन अधिकारी बनाकर सुनवाई केंद्र में पीठ संख्या के आधार पर बिठाया गया। जहां न्यायाधीशों ने प्रकरणों की सुनवाई करते हुए मामलों का निदान किया।

शनिवार को लगी लोक अदालत में विद्युत चोरी,मारपीट,चैक बाउंस सहित कई मामलों की सुनवाई की। ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सचिन कुमार पाठक ने बताया गया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में कुल 2881 मामले रेफर किए गए। जिसमे से 2302 मामलों का निस्तारण किया गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत में 11 पीठ मुख्यालय रुद्रपुर से तथा बाह्य न्यायालय काशीपुर में छह पीठ, खटीमा में तीन पीठ व न्यायालय, जसपुर, सितारगंज व बाजपुर से एक एक पीठ बनायी गई थी। बताया कि न्यायालयों में लंबित मामलो में आपराधिक मामले 383, चेक बाउंस के 275, मोटर एक्सीडेंट क्लेम के 72, पारिवारिक मामलों में 78,ट्रैफिक चालान 1174, विद्युत के 198 मामले व प्रकीर्ण वाद 177 निस्तारित किए गए। जबकि न्यायालय के इतर बेकों के मामलों में 301 मामलों का निस्तारण किया गया। लोक अदालत में 5,40,34,713 रुपए की वसूली की गई।



कैशियर को रुपए वापस करते हरपाल सिंह व प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह रंधावा।

## हरपाल सिंह ने दिया ईमानदारी का परिचय

**दिनेशपुर, अमृत विचार :** दुर्गापुर निवासी हरपाल सिंह ने शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में धन निकासी के लिए ढाई लाख रुपये का विड्रॉल फार्म भर कर दिया। कैशियर ने गलती से उन्हें तीन लाख रुपए दे दिए। हरपाल रुपये बैग में रखकर घर आ गए। घर आकर जब उन्होंने रुपये गिने तो ढाई लाख की जगह तीन लाख रुपये देखकर वह हैरत में पड़ गए। इस पर उन्होंने फोन से ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गगन सिंह रंधावा व बैंक अधिकारियों को जानकारी दी। हरपाल सिंह ने ईमानदारी का परिचय देते हुए 50 हजार रुपये बैंक के कैशियर को वापस लौटा दिए। हरपाल सिंह की ईमानदारी की बैंक अधिकारियों एवं लोगों ने सराहना की।

## सार-संक्षेप

### वन कर्मियों ने खैर-सागौन से लदा वाहन पकड़ा



बाजपुर में अवैध लकड़ी से लदा वाहन।

**बाजपुर :** वन विभाग की टीम ने केला मोड़ पर लाखों रुपये की अवैध वन संपदा से लदे वाहन को पकड़ लिया। तस्कर मौके से फरार होने में सफल रहे। वाहन को सीज कर वन चौकी गुलजारपुर की सुपुर्दगी में दे दिया गया है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी रामनगर, उपप्रभागीय वनाधिकारी, वन क्षेत्राधिकारी सुरक्षा बल के निर्देशन में गुलजारपुर स्टाफ व वन सुरक्षा बल ने अवैध खनन, अवैध पातन की रोकथाम के लिए अभियान चलाया। वन टीम ने गश्त के दौरान खैर, सागौन के गिल्टे व सोकता ले जाते हुए एक वाहनको केला मोड़ पर पकड़ लिया। टीम को आता देख तस्कर मौके से फरार हो गए। बरामद वाहन को माल समेत सुरक्षित गुलजारपुर वन चौकी परिसर में खड़ा करवा दिया गया है। वहीं बरामद वन संपदा की कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। टीम में वन दरोगा मोहम्मद इमरान, अजय कुमार, मनमोहन सिंह, विकास कुमार वन आरक्षी, गुलशेर सिंह, रक्षपाल, कुलदीप सिंह, सुंदर सिंह आदि शामिल रहे।

### बाइक रपटने से दो लोग गंभीर रूप से घायल



घायल महेंद्र



विक्रम

**बाजपुर।** रोड में फैले मटर के छिलकों के पानी पर अचानक एक बाइक रपट गई। हादसे में बाइक पर सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपजिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। ग्राम बरहैनी निवासी महेंद्र सिंह पुत्र श्यामलाल व विक्रम सिंह पुत्र शिवपूजन शनिवार को बाइक पर बाजार से घर की तरफ जा रहे थे। इसी बीच नैनीताल-बाजपुर मुख्यमार्ग पर नई सड़क बरहैनी में बाइक अचानक सड़क पर रपट गई। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जाता है कि आजकल कुछ लोग मटर का छिलका ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर ले जा रहे हैं। मटर के छिलके से निकलने वाला पानी मुख्यमार्ग पर गिर जाता है। इस पानी की वजह से रोड चिकनी होने के कारण दो पहिया वाहन फिसल जा रहे हैं। इसी वजह से यह बाइक भी फिसली है।

### निदेशक डॉ. संजय कुमार सहित तीन वैज्ञानिकों को फेलो अवार्ड




मानद उपाधि प्राप्त करते डॉ. संजय कुमार।

**रुद्रपुर/पंतनगर :** उत्तराखंड जैव प्रौद्योगिकी परिषद हल्दी पंतनगर के निदेशक डॉ. संजय कुमार को सोसाइटी फॉर प्लांट रिसर्च एवं स्प्रिंगर जर्नल वेजिटोस की ओर से मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। वहीं परिषद के तीन वैज्ञानिकों डॉ. कंचन कार्की, डॉ. मणिन्द्र मोहन और डॉ. साक्षी पेन्यूली को फेलो अवार्ड से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान वेजिटोस के मुख्य संपादक डॉ. एसके भटनागर के उपस्थिति में एक राष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया। इस दौरान सम्मेलन के मुख्य अतिथि एवं उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. ओपीएस नेगी, एरीज नैनीताल के निदेशक डॉ. दीपांकर बनर्जी, राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान के निदेशक डॉ. सुनील नौटियाल, डीसीएफआर, भीमताल के निदेशक डॉ. पीके पांडेय एवं पंतनगर विवि कुलसचिव डॉ. केपी रावेरकर रहे।

# मेले में इलेक्ट्रॉनिक झूले आकर्षण का केंद्र

- मेले में दूसरे दिन तराई के विभिन्न हिस्सों से बुक्सा समुदाय के साथ ही अन्य वर्ग के लोग भी पहुंचे

संवाददाता, दिनेशपुर



दिनेशपुर के प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में आयोजित मेले में लगा झूला।

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि पर्व पर प्राचीन शिव मंदिर रामबाग में लगने वाले छह दिवसीय मेले के दूसरे दिन तराई के विभिन्न हिस्सों से बुक्सा समुदाय के साथ-साथ अन्य वर्ग के लोग भी पहुंचे।

मेले में लगे इलेक्ट्रॉनिक झूले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। इन पर झूल कर लोग आनंद ले रहे थे। शनिवार को प्राचीन शिव मंदिर में पहुंचे श्रद्धालुओं को मुख्य पुजारी चंदू सिंह लखचौरसिया व पुजारन मंतो देवी ने पूजा-अर्चना के बाद शिवलिंग पर जलाभिषेक करवाया। पूजा स्थल से कुछ ही दूर मेले में लगे इलेक्ट्रॉनिक झूले, चरखे व मनोरंजन के तमाम साधनों एवं बुक्सा पकौड़ी व जलेबी का लोगों ने भरपूर आनंद लिया। मेले की सुरक्षा व्यवस्था में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। मेला प्रभारी एसआई नवीन चंद्र सुयाल के नेतृत्व में पुलिस टीम के साथ एक प्लाटून पीएसी, होमगार्ड व पीआरडी के जवान तैनात किए गए हैं। इस मौके पर बुक्सा जनजाति कल्याण समिति अध्यक्ष बाबू सिंह तोमर, मेला व्यवस्थापक नित्यानंद मंडल व राकेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष रामचंदर सिंह, किशोर मलिक, चंदननगर प्रधान विकास सरकार, खटोला प्रधान एडवोकेट मुकेश सिंह राणा, कूल्हा प्रधान सुंदरगिरी गोस्वामी, सोमल सिंह, धर्म सिंह, भूपेंद्र सिंह, विभूति सरकार, सागर सिंह, दीनबंधु विश्वास, अशोक कालड़ा सहित सैकड़ो लोग रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के आंदोलन को दिया समर्थन

संवाददाता, गदरपुर



कार्यकत्रियों के साथ धरने पर बैठे एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन।

**अमृत विचार :** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। इस दौरान एकम सनातन भारत दल के कार्यकर्ताओं धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन को अपना समर्थन दिया। आंगनबाड़ी वर्कर्स का कहना था कि सरकार उनकी मांगों को शीघ्र पूरा करे।

धरना स्थल पर एकम सनातन भारत दल के प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता ब्लॉक पहुंचे। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. आरके महाजन ने कहा कि 20 दिन से धरने पर बैठी आंगनबाड़ी वर्कर्स की मांगों को कोई नहीं सुन रहा। उन्होंने कहा कि विधायकों का वेतन बिना धरना प्रदर्शन बढ़ जाता है। लेकिन जो सरकार के लिए 24 घंटे काम करती हैं उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा एकम सनातन भारत दल पूर्ण समर्थन देता है।

जिला अध्यक्ष मनप्रीत कौर का कहना था कि न्यूनतम मजदूरी के हिसाब से 18000 रुपए प्रतिमाह दिया जाए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को रिटायरमेंट होने पर 2 लाख रुपए दिया जाए। इस मौके पर एकम सनातन भारत दल के जिला अध्यक्ष चरणजीत सिंह चन्ना, गोपाल कश्यप, अमरीक सिंह, कुंवर सिंह, संदीप सिंह, हरजिंदर कौर, अनीता रानी, राधा रानी, प्रभा रानी, रीता, रजनी बत्रा, भूपेंद्र कौर, सुनीता रानी, नीलम रानी, शकुंतला, सविता सरकार आदि रहे

## होटल व्यवसायी का हृदय गति रुकने से निधन

**टनकपुर :** नगर के प्रतिष्ठित होटल व्यवसायी संजय पुठिया का शुक्रवार देर शाम हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वह 55 वर्ष के थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर है। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार शारदा नदी में किया गया। संजय शुक्रवार की शाम लगभग 7 बजे नेहरू पार्क में घूमने गए थे। तभी अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया। पार्क में मौजूद लोग उन्हें तत्काल उप जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन पर वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी, पूर्व विधायक हेमेश खर्कवाल, भाजपा नेता दीपक पाठक, पूर्व पालिकाध्यक्ष विपिन कुमार वर्मा, हर्षवर्धन सिंह रावत, व्यापार मंडल अध्यक्ष वैभव अग्रवाल, महामंत्री संजय पांडे, संजय शाह, संजय कुमार आर्य, योगेश जोशी, योगी जयाल आदि ने शोक जताया है।

## वर्ग पहेली-5

**बाएं से दाएं**

1. 1. खाद्य पदार्थ का बासी हो जाना 2. खाने-पीने के पदार्थों से बदबू आना गंधाना, सड़ना।
4. सूबेदार का ओहदा या पद, सूबेदार का कार्य।
6. वह कागज़ जिसपर इकरार और उसकी शर्तें लिखी हों, शपथपत्र, प्रतिज्ञापत्र।
7. 1. जो वैधानिक न हो, अवैधानिक 2. अकरणीय, अकर्तव्य।

**ऊपर से नीचे**

2. समान जाति से संबंधित, समान जाति या प्रकार के।
3. अनुपम, उत्कृष्ट, बेहतरीन, बेजोड़।
4. 1. प्राचीनकाल में सूबे अर्थात प्रांत का प्रधान अधिकारी अथवा प्रादेशिक शासक, (गवर्नर) 2. वर्तमान में फ़ौज का एक छोटा अधिकारी।
5. 1. हिम का घर 2. हिमालय पर्वत।
6. 1. बाण, तीर 2. (ज्यामिति) वृत्त के अंदर जीवा के मध्य-बिंदु से परिधि तक खींची जाने वाली सीधी रेखा।




### वर्ग पहेली -4 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 गु | | | | | 2 ते |
| 3 जु | ला | ब | | 4 खं | | गा |
| | ब | | 5 सौ | गा | त | |
| | 6 पा | नी | दा | र | | 7 बि |
| | श | | सू | | | खे |
| 8 साँ | | 9 इं | त | हा | | र |
| ड़ | | | | | | ना |

## सुडोकू-84

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 7 | | 5 | | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 1 | | | |
| 2 | | | | 6 | | | | 1 |
| | | 3 | | | 2 | 5 | 4 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | 6 | 1 | | | 8 | | |
| 5 | | | | 7 | | | | 2 |
| 4 | | | 9 | | 3 | | 6 | |
| | | | | 1 | 8 | | 9 | |

### सुडोकू -83 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 3 | 6 | 5 | 8 | 7 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 2 | 3 | 5 | 8 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 4 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 |
| 3 | 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 7 | 2 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 |
| 6 | 4 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 7 | 5 |
| 1 | 3 | 8 | 2 | 7 | 5 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 8 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अमावस्या 14.29 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, कन्या, धनु, कुंभ। ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पूर्वभाद्रपद 11 मार्च 01.55 तक तत्पश्चात उत्तर भाद्रपद।

**मेष** – आज व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कुछ बदलाव कर सकते हैं। मित्रों के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। लंबित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की संभावना है।

**वृष** – आज मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा, जो लोग आपके विरुद्ध थे,वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं। नया मकान खरीदने का विचार बनाएंगे। व्यापार में जिम्मेदारियां बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशंसा होगी।

**मिथुन** – आज जॉब में बदलाव करने का विचार बनाएंगे। प्रेम संबंधों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी। अपने काम को लेकर सतर्क रहें। समय के अनुसार अपने व्यवहार में बदलाव लाएं। व्यवसाय में रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कर्क** – आज रक्तचाप और किडनी के रोगियों की परेशानी हो सकती है। तनाव की वजह से आपकी नींद प्रभावित होगी। विवाह को लेकर समस्या होगी। किसी भी तरह की उधारी न करें। दांपत्य संबंधों को समय अवश्य दें।

**सिंह** – आज माता के स्वास्थ्य की चिंत रहेगी। घर में मित्रों का आगमन होगा। वैवाहिक चर्चाओं में सफलता मिलेगी। उत्साहवर्धक सूचना मिल सकती है। आपको प्रेम प्रस्ताव मिल सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिलने के योग बन रहे हैं।

**कन्या** – आज आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अपनी योग्यता पर विश्वास रखें। ऑफिस में राजनीति हो सकती है। अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। आपको ज्यादा मेहनत करने के बाद ही अच्छे परिणाम मिलेंगे। ट्रैफिक नियमों में लापरवाही न करें।

**तुला** – आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में परिजन किसी बात से रुष्ट हो सकते हैं। अपनी धार्मिक वृत्तियों का प्रदर्शन ज्यादा न करें। अपनी रुचि के अनुसार काम करने से सफलता मिलेगी। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का ध्यान रखें।

**वृश्चिक** – आज घर में किसी बात को लेकर झगड़ा हो सकता है। इस कारण आपका मन विचलित रहेगा। बिजली के उपकरणों का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। गलत आदतों पर शीघ्रता से नियंत्रण करें। आपके काम बिगड़ सकते हैं।

**धनु** – आज बच्चों के भविष्य की योजना बना सकते हैं। अपनी कार्यशैली में सुधार करने का प्रयास करेंगे। विद्यार्थी पढ़ाई पर काफी ध्यान देंगे। व्यवसाय में बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**मकर** – आज संपत्ति विवाद से दूर रहें। कार्यक्षेत्र में सीनियर्स से आपको लाभ मिलेगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपका मन नहीं लगेगा। कमीशन से जुड़े कार्यों में नुकसान हो सकता है। नए कारोबार में धन को लेकर परेशानी होगी।

**कुंभ** – आज ऑफिस का काम घर पर करना पड़ेगा। बॉस से बेवजह कहासुनी हो सकती है। दूसरों के कार्यों में अपनी दखलंदाजी न करें। अपनी बातों को दूसरों से मनवाने के लिए काफी मेहनत करनी पड़ेगी। मेहनत का उचित परिणाम मिलेगा।

**मीन** – आज सरकारी मामलों में आपको समस्या होगी। जीवनसाथी के साथ अपने संबंध अच्छे रखें। उच्च अध्ययन में आप रुचि ले सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अपनी व्यक्तिगत बातों को दूसरों से शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **खुद्दार** – दोपहर : 12.00
- **मेला** – रात : 08.39

SONY PIX
- **एक्वामैन** – सुबह : 09.52
- **स्पाइडर मैन** – रात : 07.59

SONY MAX
- **अर्जुन पटियाला** – सुबह : 10.56
- **हसीन दिलरुबा** – रात : 07.00

ZEE CINEMA
- **कार्तिक कॉलिंग कार्तिक** – सुबह : 10.30
- **रेस 3** – शाम : 04.30

colors CINEPLEX
- **बेटा** – दोपहर : 12.03
- **मैं हूं ना** – रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम 04.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बार एक दामाद शराब पी के घर लौटा। ससुराल वाले से बचने के लिए सूटकेस खोलकर काम करने लगा।
ससुर-आज फिर पी के आए हैं
दामाद-नहीं
ससुर-तो सूटकेस खोल के क्या रेडियो स्टेशन लगा रहे हैं।
ससुर की बात सुनकर दामाद का सारा नशा उतर गया।

गोलू पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी-कितना कमा लेते हो?
गोलू-20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू-मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

### करोड़ों की लागत से हुई केंद्र की स्थापना, युवाओं में वैज्ञानिक सोच को विकसित करने का होगा प्रयासः प्रो. पंत

# पर्यटन व विज्ञान को बढ़ावा देगा मानसखंड विज्ञान केंद्र

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** नगर के स्यालीधार में राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद व संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार ने उत्तराखंड विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के सहयोग से मानसखंड विज्ञान केंद्र स्थापित किया है। इस केंद्र की स्थापना से जहां पर्यटन और विज्ञान से जुड़ी गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। वहीं भावी पीढ़ी में वैज्ञानिक सोच विकसित करने के प्रयास भी होंगे।

यह बात उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक प्रो. दुर्गेश पंत ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सूचना विज्ञान और प्रौद्योगिकी के बढ़ते दायरे को देखते हुए अल्मोड़ा में इस केंद्र की स्थापना करोड़ों रुपये की लागत से की गई है। इस केंद्र के निर्माण के बाद पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ ही वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मनोदृष्टि के विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह केंद्र महत्वपूर्ण ऐतिहासिक वस्तुओं, प्रौद्योगिकी और उद्योग के विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इसके माध्यम से विज्ञान शिक्षा और विज्ञान को लोकप्रिय बनाने के लिए संग्रहालय, प्रदर्शनियों, प्रदर्शन उपकरणों और वैज्ञानिक शिक्षण सहायक सामग्री को डिजाइन करने का कार्य किया जाएगा। विज्ञान केंद्र में प्रदर्शनी, सेमिनार, लोकप्रिय व्याख्यान, शिविरों का आयोजन कर युवाओं को वैज्ञानिक लाभ दिलाए जाएंगे। इसके अलावा छात्रों के बीच वैज्ञानिक खोज, अनुभवात्मक शिक्षा, नवाचार और रचनात्मकता की भावना को बढ़ावा मिलेगा।


अल्मोड़ा में पत्रकारों से बातचीत के दौरान मौजूद यूकॉस्ट के अधिकारी।

**सीएम धामी आज करेंगे वर्चुअल शुभारंभ**

**अल्मोड़ा :** प्रो. दुर्गेश पंत ने बताया कि रविवार (आज) को मानसखंड विज्ञान केंद्र का मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में नैनीताल-ऊधमसिंह नगर लोकसभा सांसद अजय भट्ट, अल्मोड़ा-पिथौरागढ़ के सांसद अजय टम्टा और विधायक मनोज तिवारी समेत अनेक अधिकारी और गणमान्य लोग प्रतिभाग करेंगे।

## फिटनेस रन में साक्षी ने बाजी मारी

**टनकपुर, अमृत विचार :** नेहरू युवा केंद्र संगठन, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की ओर से गोरल चौड़ मैदान में नारी शक्ति फिटनेस रन का आयोजन किया गया। जिसमें साक्षी प्रथम, नीलम द्वितीय और नीतू तृतीय स्थान पर रहीं। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

प्रतियोगिता के तहत युवाओं को लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लिए भी जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चंपावत रेखा देवी, राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक दीपा जोशी, अंकित कुमार, डॉ. एमपी जोशी, शंकर पांडे, मुकेश शर्मा मौजूद रहे।

# लाखों रुपए पानी की तरह बहाए फिर भी ग्रामीणों के हलक सूखे

### बल्टा गांव की महिलाओं ने डीएम को बताई समस्या, मामले में हस्तक्षेप करने की मांग

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत भले ही विभाग ने योजना का लक्ष्य पूरा करने के लिए लाखों रुपये पानी की तरह बहा दिए हों, लेकिन आज भी दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को पेयजल मुहैया नहीं हो पाया है। विभाग ने घरों और गांवों तक कनेक्शन तो दे दिए हैं, लेकिन सालों बाद भी उनमें पानी की एक बूंद तक नहीं टपकी है।

ऐसा ही हाल है जिला मुख्यालय से लगे बल्टा गांव का। इस गांव की 800 से अधिक आबादी को पेयजल मुहैया कराने के लिए करीब दो साल पहले विभाग ने ग्रामीणों को करीब 150 से अधिक पेयजल कनेक्शन जल जीवन मिशन योजना के तहत दिए, ताकि सभी घरों तक पानी पहुंच सके। इसके लिए गांव में करीब 50 लाख रुपये खर्च कर 40 केएल का एक टैंक भी बनाया गया। लेकिन इस टैंक में आज तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई है। जिस कारण इससे जुड़े कनेक्शनों में भी कभी एक बूंद पानी नहीं टपका है। ग्रामीण आज भी स्वयं और मवेशियों के लिए प्राकृतिक स्रोतों से पीने के पानी की व्यवस्था करने को मजबूर हैं।

ग्राम प्रधान नीलम देवी का कहना है कि विभाग ग्रामीणों को पेयजल की सुविधा तो उपलब्ध नहीं करा पा रहा है, लेकिन सरकारी धन का जमकर दुरुपयोग कर रहा है। उन्होंने बताया कि इस अनियमितता के संबंध में जिला स्तर के अधिकारियों से भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कभी किसी ने कोई कार्रवाई करना मुनासिब नहीं समझा। पेयजल समस्या से आजिज आई ग्रामीण महिलाओं ने इस संबंध में डीएम विनीत तोमर से मुलाकात कर उन्हें आपबीती सुनाई और इस मामले में हस्तक्षेप कर कार्रवाई करने की मांग उठाई है। डीएम से मिलने वालों में विनीता, कंचन, बीना, विमला देवी, चंद्रा देवी, गुड्डी देवी, प्रेमा देवी, निकिता आर्या, निक्की आर्या, काजल आर्या, कलावती देवी, लीला देवी समेत कई महिलाएं शामिल रहीं।


डीएम दरबार में समस्या लेकर पहुंची बल्टा गांव की महिलाएं। ● अमृत विचार

**ग्रामीण आज निकालेंगे जनाक्रोश रैली**

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सल्ट में करीब दस वर्ष पूर्व स्वीकृत मंगरूखाल-तनशालीसैंण-कालिंका मोटर मार्ग का अब तक निर्माण न होने से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने सामजिक संस्था उत्तराखंड जन कल्याण समिति के बैनर तले रविवार को घटबगड़ से बजरखोड़ा तक विशाल जनाक्रोश रैली निकालने का ऐलान किया है। बैठक को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मार्ग को वर्ष 2014 में स्वीकृति मिल गई थी, लेकिन सरकारी हीलाहवाली के कारण आज तक निर्माण नहीं हो पाया। ग्रामीणों ने वर्ष 2018 में ईखूखेत बाजार में 20 दिन का आंदोलन भी किया था। जिसके बाद जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मार्ग निर्माण आश्वासन दिया था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर रैली के बाद भी सरकार और सरकारी तंत्र नहीं चेता तो आगे की रणनीति बनाई जाएगी। बैठक में आंदोलनकारी सुनील टम्टा, ग्राम प्रधान प्रवीण रावत, विनोद, अवतार, अन्नू, राकेश लखेड़ा, प्रेम सिंह, श्याम लाल, सुरेश आदि रहे।

## प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज करने से भड़के व्यापारी


बैठक के दौरान मौजूद देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** बीते दिन जाखनदेवी मार्ग के सुधारीकरण को लेकर हुए धरना-प्रदर्शन के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों पर मुकदमा दर्ज किया है। जिससे व्यापार मंडल और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। शनिवार को देवभूमि व्यापार संघ ने आपात बैठक कर शीघ्र मुकदमे वापस न लेने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष मनोज पंवार ने कहा कि जाखनदेवी में पिछले दो माह से सीवर लाइन का काम चल रहा है, लेकिन निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है। जिससे व्यापारियों और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इसके विरोध में धरना-प्रदर्शन किया गया। लेकिन निर्माण को समय से पूरा कराने के बजाय प्रशासन ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ ही मुकदमे दर्ज कर दिए हैं। नगर अध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने कहा कि जाखनदेवी में कार्यदायी संस्था कछुआ गति से कार्य कर रही है। जिस कारण मजबूरी में व्यापारी और लोगों को आंदोलित करना पड़ा था। लेकिन पुलिस ने उनके ऊपर ही मुकदमे दर्ज कर लिए, जो ठीक नहीं है। इस दौरान मनोज वर्मा, दिनेश गोयल, युसूफ तिवारी, प्रमोद पवार, हिमांशु कांडपाल, दीप चंद्र जोशी, वंदना वर्मा, मनु गुप्ता, हिमांशु बिष्ट, दीपक जोशी, आनंद सिंह भोज, कमल बिष्ट मौजूद रहे।

# युकां व एनएसयूआई ने फूंका सरकार का पुतला


बागेश्वर में सरकार का पुतला फूंकते युकां व एनएसयूआई कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

संवाददाता, बागेश्वर

**अमृत विचार :** अंकिता भंडारी हत्याकांड के वीआईपी का पता लगाने और अधिवक्ता आशुतोश नेगी को झूठे मुकदमे में फंसाने के विरोध में युवक कांग्रेस व एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। उन्होंने अधिवक्ता पर दर्ज झूठे मुकदमे वापस लेने की मांग उठाई।

शनिवार को एसबीआई तिराहे पर प्रदर्शन करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत सिंह डसीला ने कहा कि प्रदेश सरकार तानाशाही में आ चुकी है। अंकिता भंडारी के हत्यारों को सजा दिलाने में सरकार गंभीर नहीं है। अंकिता की पैरवी कर रहे अधिवक्ता नेगी को झूठे मुकदमे में फंसाकर उसके परिवार का उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर चुप नहीं रहेगी। आगामी चुनावों में जनता के बीच मुद्दे को लेकर जाएगी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार तानाशाही पर उतर आई है। सरकार एक वीआईपी को बचाने के प्रयास में जुटी है। इसके लिए पुलिस पर दबाव बनाया जा रहा है। पुतला फूंकने वालों में युकां अध्यक्ष गोकुल परिहार, एनएसयूआई अध्यक्ष प्रेम गढ़िया, प्रेम दानू, हरीश त्रिकोटी, पंकज कुमार, कुंदन गोस्वामी शामिल रहे।

## प्रशासन से लिंक मार्ग सुधारीकरण की मांग

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** रानीधारा लिंक मार्ग का सुधारीकरण न होने से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मार्ग से प्रतिदिन सैंकड़ों लोग, बच्चे व वाहन आवाजाही करते हैं, लेकिन लंबे समय से मार्ग की हालत खस्ता है। और सुरक्षा दीवारें क्षतिग्रस्त हैं।

अतिवष्टि से हुए नुकसान के कारण मार्ग पहले से और संकरा हो गया है। जिस कारण आये दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। प्रशासन से कई बार मार्ग सुधारीकरण की मांग की गई, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो पाई। जिसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। मनोल बनकोटी, संतोष पांडे ने प्रशासन से मार्ग को ठीक करने की मांग की है।

# भाजपा विधायक का पुतला फूंका

संवाददाता, रानीखेत

**अमृत विचार :** नेपाली महिला से छेड़छाड़ के आरोपी भाजपा महिला नेत्री के पति के खिलाफ कार्रवाई न होने से नाराज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक पर आरोपी को बचाने का आरोप लगाते हुए विधायक का पुतला फूंका।

शनिवार को गांधी चौक पर पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि अम्याड़ी में भाजपा नेत्री के पति द्वारा नेपाली महिला से छेड़छाड़ का मामला सामने आया था। जिसमें क्षेत्रीय विधायक ने हस्तक्षेप कर पुलिस से मात्र चालान काटकर रफा-दफा करा दिया। कहा कि एक तरफ भाजपा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का नारा देती है। वहीं दूसरी ओर महिला से छेड़छाड़ के आरोपी को विधायक के दबाव छोड़ दिया जाता है। पुतला फूंकने वालों में महिला जिलाध्यक्ष गीता पंवार, बसंती डोरियाल, अगस्त लाल साह, कुलदीप कुमार, नंदन सिंह रावत, अंकित रावत, पंकज गुरुरानी, महिपाल सिंह कडकोटी, बलवंत सिंह नेगी, मो. शाहनवाज आदि शामिल रहे।


गांधी चौक पर विधायक का पुतला फूंकते कांग्रेस कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### चार महिलाएं सम्मानित

**बनबसा :** एससी-एसटी शिक्षक एसोसिएशन की ओर से ग्राम फागपुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्य प्रेम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर सुनीता देवी, कमला वेदी, गीता विश्वकर्मा और पूजा महर को उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशस्ति पत्र एवं डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रवक्ता कमला वेदी की लिखी पुस्तक बसंत के फूल व अन्य का विमोचन किया गया। यहां हरीश विश्वकर्मा, किरण, अनिल कुमार, केशव राम, राजाराम पौरी, उमेश चंद्र, मनोज, चैतराम, गिरधर, भावना, गंगा, हर्ष बहादुर आदि रहे।

### बिजली के दाम बढ़ाने का विरोध

**अल्मोड़ा :** अप्रैल माह से बिजली के दामों में वृद्धि करने का व्यापारियों ने विरोध किया है। नगर व्यापार मंडल ने शनिवार को मुख्य बाजार में धरना-प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। व्यापारियों ने कहा कि बिजली उत्पादक प्रदेश होने के बाद भी सरकार यहां के लोगों को महंगे दामों में बिजली दे रही है। जबकि अन्य प्रदेशों में बिजली की दरें काफी कम हैं। बिजली के दौरान प्रति यूनिट सरचार्ज बढ़ाए जाने से लोगों की दिक्कतें बढ़ जाएंगी। उन्होंने सरकार से इस प्रस्ताव को वापस लेने की मांग की। साथ ही कार्रवाई न होने पर लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी दी।

### छह पाइप उखाड़कर ले गए चोर

**चंपावत :** बाजरीकोट क्षेत्र में अज्ञात चोर छह पाइप उखाड़कर ले गए। जिससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति ठप हो गई है। जल संस्थान विभाग नई पाइप लाइन बिछाने में जुट गया है। क्षेत्र के खूंटी गांव की एक किलोमीटर लंबी पेयजल लाइन में से छह पाइप चोर बीती 6-7 मार्च को उखाड़ कर ले गए। आपूर्ति बाधित होने पर इसकी जानकारी लगी। जल संस्थान के पीटीसी चंद्रशेखर पंत ने बताया कि पेयजल आपूर्ति न होने पर लाइन की चेकिंग की गई तो छह पाइप गायब थी। जेई हेमंत फुलारा ने बताया कि चोरी की शिकायत थाने में दर्ज करा दी गई है। वहीं लाइन को ठीक करा पेयजल आपूर्ति सुचारू करने के प्रयास चल रहे हैं।

**आंदोलन** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने दी चेतावनी, गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन कर जताया आक्रोश

# मांगें पूरी नहीं तो लोकसभा चुनाव में भागीदारी भी नहीं

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मानदेय बढ़ाने समेत विभिन्न मांगों पर कार्रवाई न होने से नाराज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने लोकसभा चुनाव में किसी भी प्रकार की भागीदारी न करने का ऐलान किया है। शनिवार को गांधी पार्क में कार्यकत्रियों ने धरना-प्रदर्शन कर आक्रोश जताया। साथ ही जमकर नारेबाजी की।

कार्यकत्रियों ने कहा कि वह मांगों को लेकर पिछले एक सप्ताह से कार्य बहिष्कार कर रही हैं, लेकिन अभी तक किसी ने उनकी सुध तक नहीं ली है। उन्होंने कहा कि वह सालों से पूरी ईमानदारी से अपने केंद्रों का कार्य संभाल रही हैं। साथ ही समय-समय पर सरकार की अन्य जिम्मेदारियों का भी निर्वहन करती हैं, इसके बाद भी सरकार उनकी उपेक्षा कर रही है। कार्यकत्रियों ने कहा कि जब तक उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं होगी उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। यदि शीघ्र मांगें पूरी नहीं हुई तो वह चुनाव से जुड़े किसी भी काम में प्रतिभाग नहीं करेंगी। धरने में अंजू बिष्ट, शोभा पाठक, बचुली देवी, ममता आर्या, रजनी कार्की, कुसुम नेगी, भागीरथी लटवाल, किरन पिल्ख्वाल, गीता कनवाल, रीता तिवारी, गीता वर्मा, अनिता बिष्ट, स्वाति टम्टा, पुष्पा देवी, मंजू देवी, पुष्पा जोशी, सुमन जोशी, मंजू कनवाल, गीता कनवाल, हीरा देवी, गीता बिष्ट आदि मौजूद रहीं।


अल्मोड़ा के गांधी पार्क में प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

**सरकार पर लगाया सौतेला व्यवहार का आरोप**

**बागेश्वर :** विभिन्न मांगों को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का धरना शनिवार को भी जारी रहा। कार्यकत्रियों ने कहा कि प्रदेश सरकार उनके साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। हर बार उन्हें छला जा रहा है। कहा कि यदि आचार संहिता से पहले मांगें पूरी नहीं हुई तो वह लोकसभा चुनावों में सरकार को इसका सबक सिखाएंगी। धरने में देवकी रावत, गीता पांडे, जया जोशी, लता, जानकी चौबे, बीना कनवाल आदि रहीं।

## समस्याओं का समाधान नहीं तो होगा आंदोलन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** एसएसजे परिसर में व्याप्त समस्याओं से आजिज छात्रसंघ के पदाधिकारियों व छात्रों ने समस्याओं का शीघ्र समाधान न होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

छात्रसंघ अध्यक्ष राहुल धामी के नेतृत्व में छात्रों के एक शिष्टमंडल ने अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. संजीव आर्या के माध्यम से कुलपति प्रो. सतपाल बिष्ट को एक ज्ञापन भेजा है। जिसमें उन्होंने कहा कि मुख्य गेट से लेकर परिसर तक का मार्ग लंबे समय से खस्ताहाल है। जिस कारण कई बार हादसे भी हो चुके हैं। ज्ञापन में भुप्पी कोरंगा, राज कुमार जोशी, आयुष जोशी, संतोष धामी, प्राची, कशिश आदि ने हस्ताक्षर किए।

## सार-संक्षेप


आमबाग के भूमिया मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### भूमिया मंदिर में धूमधाम से हुई शिवलिंग की स्थापना

**टनकपुर :** आमबाग स्थित भूमिया मंदिर में धूमधाम से शिवलिंग की स्थापना की गई। इससे पूर्व गांव की महिलाओं ने गाजे-बाजे के साथ शारदा नदी से जल भरकर भव्य कलश यात्रा निकाली, जो नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मंदिर पहुंची। पंड़ित सुरेश चंद्र तिवारी के मंत्रोचारण के बीच श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की। साथ ही भजन कीर्तन भी किए। इसके बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में भुवन सिंह कठायत, उर्मिला चन्द्र, राधिका चन्द्र, मोहिनी चन्द्र, दिनेश चन्द्र, विनोद चन्द्र, रमेश चंद्र पंत, ईश्वरी चन्द्र, कमला कठायत, सुनीता चन्द, गणेश भट्ट समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी पर जताया आभार

**बागेश्वर :** महिला दिवस पर घरेलू गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी करने पर महिलाओं ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार जताया है। भाजपा महिला मोर्चा की नेता एडवोकेट भगवती धपोला, रूपा रौतेला, देवकी कपकोटी, नीमा दफौटी, भावना रावत, सुनीता टम्टा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने गैस सिलेंडर के दामों में कमी कर जनता को राहत दी है। इधर, गृहिणी नीमा देवी, हर्षिता गोस्वामी, रेखा गोस्वामी, जीवंती कांडपाल ने भी प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

### भिक्षावृत्ति रोकने को चलाया जागरूकता अभियान

**बागेश्वर :** जनपद में भिक्षावृत्ति रोकने के लिए पुलिस ने शनिवार को ऑपरेशन मुक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाया। महिला हेल्पलाइन प्रभारी एसआई मीना रावत के नेतृत्व में पुलिस टीम व बाल कल्याण समिति ने लोगों को छोटे बच्चों से बाल श्रम न कराने और भिक्षा न देने की अपील की। साथ ही पुलिस टीम व समिति ने कहीं भी भिक्षा मांगते या बाल श्रम करते छोटे बच्चे दिखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने को कहा।

### टैक्सी गधेरे में गिरने से चालक की मौत



**रानीखेत :** नगर के धोबी मोहल्ला निवासी एक टैक्सी चालक की बीती रात टैक्सी पार्क करने के दौरान गधेरे में गिरने से मौत हो गई। बलवंत सिंह नेगी (40) पुत्र रघुवर सिंह नेगी रात करीब 10 बजे अपनी ऑल्टो कार को घर के समीप पार्क कर रहा था तभी अचानक कार अनियंत्रित होकर गधेरे में गिर गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों के साथ रेस्क्यू अभियान चलाया और घायल को खाई से निकालकर अस्पताल भेजा। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना पर विधायक समेत विभिन्न सामाजिक व व्यापारी संगठनों के लोगों ने शोक जताया है।

### विधायक नैनवाल ने किया डामरीकरण का शुभारंभ

**अल्मोड़ा :** रानीखेत विधायक डॉ. प्रमोद नैनवाल ने भिकियासैंण विकास खंड के भतरौंजखान-लौकोट मोटर मार्ग के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया है। इससे पूर्व ग्रामीणों ने विधायक का ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। विधायक ने कहा कि ग्रामीण लंबे समय से मार्ग के डामरीकरण की मांग कर रहे थे। सरकार ने इसके लिए 70 लाख रुपये स्वीकृत किए हैं। उन्होंने कार्यदायी संस्था को कार्य में पारदर्शिता बरतने के निर्देश दिए। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष राम सिंह रावत, ग्राम प्रधान मीना नेगी, ईई आरडब्ल्यूडी अमित भारती, अवर अभियंता देवेंद्र कोठारी, वन पंचायत सरपंच गिरीश आदि मौजूद रहे।

### 37 छात्र-छात्राओं ने छोड़ी बोर्ड परीक्षाएं

**अल्मोड़ा :** जनपद में शनिवार को हाईस्कूल में अंग्रेजी और इंटरमीडिएट में गृह विज्ञान परीक्षा हुई। जिसमें जनपद के 37 छात्र-छात्राओं ने परीक्षाएं छोड़ दीं। केंद्र प्रभारी जर्नादन तिवारी ने बताया कि हाईस्कूल की परीक्षा में कुल 5765 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें से 5730 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। 35 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल पंजीकृत 113 में से 111 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि दो परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डायट प्राचार्य जीजी गोस्वामी ने राइंका दौलाघट, राइंका गोविंदपुर और राइंका मजखाली परीक्षा केंद्र का सचल दल के साथ निरीक्षण किया।

### डॉ. पवनेश को हेमलता हिंदी साहित्य पुरस्कार

**अल्मोड़ा :** राइंक नाई के प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. पवनेश ठकुराठी को रोहतक (हरियाणा) की आचार्य अकादमी संस्था ने हेमलता हिंदी साहित्य पुरस्कार से सम्मानित किया है। उन्हें यह पुरस्कार उनके हिंदी कविता संग्रह आदमी कब जिंदा होता है के लिए दिया गया है। राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में डॉ. पवनेश के कविता संग्रह को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है। अकादमी के अध्यक्ष आचार्य शीलक राम और सचिव डा. सुरेश कुमार ने पुरस्कार के रूप में स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र और धनराशि प्रदान की है। डॉ. पवनेश के अब तक शिक्षक चालीसा, नदी एक डायन थी, दो पेज की चिट्ठी में, बसंत आने से पहले, कभी किसी कहानी में, आदमी कब जिंदा होता है आदि हिंदी कविता संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं। पुरस्कार प्राप्त करने पर विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं और रचनाकारों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### दिल का दौरा पड़ने से शिक्षक की मौत



**लोहाघाट :** जीआईसी दसलेख में कार्यरत गणित के शिक्षक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई है। शिक्षक के निधन पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों और शिक्षकों ने शोक जताया है। मूलरुप से रुद्रप्रयाग निवासी और हाल लोहाघाट के सैरीगैर में रहने वाले शिक्षक अरविंद वाजपेई (42) शनिवार को डिहाइड्रेशन की शिकायत के चलते उपजिला अस्पताल लोहाघाट आए थे। अस्पताल में ही अचानक उन्हें दिल का दौरा पड़ गया। परिजन आनन-फानन में जिला मुख्यालय उपचार के लिए ले गए। लेकिन रास्ते में उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक शिक्षक वाजपेई अपने पीछे पत्नी और एक 10 वर्षीय बेटा छोड़ गए हैं। उनके निधन पर सीईओ एमएस बिष्ट, धनश्याम भट्ट, गोविंद सिंह बोहरा, जगदीश अधिकारी, इंदुवर जोशी, दीपक अधिकारी, गोविंद मेहता, भूपेश जोशी, सुनील पांडेय, सुंदर नाथ, भगवती प्रसाद पंत, अतर सिंह आदि ने शोक जताया।


बैजनाथ पहुंचने पर पूर्व राज्यपाल कोश्यारी का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### पलायन रोकने को खेती व उत्पादों को दें बढ़ावाः कोश्यारी

**बागेश्वर :** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी शनिवार को बैजनाथ पहुंचे। जहां उनका भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया। इस दौरान कोश्यारी ने कहा कि पहाड़ से पलायन रोकने के लिए ग्रामीणों को खेती और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना होगा। कहा कि राज्य में धामी सरकार केंद्र की मोदी सरकार के नेतृत्व में उल्लेखनीय कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से नशे व सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष करने को कहा। कहा कि प्रदेश सरकार नशा मुक्त उत्तराखंड बनाने का प्रयास कर रही है, जिसमें युवाओं को सहयोग करना होगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण, मंगल राणा, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी, महेश ठाकुर, जनार्दन लोहनी, जेसी आर्या, अनीता आर्या, चंदन बोरा, शंकर सिंह परिहार, आकाश रावत, गिरीश आदि मौजूद रहे।

# पूर्णागिरि धाम के लिए बनेगा मास्टर प्लान

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंदिर रोपवे निर्माण के लिए स्वीकृत की 45 करोड़ रुपए की धनराशि

**शुभारंभ**

- बोले-प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सच हुआ उत्तराखंड में पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना
- धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार है प्रतिबद्ध

संवाददाता, टनकपुर



रेलवे स्टेशन में टनकपुर-देहरादून एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते मुख्यमंत्री धामी व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** विश्व प्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम के विकास के लिए मास्टर प्लान बनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए कार्य कर रही है। पूर्णागिरि मंदिर रोपवे निर्माण के लिए 45 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है। वहीं भारत-नेपाल सीमा में व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और आर्थिक गतिविधियों के विकास के लिए 3.82 किलोमीटर के इंडो नेपाल ड्राई पोर्ट का निर्माण 177 करोड़ रुपये से किया जा रहा है।

यह बात मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को टनकपुर रेलवे स्टेशन में टनकपुर-देहरादून साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन का शुभारंभ करते हुए कही। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उत्तराखंड में पहाड़ तक ट्रेन पहुंचाने का सपना सच होने जा रहा है। दुर्गम पहाड़ों के बीच से ऋषिकेश से आगे कर्णप्रयाग तक ट्रेन का संचालन होना किसी सपने का साकार होने जैसा है।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेललाइन पर तेज गति से कार्य चल रहा है। टनकपुर-बागेश्वर रेल लाइन पर भी सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है और जल्दी ही इसमें भी काम शुरू हो जायेगा। देहरादून से आनन्द विहार के बीच इसी वर्ष वन्दे भारत ट्रेन का संचालन होना सबसे बड़ी उपलब्धि है। अब शीघ्र ही देहरादून से अयोध्या और वाराणसी के मध्य भी वंदे भारत ट्रेन के संचालन की सौगात मिलने वाली है।

उन्होंने कहा कि टनकपुर एक्सप्रेस के संचालन में टनकपुर से देहरादून तक अनेक महत्वपूर्ण शहरों को सीधे जोड़ा गया है, जिससे लोगों को काफी सुविधा होगी। साथ ही यह ट्रेन विभिन्न शहरों से मां पूर्णागिरि धाम के दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए यातायात का एक बेहतर विकल्प भी बनेगी। मंडलीय रेल प्रबंधक रेखा यादव ने कहा कि इस रेल सेवा का लाभ सीमांत के चम्पावत व पिथौरागढ़ जिले के लोगों को मिलेगा, और सस्ती शुलभ और आरामदायक रेल सेवा मिलेगी। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, प्रदेश मंत्री भाजपा हेमा जोशी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, दीपक रजवार, भाजपा महामंत्री मुकेश कलखुडिया, पूर्वोत्तर रेल प्रबंधक रेखा यादव, जिलाधिकारी नवनीत पाण्डे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति आदि मौजूद रहे।

### जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण सरकार की प्राथमिकता

**चंपावत :** मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार सायं टनकपुर स्थित कैंप कार्यालय में स्थानीय जनता मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। कहा कि जन समस्याओं का त्वरित निराकरण राज्य सरकार की प्राथमिकता है। आम जनता को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कठिनाई का सामना न करना पड़े, इसके लिए सरलीकरण समाधान एवं निस्तारण की भावना के साथ जन समस्याओं को प्राथमिकता से निस्तारित किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये गए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग चंपावत की प्रकाशित विकास पुस्तिका 2024 का भी विमोचन किया और पुस्तिका प्रकाशन पर विभाग की सराहना की। कुमाउनी लोक गायक हरु जोशी ने यूसीसी पर बनाए गए गीत को लांच किया। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने वन विकास निगम के अध्यक्ष कैलाश गहतोड़ी के आवास पर जाकर उनके परिजनों से मुलाकात की। वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता रोहतास अग्रवाल के आवास पर जाकर उनका हालचाल भी जाना।

**एक नजर**

### मोदी की गारंटी से अछूता नहीं कोई वर्गः गौतम

**देहरादून :** भाजपा के प्रदेश चुनाव प्रभारी दुष्यंत गौतम ने कहा कि बेशक, लक्ष्य बड़ा है, लेकिन पार्टी कार्यकर्ताओं की कठिन मेहनत से इसे हासिल कर लेगी। उन्होंने कहा कि आज मोदी गारंटी से कोई वर्ग अछूता नहीं है, लेकिन कांग्रेस झूठे वादों की गारंटी दे रही है। उन्हें पहले अपने शासन वाले राज्यों में इन्हे लागू कर दिखाना चाहिए। दो दिवसीय प्रवास के दौरान मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में गौतम ने कहा कि भाजपा ने जनता के साथ मिलकर उत्तराखंड को सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने का संकल्प लिया है। जनता की राय का संकलन किया जा रहा है कि वह किस तरह से विकास चाहती है। इसी जन अपेक्षा पर आधारित संकल्प पत्र ही भाजपा का घोषणा पत्र होगा, जिसे नई सरकार अमलीजामा पहनाएगी। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि हम 5 लाख से अधिक मतों के अंतर से जीतने में कोई कसर नहीं रखना चाहते हैं। हमारी लड़ाई सिर्फ जीतने की नहीं, बल्कि जीत से आगे बढ़ते हुए अधिसंख्य मतदाताओं का आशीर्वाद लेना है। कांग्रेस की गारंटी पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जिस पार्टी के वजूद रहने की गारंटी नहीं और जिसके कार्यकर्ताओं के पास अपने नेताओं के पार्टी में रहने की गारंटी नहीं, उन्हें जनता को झूठे वादों की गारंटी देने के वजाय अपनी पार्टी बचने की गारंटी देनी चाहिए।

**सार-संक्षेप**



टनकपुर में सीएम कैंप अधिकारी को ज्ञापन सौंपती महिलाएं। ● अमृत विचार

### बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की गुहार

**टनकपुर :** मनिहारगोठ व पूर्वी बिचई में बंदरों के आतंक से परेशान महिला काश्तकारों ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय पहुंचकर बंदरों के आंतक से निजात दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि बंदर न केवल फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं, बल्कि घरों में घुसकर सामान भी उठाकर ले जा रहे हैं। कैंप अधिकारी को सौंपे ज्ञापन में महिलाओं ने कहा कि पिछले लंबे समय से क्षेत्र में बंदर उनकी फसलों और फलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जानकी चन्द ने बताया कि मनिहारगोठ व पूर्वी बिचई में अधिकतर परिवार काश्तकार हैं जो खेती कर अपना जीवन यापन करते हैं। बंदरों के फसलों को बर्बाद करने से उनके सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने उत्पाती बंदरों को पिंजरे में कैद कर अन्यत्र छोड़ने की मांग की। कैंप अधिकारी राजपाल चौहान ने बताया कि वन विभाग के डीएफओ से वार्ता की गई है। दो से तीन दिनों में पिंजरा लगाकर बंदरों को पकड़ा जाएगा। ज्ञापन देने वालों में दीपा भट्ट, लक्ष्मी भट्ट, सलीमा, निशा, अनीसा, शयमा, शाहिदा, माया, ज्योति, मंजू गहतोड़ी आदि रहीं।

### प्रकृति के साथ नहीं होने देंगे खिलवाड़

**अल्मोड़ा :** विश्व प्रसिद्ध जागेश्वर धाम में सड़क चौड़ीकरण के नाम पर देवदार के पेड़ काटने के प्रस्ताव का विरोध जारी है। शनिवार को लोगों ने गांधी पार्क के पास सांकेतिक प्रदर्शन कर कहा कि देवदार के पेड़ों को काटने की साजिश कर प्रकृति के साथ खिलवाड़ करने की कोशिश की जा रही है। जिसे किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। चेतावनी दी है कि अगर देवदार के जंगलों को नुकसान पहुंचाया गया तो शासन व सरकार के खिलाफ उग्र आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान भारती पांडे, अरमान चौधरी, दीपांशु पांडे, राकेश कुमार, सक्षम, सोनी मनकोटी, तनुजा, आकर्षण, अंकित, सुरेंद्र प्रसाद, रजनी टम्टा, पार्वती रौतेला, चंद्रा आदि रहे।

### शिव-पार्वती संवाद के साथ रामलीला का शुभारंभ

**टनकपुर :** देवभूमि रामलीला समिति की ओर से छीनीगोठ गांव में रामलीला का शुभारंभ हो गया। जिसमें पहले दिन शिव-पार्वती संवाद, रावण, कुंभकरण तथा विभीषण के वरदान मांगने और रावण के कैलाश पर्वत को हिलाने तक की लीला का मंचन हुआ। इससे पूर्व लीला का शुभारंभ सेवानिवृत्ति प्रधानाचार्य अंबादत पंत व ग्राम प्रधान पूजा जोशी ने किया। रामलीला को देखने के लिए पहले दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्रदीप जोशी, मुकेश जोशी, गोविंद चौड़ाकोटी, हरीश जोशी, जगदीश परगाई, नारायण दत्त चिल्कोटी, श्याम दत्त पांडे, मोहन जोशी, श्याम सिंह बिष्ट, उदय सिंह बिष्ट, प्रकाश जोशी, मनोज बिष्ट मौजूद रहे।

### कराटे प्रतियोगिता में निष्ठा और नेहा ने जीता स्वर्ण



कोच विजय रावत के साथ मेडल विजेता खिलाड़ी।

**बनबसा :** मिनी स्टेडियम की कराटे खिलाड़ी निष्ठा नेगी और नेहा जोशी ने रुद्रपुर में आयोजित अंतर महाविद्यालय कराटे प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। अब दोनों खिलाड़ी नॉर्थ ईस्ट कराटे प्रतियोगिता में कुमाऊं विश्वविद्यालय टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। स्टेडियम कोच विजय रावत ने बताया कि निष्ठा और नेहा पिछले 3 वर्षों से मिनी स्टेडियम बनबसा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं हैं। वह वर्ष 2022 में राष्ट्रीय एवं नॉर्थ इंडिया कराटे प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी हैं। दोनों की उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा अधिकारी भुवन पंत, उप जिला क्रीड़ाधिकारी चन्दन बिष्ट, मुकेश शर्मा, ललित कुंवर, जिला कराटे एसोसिएशन चंपावत के अध्यक्ष लक्ष्मण बिष्ट, दीपक अधिकारी, पुष्कर कापड़ी, विमला सजवान, कमलेश भट्ट, रण बहादुर मल, आशा ने बधाई दी है।

# केंद्र सरकार देश के जवान और किसान के साथ

ब्यूरो, देहरादून




सामुदायिक भवन का लोकार्पण करते कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी।

**कार्यक्रम**

- कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया रायफल मैन अमर शहीद अजीत प्रधान सामुदायिक भवन का लोकार्पण

**अमृत विचार :** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को विजयपुर हाथीबड़कला में 133.67 लाख की लागत से रायफल मैन अमर शहीद अजीत प्रधान सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने शहीद की माता हेम कुमारी प्रधान को सम्मानित करते हुए शहीद अजीत प्रधान को पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही नव निर्मित सामुदायिक भवन का निरीक्षण भी किया।

मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि नया गांव में अब तक कई विकास कार्य किए जा चुके हैं और बाकी कार्य गतिमान है। जल संस्थान के माध्यम से नयागांव में 2 करोड़ की लागत से नलकूप निर्माण कार्य किया गया है। जिसका जल्द ही लोकार्पण किया जायेगा। एमडीडीए ने नयागांव में 10.82 लाख की लागत से सड़क निर्माण का कार्य, मण्डी समिति के माध्यम से 35 लाख से अधिक के कार्य जिसमें सड़क, पुश्ता निर्माण और घर के पास सुरक्षात्मक के शामिल है। कहा विधायक निधि के माध्यम से पूर्व सैनिक के लिए मल्टीपर्पज होम निर्माण के लिए 20 लाख रुपए से कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अगर मैं फौज का सिपाही नहीं होता तो मैं विधायक या मंत्री भी नहीं होता। देश के प्रधानमंत्री मोदी जहां देश की सीमा पर खड़े जवान की चिंता करते है, वही किसानों की भी चिंता करते है। सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के ध्येय वाक्य के साथ डबल इंजन की सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा प्रदेश में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के मूल मंत्र सरलीकरण, समाधान और निस्तारण की दिशा में आगे बढ़ रही है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष ज्योति कोटिया, सुरेश प्रधान, कैप्टन खेम बहादुर थापा, हेम कुमारी प्रधान, सरोज गुरुंग, निर्मला थापा, महेंद्र बिष्ट, वंदना बिष्ट, निर्मला भट्ट, प्रभा शाह, मनोज क्षेत्री, राजेंद्र थापा, धनेश पोखरियाल सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# हिमालयाज के उत्पादों में रखें गुणवत्ता का ध्यान

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में शनिवार को सचिवालय स्थित विश्वकर्मा भवन सभागार में हाउस ऑफ हिमालयाज ब्रांड को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने तथा उत्तराखंड के उत्पादों की अभिवृद्धि के लिए एक्टिव प्लान, इम्प्लीमेंटेशन तथा स्ट्रटेजी के संबंध में एक समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में अधिकारियों ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से हिमालयाज ब्रांड को लेकर किए जा रहे प्रयासों की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने बैठक में कौन-कौन से प्रोडक्ट होंगे, उत्पादों की खरीददारी, कहां-कहां पर इनके स्टोर होंगे, इसमें कौन-कौन से पदाधिकारी होंगे आदि के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करते हुये इनकी स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हिमालयाज ब्रांड के अन्तर्गत जो भी उत्पाद रखे जायें, उनकी गुणवत्ता, पैकेजिंग आदि पर विशेष ध्यान देते हुये इस ब्रांड से आमजन, स्वयं सहायता समूहों आदि को भी जोड़ा जाये तथा जल्द से जल्द इसकी शुरूआत की जाये। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, मुख्य सचिव राधा रतूड़ी, प्रमुख सचिव आरके सुधांशु, सचिव राधिका झा, विनय शंकर पांडेय, विनोद कुमार सुमन मौजूद रहे।

### जैविक हाट की स्थापना अनूठा प्रयासः जोशी

**देहरादून, अमृत विचार :** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को सर्ग विकास समिति की ओर से मियांवाला चौक स्थित जैविक हाट का रिबन काटकर शुभारंभ किया गया। उन्होंने विभिन्न स्टालों का अवलोकन भी किया। मंत्री गणेश जोशी ने जैविक हाट की स्थापना को अनूठा प्रयास बताया। उन्होंने कहा इस हाट से प्रदेश के कई किसान व हित शिल्पकार उपभोक्ता लाभान्वित होगें। कहा कि उत्तराखण्ड में जैविक कृषि, उद्यान आदि में बड़े स्तर पर जैविक खेती के कार्यक्रम चल रहे हैं एवं यह हाट बाजार जैविक क्षेत्र के लिए अति हितकारी रहेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग एक लाख से अधिक क्षेत्र में कृषक जैविक खेती कर रहे हैं तथा कई उत्पाद एक्सपोर्ट में भी जा रहे हैं। अग्रणी समूह जैसे बीज बनाओ आंदोलन, बालाजी स्वंय सहायता समूह (होई) बांस एंव रेशा परिषद, हिमोत्थान, गोरयै जैविक, हिमाद्री सबीना स्वयं सहायता समूह द्वारा प्रतिभाग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज स्थानीय उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचने के लिए प्रदेश के स्थानीय उत्पादों को जीआई टैग दिया जा रहा है। मिलेट्स श्री अन्न को बढ़ावा देने और उसके विपणन के लिए प्रदेश सरकार लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर संस्थापिका बिनीता शाह, कृषि निदेशक केसी पाठक, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह आदि रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से अधेड़ की मौत

**लोहाघाट, अमृत विचार :** टनकपुर-पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरोड़ाखान के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। लोहाघाट थाने के निरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार की देर रात मरोड़ाखान के कालापानी तोक के समीप एक व्यक्ति का शव होने की सूचना मिली। मौके में पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। शव की पहचान कृष्ण राम (42) पुत्र रामी राम निवासी राईकोट महर लोहाघाट के रुप में हुई। उन्होंने बताया कि कृष्ण राम को अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी थी। वाहन चालक टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। मामले में अभी तक किसी की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बूथों का किया निरीक्षण

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने शनिवार को विधानसभा द्वाराहाट पहुंचकर विभिन्न मतदान केद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी व्यवस्थाओं का जायजा और अधिकारियों को आयोग के निर्देशों के अनुसार व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बीवी आरसी पुरुषोत्तम सबसे पहले प्राइमरी पाठशाला विजयपुर मतदान केंद्र पर पहुंचे। जहां उन्होंने अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत जरूरी दिशा निर्देश दिए। इसके बाद जीआईसी कोटिला व अन्य मतदान केंद्रों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मानकों के अनुरूप मतदान केंद्रों में समय से सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जाएं।

### युवा कांग्रेस ने फूंका विधायक जीना का पुतला

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सल्ट विधायक महेश जीना का पुतला दहन किया। कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि बीते दिन विधायक ने देहरादून के नगर आयुक्त कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ बदसलूकी कर गुंडागर्दी का परिचय दिया है। जिससे सल्ट विधानसभा ही नहीं, पूरे जिले की छवि खराब हुई है। चौघानपाटा में एकत्र कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारे लगाए। युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार ने कहा कि सल्ट विधायक ने अपने चहेतों का टेंडर न होने पर नगर निगम के कार्यालय में जो व्यवहार किया, वह उन्हें शोभा नहीं देता है। एक ओर मुख्यमंत्री भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश की बात करते हैं। वहीं उन्हीं की पार्टी के लोग भ्रष्टाचार को खुलकर बढ़ावा दे रहे हैं। एनएसयूआई के राष्ट्रीय संयोजक गोपाल भट्ट ने कहा कि विधायक जीना जिस तरह उच्च अधिकारियों के साथ गाली-गलौच और अभद्रता करते दिखाई दे रहे थे। विधायक को इस पूरे प्रकरण में सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। पुतला दहन में गोविंद प्रसाद, विमल कुमार, राहुल अधिकारी, गौरव सरकार, अंकित, सुमित बिष्ट, चेतन पांडे, दक्ष, विनय, हेमंत, रोहन कुमार, रोहित सिंह, राहुल कार्की, पवन कुमार, लक्ष्मण लाल, महेंद्र सिंह, शरद चंद्र शाह आदि रहे।

## उत्तर प्रदेश

# शिवरात्रि पर कुट्टू का आटा खाने से 100 से अधिक लोग हुए बीमार

संवाददाता, मंडी धनौरा/ कैसरा

**मामला**

- खाद्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर लिए सैंपल
- पूर्व चेयरमैन और उनके परिजनों की हालत भी बिगड़ी

**अमृत विचार :** महाशिवरात्रि व्रत के दौरान शुक्रवार को कुट्टू का आटा खाने से नगर व कई गांव के करीब 100 से अधिक लोग बीमार हो गए। आनन-फानन में मरीजों को विभिन्न निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। वहीं कुछ का घर पर ही इलाज चल रहा है। जहां डॉक्टरों ने सभी की हालत खतरे से बाहर बताई है।

नगर व क्षेत्र के कई गावों में शुक्रवार देर शाम श्रद्धालुओं ने व्रत के बाद शाम को जब कुट्टू के आटे की पकौड़ी, पूड़ी और पराठे बनाकर व्रत का पारण किया था। देर रात नगर के मौहल्ला शिवपुरी, महादेव, हीरानगर सहित क्षेत्र के गांव विहापुरी, कमालपुर, कलाली, फतेहपुर छितरा सहित अन्य गावों के 100 से अधिक लोग उल्टी दस्त और घबराहट महसूस करने लगे। इसके बाद फूड प्वॉइजनिंग की शिकायत पर आनन-फानन में परिवार के लोगों ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया।मौहल्ला शिवपुरी में पूर्व चेयरमैन राजेश सैनी ने बताया कि उनके परिवार के कई सदस्यों ने कुट्टू से बने व्यंजन खाए थे। इसके बाद से ब्लड प्रेशर लो हो गया। उन्हें चक्कर आने की शिकायत हुई। फूड प्वॉइजनिंग हो गया। मौहल्ला महादेव निवासी पवन सैनी का कहना है कि उन्होंने एक दुकान से कुट्टू का आटा खरीदा था। इसे खाने से परिवार के पांच सदस्य बीमार हो गए। विहापुरी के प्रधान बंटी का कहना है कि उनके परिवार सहित गांव में लगभग 40 से 50 लोग कुट्टू के आटे से बने व्यंजन खाने से बीमार हैं। राजेंद्र,नौबहार, राजपाल सिंह, नीलम, नीरू, कमलेश, सुनीता, अंजलि पकौड़ी खाने से बीमार हो गए। जिनका इलाज धनौरा के निजी अस्पतालों में चल रहा है। शनिवार को एसडीएम चंद्रकांता व क्षेत्राधिकारी श्वेताभ भास्कर ने अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हाल-चाल जाना।

### दो बाइकों की भिड़ंत में तीन युवकों की मौत

**रामपुर,अमृत विचार :** टांडा-बाजपुर मार्ग पर गांव सरकथल के पास शनिवार दोपहर दो बाइकों की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है।

गांव लोहर्रा इनायतगंज निवासी सरफराज दोपहर 12:30 बजे अपने ही गांव के दोस्त साजिद व आसिफ निवासी गांव नानकार रानी को रेलवे स्टेशन छोड़ने जा रहा था। सरकथल के पास पहुंचने पर टांडा की ओर से बाइक से जा रहे अतुल निवासी लखमन नगला व उसका मौसेरा भाई विवेक मझरा शादी का सामान लेने के लिए दढ़ियाल जा रहे थे। गन्ने से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉली को ओवरटेक किया तो दोनों बाइक सवारों की भिड़ंत हो गई।

# आईके और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइजमनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-2 के दूसरे दिन इंजीनियरिंग कॉलेज के स्टेडियम में शनिवार को ग्रुप सी की टीमों आईके कलेक्शन एकेडमी और साईं क्रिकेट एकेडमी और ग्रुप डी की टीमों एमएलसीसी इज्जतनगर और हल्द्वानी क्रिकेटर्स के बीच मैच खेले गए। जिसमें आईके कलेक्शन ने तीन विकेट और हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने सात विकेट से जीत हासिल की।

आईके कलेक्शन के अभिषेक प्रताप और हल्द्वानी क्रिकेटर्स के देवेंद्र को मैन आफ द मैच चुने गए। पहले मैच में साईं एकेडमी के कप्तान शुभम उपाध्याय ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और टीम ने चार विकेट के नुकसान पर 20 ओवर में 139 रन बनाए। आईके कलेक्शन ने सात विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

दूसरे मैच में एमएलसीसी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और छह विकेट के नुकसान पर 192 रन बनाए। हल्द्वानी क्रिकेटर्स ने सात विकेट से जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच की ट्राफी एसआरएमएस कालेज ऑफ इंजीनियरिंग के डॉ. सोवन मोहंती ने दी।

# फेसबुक पर हुई दोस्ती, शादी के लिए थाने पहुंचीं दो छात्राएं

संवाददाता, सैदनगर (रामपुर)

**अमृत विचार :** अजीमनगर थाने में शनिवार दोपहर दो छात्राएं शादी करने के लिए पहुंच गईं। दोनों ने बताया कि उनके परिजन शादी के लिए तैयार नहीं हैं जबकि, वे एक-दूसरे के बिना नहीं रह सकतीं। पुलिस ने दोनों के परिजनों को थाने बुलाया और दोनों को उन्हें सौंप दिया। एक साल पहले दोनों की दोस्ती फेसबुक पर हुई थी। तभी से एक-दूसरे को प्रेम करने लगी थीं।

अजीमनगर थाना क्षेत्र के गांव करनपुर निवासी 12वीं की छात्रा का उत्तराखंड के रुद्रपुर की रहने वाली 10वीं की छात्रा के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि काफी समय से दोनों एक-दूसरे से शादी करना चाहती थीं ,लेकिन उनके परिजन तैयार नहीं थे। शनिवार दोपहर रुद्रपुर की छात्रा करनपुर निवासी अपनी दोस्त के घर पहुंच गई। दोनों छात्राएं एक-दूसरे को गले लगाकर खूब रोईं। इस दौरान दोनों घर से भाग कर अजीमनगर थाने पहुंच गईं। पुलिस से शादी करने की जिद करने लगी। पुलिस ने दोनों के परिजनों को मौके पर बुला लिया। दोनों छात्राओं को समझाने के बाद पुलिस ने उनके परिजनों के हवाले कर दिया। आठ दिन पहले भी दोनों छात्राएं भाग कर कोर्ट मैरिज के लिए जा रही थीं।

**सार-संक्षेप**

### व्यापारी ने फर्म के हड़पे लाखों रुपये

**बरेली :** प्रेमनगर में एक व्यापारी पर दूसरे व्यापारी ने 4.18 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। आरोप है कि पैसे वापस मांगने पर आरोपी और उसकी पत्नी ने व्यापारी की पत्नी और बेटे को जान से मारने की धमकी दी। शक्तिनगर निवासी नम्रता अग्रवाल ने बताया कि उनकी और उनके पति की श्रीगणेश एक्सपर्ट लैब नाम से फर्म है। फर्म नमकीन और बिस्कुट का कार्य करती है। उनके पड़ोस में रहने वाले नरेन्द्र मिश्रा, उसकी पत्नी ऊषा मिश्रा और बेटा सोनू मिश्रा ने साझेदारी में व्यापार करने का झांसा दिया। भरोसा करके उन्होंने आरोपी की फर्म कात्यानी को 6.18 लाख रुपये का सामान दे दिया, लेकिन सामान बेचकर उनके रुपये वापस नहीं किए। मांगने पर तीनों झगड़ा करने लगे। इसके बाद अशरफ खां चौकी में आरोपी ने लिखित समझौता किया, जिसमें 40 हजार रुपये प्रतिमाह देने की बात कही। मुश्किल से आरोपियों ने उन्हें 1.98 लाख रुपये कई बार में दिए लेकिन 4.18 लाख रुपये की धनराशि नहीं दी। जब रुपये मांगे तो नरेन्द्र, ऊषा और सोनू घर में घुस आए और मारपीट करने लगे और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### मौलाना तौकीर के घर अभी तक समन चिपका नहीं पाई पुलिस

**बरेली :** साल 2010 के दंगे के केस में मुख्य अभियुक्त करार दिए गए मौलाना तौकीर रजा खां के घर पर पुलिस अभी तक अदालत का समन चिपका नहीं पाई है। पुलिस ने शनिवार को जुलूसों की वजह से समन नहीं चिपका पाने की बात कही। अदालत ने तौकीर को 11 मार्च को पेश होने का आदेश दिया है। पुलिस इससे पहले बुधवार और फिर बृहस्पतिवार को समन तामील कराने पहुंची थी, लेकिन दोनों बार उसे खाली हाथ लौटना पड़ा था। पुलिस शनिवार को भी जुलूस का हवाला देकर समन नहीं चिपकाया। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि रविवार को पुलिस समन उनके घर पर चिपका कर उनके परिजनों को इसकी सूचना देगी।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी के फर्जी पत्र से किया लाखों का घोटाला

**बरेली/सीबीगंज :** सीबीगंज में जिला समाज कल्याण अधिकारी का फर्जी पत्र बैंक को भेजकर निष्क्रिय खातों में वृद्धावस्था पेंशन की रकम भिजवाकर हड़प ली गई। बैंक ऑफ बड़ौदा की परसाखेड़ा शाखा प्रबंधक आदित्य अग्रवाल की शिकायत पर सीबीगंज पुलिस ने 15 लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। गांधीनगर निवासी आदित्य अग्रवाल ने बताया कि वह परसाखेड़ा स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में शाखा प्रबंधक हैं। बैंक में साल 2022 से करीब 14 खाते निष्क्रिय थे। उनकी शाखा को स्पीड पोस्ट के माध्यम से जिला समाज कल्याण अधिकारी के नाम से एक पत्र प्राप्त हुआ था। जिसमें कहा गया है कि निष्क्रिय खातों को सक्रिय कर उनमें वृद्धावस्था पेंशन हस्तांतरित कर दी जाए।

### महिला को नशा सुंघाकर सोने का जेवर लूटा

**रामपुर :** जिला अस्पताल में बीमार बेटी की देखरेख कर रही महिला को नशा सुंघाकर लुटेरा करीब दो तोला सोने के जेवर लेकर फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। पीड़ित महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाबूगढ़ निवासी साजिदा की बेटी कासिमा जिला अस्पताल के महिला वार्ड में तीसरी मंजिल में भर्ती है। जहां उसका इलाज चल रहा है। शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे महिला पानी लेने के लिए जा रही थी। जिला अस्पताल परिसर में युवक ने उसे रुमाल में नशा सुंघाकर बेहोश कर दिया। आरोपी उसके आधा तोला सोने की चेन, कुंडल और अगूंठी लेकर फरार हो गया। कुछ देर बाद जब उसे होश आया तो जेवर गायब देखकर वह परेशान हो गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। जहां उसने उन्हें घटना की जानकारी दी।

# हमने पूर्वोत्तर में पांच साल में जो किया, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लगते: मोदी

ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), एजेंसी

● प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर के राज्यों में किया 55,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को दावा किया कि उनकी सरकार ने पिछले पांच साल में पूर्वोत्तर भारत में जिस तरह का विकास कार्य किया है, उसे करने में कांग्रेस को 20 साल लग जाते। प्रधानमंत्री ने अरुणाचल प्रदेश की राजधानी ईटानगर में एक जनसभा में कहा-दक्षिण एशिया और पूर्वी एशिया के साथ भारत के व्यापार, पर्यटन और अन्य संबंधों में पूर्वोत्तर एक मजबूत कड़ी बनेगा। आज यहां 55,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश आने वाला कोई भी व्यक्ति स्पष्ट रूप से देख सकता है कि मोदी



की गारंटी क्या है। उन्होंने कहा, ''पूरा पूर्वोत्तर देख रहा है कि मोदी की गारंटी कैसे काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब वह देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं, तब विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' के नेता उन पर हमला कर रहे हैं।

**मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का किया उद्घाटन:** मोदी ने सामरिक रूप से महत्वपूर्ण सेला सुरंग का शनिवार को उद्घाटन किया जो अरुणाचल प्रदेश के तवांग तक हर मौसम में संपर्क सुविधा उपलब्ध कराएगी। उन्होंने कहा कि 2019 में सेला सुरंग की नींव रखे जाने के बाद इसका का उद्घाटन मोदी की गारंटी का प्रमाण है।

### सिलीगुड़ी को 4,500 करोड़ रुपये की सौगात

**सिलीगुड़ी।** प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तरी पश्चिम बंगाल में 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का शनिवार को लोकार्पण किया। मोदी ने राज्य की अपनी तीसरी यात्रा के दौरान क्षेत्र के सबसे बड़े शहर सिलीगुड़ी में एक कार्यक्रम में परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में राज्यपाल सीवी आनंद बोस भी मौजूद थे।

### पीएम ने त्रिपुरा में बंदरगाह का किया उद्घाटन

**अगरतला।** प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण त्रिपुरा के सबरूम में तीसरे भूमि बंदरगाह का शनिवार को वर्चुअली उद्घाटन किया, जिसका मकसद बंगलादेश के चटगांव समुद्री बंदरगाह के माध्यम से दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के साथ देश के पूर्वोत्तर के व्यापार को अधिक सुविधाजनक बनाना है। भारत ने त्रिपुरा को बंगलादेश से सड़क मार्ग से जोड़ने के लिए फेनी नदी पर पहले ही एक पुल का निर्माण किया है।

### मोदी ने बोड़फूकन की 125 फुट ऊंची प्रतिमा का किया अनावरण

**जोरहाट (असम)।** प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्वी असम के जोरहाट में 'अहोम सेनापति' लचित बोड़फूकन के समाधि स्थल पर उनकी 125 फुट ऊंची कांसे की प्रतिमा का शनिवार को अनावरण किया। इस 'स्टैच्यू ऑफ वेलर' (वीरता की प्रतिमा) की ऊंचाई 84 फुट है और इसे 41 फुट की चौकी पर स्थापित किया गया है। इससे यह संरचना 125 फुट ऊंची हो गयी है। प्रधानमंत्री ने टोक के समीप होलोंगापार में लचित बोड़फूकन मैदाम डेवलपमेंट प्रोजेक्ट में इस प्रतिमा का अनावरण किया। 16.5 एकड़ से अधिक के इस क्षेत्र का विकास एक पर्यटक स्थल के रूप में किया जा रहा है जो क्षेत्र के इतिहास को दर्शाता है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने फरवरी 2022 में इस प्रतिमा की नींव रखी थी।



चेन्नई में शनिवार को एयरफोर्स चीफ वीआर चौधरी के साथ ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी (ओटीए) में पासिंग आउट परेड और पिपिंग समारोह के दौरान कैडेट। ● एजेंसी

## एक नजर

### अरुणाचल के पूर्व सीएम ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नबाम तुकी ने आगामी लोकसभा और विस चुनावों से पहले कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। पार्टी के एक नेता ने शनिवार को बताया कि पार्टी के तीन विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बाद तुकी ने शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) को अपना इस्तीफा भेजा। प्रदेश कांग्रेस महासचिव ग्यामर ताना ने कहा-विधायकों को अन्य राजनीतिक दलों में जाने से नहीं रोक पाने के कारण पूर्व मुख्यमंत्री ने नैतिक आधार पर इस्तीफा दे दिया।

### राजस्थान में चाकू घोंपकर कांस्टेबल की हत्या

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में दो पक्षों के बीच झड़प के दौरान एक पुलिस कांस्टेबल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि सरूपगंज थाने में तैनात कांस्टेबल निरंजन सिंह की ड्यूटी शुक्रवार रात लौटाना गांव में आयोजित हो रहे शिवरात्रि मेले में थी। उसने बताया कि मेले में दो पक्षों के बीच झड़प हो गई और कांस्टेबल ने बीच बचाव किया। इसी दौरान किसी ने सिंह की गर्दन पर चाकू से वार कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

## सोनिया और लालू का एकमात्र लक्ष्य बेटों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना

पटना, एजेंसी

● गृह मंत्री अमित शाह ने पटना के एक सम्मेलन में लगाया आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद का एकमात्र लक्ष्य अपने-अपने बेटों को क्रमशः प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री बनाना है।

शाह ने पटना के पालीगंज प्रखंड में भाजपा के ओबीसी मोर्चा द्वारा आयोजित पिछड़ा-अतिपिछडा महासम्मेलन में अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया बिहार दौरे का जिक्र करते हुए कहा-अभी-अभी मोदी जी आए थे, उन्होंने देश भर में दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं लोकार्पण किया है। मगर मोदी जी को बिहार की जनता की ओर से एक विशेष बात के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। इतने सालों से कांग्रेस पार्टी और लालू प्रसाद यादव जी सत्ता में रहे, लेकिन उन्होंने कर्पूरी ठाकुर जी का सम्मान नहीं किया। बिहार के पिछड़ा वर्ग के हितैषी और बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने का काम हमारे प्रधानमंत्री मोदी जी ने किया है। उन्होंने आरोप लगाया-कांग्रेस पार्टी ने हमेशा अपने परिवार का सम्मान किया। लालू जी ने भी पूरा जीवन पिछड़ों के नाम पर अपने



परिवार के लिए जीया।

शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी का एकमात्र लक्ष्य राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना है। लालू जी का एकमात्र लक्ष्य अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना है। मुझे बताइए, जो अपने बेटे-बेटियों को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बनाना चाहते हों, वे आपके बेटे का भला कर सकते हैं क्या। उन्होंने कहा-पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग, गरीब और दलित का अगर कोई भला कर सकता है तो केवल और केवल नरेन्द्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी कर सकती है, इसलिए हमने कई प्रकार के काम गरीबों के लिए किया है। नरेन्द्र मोदी ने 10 साल के अंदर पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग के लिए ढेर सारे काम किए हैं। लालू जी जिसकी गोदी में बैठे हैं, उस कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पिछड़ा, अति पिछडा वर्ग का अपमान किया।

## कांग्रेस नेता सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद राजूखेड़ी भाजपा में शामिल

भोपाल, एजेंसी

### कांग्रेस पार्टी को लगा एक बड़ा झटका

मध्य प्रदेश में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश पचौरी ने कांग्रेस के साथ पांच दशक के अपने जुड़ाव को अलविदा कह दिया और शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए।

पचौरी, पूर्व सांसद गजेंद्र राजूखेड़ी और कांग्रेस के कई पूर्व विधायक सुबह भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष वी डी शर्मा और पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। यह कदम मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के लिए एक बड़ा झटका है क्योंकि पार्टी छोड़ने वाले उसके सदस्यों की संख्या बढ़ती जा रही है। गांधी परिवार के करीबी माने जाने वाले 71 वर्षीय पचौरी केंद्रीय रक्षा उत्पादन राज्य मंत्री भी रह चुके हैं। वह कांग्रेस के चार बार राज्यसभा सदस्य भी रहे हैं। भाजपा में शामिल होने के बाद पचौरी ने कांग्रेस की आलोचना की।

## पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भाजपा सांसद कुनार हेम्ब्रम ने दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के झारग्राम से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद कुनार हेम्ब्रम ने शनिवार को कहा कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता और पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। हेम्ब्रम ने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने निजी कारणों से यह फैसला लिया है। भाजपा की प्रदेश इकाई के प्रवक्ता समिक भट्टाचार्य ने कहा-हेम्ब्रम ने कुछ दिन पहले पार्टी को अपने फैसले के बारे में सूचित किया था। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए तृणमूल कांग्रेस ने कहा कि उन्होंने पराजय को भांपते हुए इस्तीफा दिया है। तृणमूल सांसद शांतनु सेन ने कहा-उन्हें पता है कि भाजपा सीट हारने वाली है।

### बोफोर्स मामला: हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका दाखिल

**नई दिल्ली।** राजनीतिक रूप से संवेदनशील 64 करोड़ रुपये के बोफोर्स घूस कांड में हिंदुजा बंधुओं के खिलाफ लगाए गए आरोप समेत सभी आरोपों को रद करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के 2005 के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक अर्जी दाखिल की गई है।

अधिवक्ता अजय अग्रवाल की ओर से दाखिल अर्जी में कहा गया है कि शीर्ष अदालत ने दो नवंबर, 2018 को उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की अर्जी खारिज कर दी थी। इसमें यह भी कहा गया है कि जांच एजेंसी उस फैसले के खिलाफ उनके द्वारा दायर अपील में सभी आधार उठा सकती है।

## सपा को बुंदेलखंड से किसी दिग्गज की तलाश

ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

### खजुराहो संसदीय क्षेत्र

● पिछले चुनाव में ददुआ के लड़के को उतारा था सपा ने

● उमा भारती की चुप्पी से सपा को होगा फायदा

**अमृत विचार:** इंडिया गठबंधन के तहत मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने बुंदेलखंड के अंतर्गत खजुराहो संसदीय क्षेत्र समाजवादी पार्टी को दिया है। 2019 में सपा ने दस्यु सरगना ददुआ के पुत्र वीर सिंह पटेल को यहां से उम्मीदवार बनाया था और उनकी जमानत जब्त हो गई थी। इस बार फिर सपा बुंदेलखंड के किसी दिग्गज को तलाश रही है जिसमें झांसी के दीप नारायण यादव का नाम सबसे आगे चल रहा है।

गठबंधन के तहत उत्तर प्रदेश में सपा ने कांग्रेस को 17 सीटें दी हैं और मध्य प्रदेश में कांग्रेस ने मात्र एक सीट खजुराहो सपा को दी है। यदि 2009, 2014 एवं 2019 के चुनाव नतीजों पर नजर डालें तो सपा को तीनों बार पांच प्रतिशत से भी कम मत मिले हैं। लेकिन इस बार उसे कांग्रेस और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की नाराजगी से जीत की संभावना है। 2019 में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं वर्तमान सांसद विष्णु दत्त शर्मा को 64.49 प्रतिशत एवं सपा के वीर सिंह पटेल को मात्र 3.19 प्रतिशत मत मिले थे। हालांकि उस समय कांग्रेस के पूर्व विधायक विक्रम सिंह नातीराजा की पत्नी कविता सिंह को 25 प्रतिशत से ज्यादा मत मिले थे। इसी तरह 2009 में भाजपा के विजयी उम्मीदवार नागेंद्र सिंह को 54.3 प्रतिशत एवं सपा के सिद्धार्थ कुशवाहा को 4.58 प्रतिशत मत मिले थे जबकि कांग्रेस के राजा पटेरिया को 26 प्रतिशत मत मिले थे। 2009 के चुनाव में भी सपा के उम्मीदवार जयवंत सिंह का प्रदर्शन सबसे खराब था। उन्हें मात्र तीन प्रतिशत मत मिले थे। जितेंद्र सिंह बुंदेला ने 39.33 प्रतिशत मत पाकर विजय हासिल की थी। इस प्रकार उक्त तीनों चुनावों में सपा का प्रदर्शन ज्यादा अच्छा नहीं था लेकिन इस बार सपा ने एक सोची समझी रणनीति के तहत कांग्रेस से यह सीट अपने खाते में ली है। इसके पीछे दो बड़े कारण है। वहां से पांच बार चुनाव जीतने वाली पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती का भाजपा से मोह भंग होना और जातीय समीकरण के तहत ब्राह्मणों के मुकाबले वहां पिछड़ा एवं दलित मतदाताओं की संख्या बहुत ज्यादा होना। पिछले चुनाव में बीजेपी ने चार दशक बाद ब्राह्मण उम्मीदवार शर्मा को मैदान में उतारा था।

जाति समीकरण के तहत ही इस बार सपा पिछड़े वर्ग के ऐसे उम्मीदवार को तलाश रही है जो आर्थिक रूप से भी संपन्न हो। जिसमें दीप नारायण यादव का नाम सबसे ऊपर है। खजुराहो संसदीय क्षेत्र छतरपुर, पन्ना एवं कटनी जिले के अंतर्गत 8 विधानसभा क्षेत्रों में विभाजित है और सभी में भाजपा के विधायक हैं इसलिए यह सीट भाजपा के लिए मजबूत मानी जा रही है।

मध्य प्रदेश में सपा का पहली बार खाता खजुराहो संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली चंदला विधानसभा क्षेत्र से विजय बहादुर सिंह बुंदेला ने खोला था और उनके नेतृत्व में सपा के एक-एक करके 7 विधायक भी निर्वाचित हुए थे लेकिन इस बार बुंदेला भाजपा में हैं।

# कारोबार/कृषि

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1850, राज श्री 1380, फ़ॉर्चून कि. 1775, रविन्द्रा 1810, फॉर्चुन ली0 1630, जय जवान 1450, सचिन 1540, सूरज 1475, अवसर 1580, राग गोल्ड 1640, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1715, मोर 1595, चक्र टिन 1695, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1720, स्वास्तिक 1850, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 17500, जीरा 40000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 12000-18000, सोंठ 45000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11700, मोटा हीरा 12700, अरहर गोला मोटा 12600, अरहर पटका मोटा 13000, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15200, **चीनी**-डालमियां 3980, पीलीभीत 3960, नवाबगंज (नई) 3950, बहेड़ी (नई) 3960 रुपये।

## कीमतें नियंत्रित करने के लिए सभी उपाय करेंगे

### वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले-खाद्य पदार्थों के दामों पर काबू पाने में होंगे सफल

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि केंद्र सरकार प्याज से लेकर टमाटर और दालों जैसे आवश्यक खाद्य पदार्थों की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। उन्होंने किसी भी अस्थायी बढ़ोतरी के कुछ दिनों के भीतर दरों को नियंत्रित करने के मोदी सरकार के पिछले रिकॉर्ड का हवाला दिया। गोयल के पास खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों का मंत्रालय भी है।

उन्होंने साक्षात्कार में कहा कि मोदी सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए उपाय करना जारी रखेगी कि "हमारी नारी-शक्ति" के घरेलू बजट पर कोई तनाव न हो। केंद्रीय मंत्री ने आम चुनावों से पहले खाद्य



पदार्थों की कीमतों पर नियंत्रण को लेकर सरकार की रणनीति के संबंध में एक सवाल के जवाब में कहा-हम इस पर काबू पाने में सफल रहेंगे... और मैं लोगों को आश्वस्त कर सकता हूं कि यह सरकार भारत की महिलाओं की परवाह करती है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में खाद्य मुद्रास्फीति से लड़ने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए मूल्य स्थिरीकरण कोष में लगभग 28,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। गोयल ने कहा-हम अपनी बहनों और माताओं के साथ आगे भी खड़े रहेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हम उन्हें तनाव न दें... हम यह सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं कि हम अपनी नारी-शक्ति का सम्मान करते हैं और इस बात का सम्मान करते हैं कि उन्हें अच्छा घरेलू बजट मिलना चाहिए। चुनाव आयोग जल्द ही आम चुनाव की घोषणा कर सकता है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है।

### आईपीआर कानून से विकास को तेजी से बढ़ावा मिला



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि बौद्धिक संपदा अधिकार (आईपीआर) कानून से देश में अनुसंधान और विकास को तेजी से बढ़ावा मिला है। उन्होंने कहा-हम आईपीआर कानूनों को सुविधा तथा प्रोत्साहन देने वाला बनाने की कोशिश कर रहे हैं, और निश्चित रूप से ये कानून अनुसंधान एवं विकास की प्रक्रिया में बाधा नहीं है। हमने कई कदम उठाए हैं और मैं इस विशेष नीति के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद देता हूं। उन्होंने कहा कि इस नीति को 2016 में काफी विचार-विमर्श के बाद लाया गया। वित्त मंत्री ने पेटेंट कानून पर न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह की पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि जो लोग नवाचार करना चाहते हैं, उन्हें यह कानून सुरक्षा देता है। सीतारमण ने कानून का विवरण साझा करते हुए कहा कि आठ अलग-अलग वस्तुएं, जिनका बौद्धिक संपदा से कुछ संबंध हैं, उन सभी को एक छतरी के नीचे एक साथ लाया गया है।

### रेल मंत्री ने वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का किया अनावरण

**बेंगलुरु।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को यहां भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड (बीईएमएल) संयंत्र में वंदे भारत शयनयान श्रेणी के कोच का अनावरण किया। बीईएमएल रक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आता है और रक्षा, अंतरिक्ष, खनन, निर्माण, रेल और मेट्रो जैसे विभिन्न क्षेत्रों के लिए उत्पाद बनाता है। इसे वंदे भारत शयनयान के 10 ट्रेनसेट (160 डब्बे) बनाने का ठेका मिला है। वैष्णव ने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के तीन संस्करण हैं - चेयर कार (कुर्सी यान), स्लीपर (शयनयान) और मेट्रो। जहां कुर्सीयान खंड पहले ही पेश हो चुका है और काफी लोकप्रिय है, वहीं वंदे भारत शयनयान की पहली संरचना तैयार है। वैष्णव ने संवाददाताओं से कहा-अब इसकी साज-सज्जा का काम होगा। संरचना बनाना सबसे मुश्किल काम है।

## भारत, ईएफटीए आज करेंगे मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर

नई दिल्ली, एजेंसी

● अधिकारी ने कहा-समझौते को 7 मार्च को मिल चुकी है मंजूरी

भारत और यूरोपीय समूह 'ईएफटीए' आपस में वस्तुओं और सेवाओं के व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के लिए रविवार को एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर करेंगे।

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के चार सदस्य-आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस समझौते को 7 मार्च को केंद्रीय मंत्रिमंडल से मंजूरी मिल गई। समझौते को आधिकारिक तौर पर व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) कहा गया। उन्होंने कहा कि एफटीए के इतिहास में पहली बार ईएफटीए से भारत में लक्ष्य-उन्मुख निवेश को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के बारे में




एक कानूनी प्रतिबद्धता को समझौते में शामिल किए जाने की उम्मीद है। भारत ने समझौते के कार्यान्वयन के बाद पहले 10 साल के दौरान 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता और उसके बाद अगले पांच वर्षों में ब्लॉक के सदस्य देशों से 50 अरब डॉलर की निवेश प्रतिबद्धता मांगी है। समझौते के तहत यह प्रतिबद्धता शुल्क कटौती से जुड़ी होगी। इस निवेश से देश में करीब 10 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की उम्मीद है। देशों को निर्यात से से ज्यादा लाभ होने की संभावना है।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 74,700 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,500 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,300-50,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 40, 500 |
| चांदी (999) | 74,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90, 500 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,400 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,400 |
| चांदी पक्की | 730 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,400 |
| चांदी आभूषण | 73,800। |

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1110 डीएमओ 885 बोल्ड 1150, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1115 बोल्ड 1145 डीएमओ 900।

### मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104-106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल : 94 रुपये लोबिया सफेद : 98 रुपये।

## शीर्ष छह शहरों में कार्यालय स्थल की मांग 5 से 5.5 करोड़ वर्ग फुट रहने की उम्मीद

नई दिल्ली, एजेंसी

● फिक्की और कोलियर्स इंडिया ने जारी की रिपोर्ट

भारत के छह प्रमुख शहरों में कार्यालय स्थल की मांग इस साल अच्छी रहेगी। फिक्की-कोलियर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार घरेलू और विदेशी कंपनियां अपने व्यवसाय विस्तार के लिए 2024 में 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट क्षेत्र पट्टे पर ले सकती हैं। छह प्रमुख शहरों बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली-एनसीआर, हैदराबाद, मुंबई और पुणे में कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5.82 करोड़ वर्ग फुट था।

उद्योग निकाय फिक्की और रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया ने इस सप्ताह की शुरुआत में अपनी रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट में कार्यालय मांग के लिए तीन परिदृश्य दिए गए हैं - आशावादी, यथार्थवादी और निराशावादी। रिपोर्ट के अनुसार यथार्थवादी स्थिति में, इन छह शहरों में इस साल श्रेणी-क के कार्यालय स्थल का कुल पट्टा 5-5.5 करोड़ वर्ग फुट होने का अनुमान है। आशावादी स्थिति में यह आंकड़ा 5.5-6 करोड़ वर्ग फुट तक जा सकता है, जबकि निराशावादी परिदृश्य में यह 4.5-5 करोड़ वर्ग फुट तक गिर सकता है।

## किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती

रायपुर, एजेंसी

● छत्तीसगढ़ में किसान महाकुंभ को रक्षा मंत्री राजनाथ ने संबोधित किया

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को कहा कि किसान और गांव के विकास बगैर भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती है। सिंह आज छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के 'साइंस' कॉलेज मैदान में किसान महाकुंभ में आए किसानों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में राज्य की पिछली कांग्रेस सरकार पर भी भ्रष्टाचार में लिप्त होने और विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।



सिंह ने कहा-मैं एक किसान का बेटा हूं और गांव से हूं। किसान अपनी मेहनत से मिट्टी से सोना उगा सकते हैं। मेरी सरकार किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाला केंद्र किसानों के कल्याण के लिए कई कदम उठा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों और गांवों के विकास के बिना भारत के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। सिंह ने कहा, ''अमेरिका में यूरिया उर्वरक का एक बोरी तीन हजार रुपए में उपलब्ध है.. भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां किसानों को तीन सौ रुपये प्रति बोरी के दर पर यूरिया उपलब्ध कराया जा रहा है। रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण महंगाई बढ़ी लेकिन मोदी सरकार ने बीज और खाद के दाम नहीं बढ़ने दिए हैं।

# इंग्लैंड पर पारी और 64 रन से जीत

## भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती, बैजबॉल शैली पर इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार



प्लेयर ऑफ द मैच कुलदीप यादव



धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन के अपने 100वें टेस्ट के एक पारी में 5 विकेट लेने से भारत ने इंग्लैंड को अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को पारी और 64 रन से शिकस्त देकर उसकी 'बैजबॉल' शैली पर भी प्रश्न चिह्न लगा दिया। भारत ने 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला 4-1 से जीती। यह 'बैजबॉल' शैली अपनाने के बाद इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 218 रन पर आउट हो गई थी, जिसके जवाब में भारत ने 477 रन बनाकर 259 रन की बढ़त ली। इंग्लैंड की टीम दूसरी पारी में तीसरे दिन दूसरे सत्र में ही 195 रन पर सिमट गई। पहली पारी में 4 विकेट लेने वाले अश्विन ने दूसरी पारी में 77 रन देकर 5 विकेट लिए। इंग्लैंड से जो रूट ने 84 रन बनाए। भारत श्रृंखला पहले ही अपने नाम कर चुका था, लेकिन वह विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के अंक लेने के लिए प्रतिबद्ध था। भारत के लिए यह जीत इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उसने यह विराट कोहली और मोहम्मद शमी जैसे खिलाड़ियों की गैर मौजूदगी में हासिल की। ऐसे में यशस्वी जयसवाल जैसे खिलाड़ियों ने मौके का फायदा उठाया। अश्विन ने सुबह के सत्र में 4 विकेट लेकर भारत की जीत तय कर दी थी। इंग्लैंड ने लंच तक 5 विकेट पर 103 रन बनाए थे। भारतीय गेंदबाजों ने बाकी बचे 5 विकेट दूसरे सत्र में लिए। भारत ने पहली पारी में सुबह केवल 4 रन जोड़कर अपने बचे दो विकेट गंवाए। जेम्स एंडरसन इस बीच टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले दुनिया के पहले तेज गेंदबाज बने। उन्होंने कुलदीप (30) को विकेट के पीछे कैच करा कर यह उपलब्धि पाई। ऑफ स्पिनर शोएब बशीर (5 विकेट) ने जसप्रीत बुमराह (20) को आउट कर पांचवा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने इसके बाद आक्रामक रूख अपनाया और विकेट गंवाए। कप्तान बेन स्टोक्स (2) को लंच से ठीक पहले अश्विन ने पवेलियन भेजा।

रोहित शर्मा पीठ में जकड़न से मैदान पर नहीं उतरे, ऐसे में बुमराह ने टीम की अगुआई कर अश्विन के साथ नई गेंद संभाली। अश्विन ने एक बार फिर बेन डकेट (2) को नहीं टिकने दिया। ये बल्लेबाज पिछले मैचों में भी अश्विन के सामने संघर्ष करता रहा। पिच से टर्न और उछाल मिल रही थी और ऐसे में अश्विन ने जैक क्रॉली (0) के लिए लेग स्लिप लगाई। उनकी गेंद इंग्लैंड के बल्लेबाज के बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर लेग स्लिप में खड़े सरफराज खान के हाथों में चली गई। अश्विन ने ओली पोप (19) के रूप में तीसरा विकेट लिया। इंग्लैंड के बल्लेबाज ने सीधी गेंद पर स्क्वायर लेग पर कैच दिया। अपना 100वां टेस्ट खेल रहे जॉनी बेयरस्टो (31 गेंद पर 39 रन) ने रूट के साथ मिलकर आक्रामक रवैया अपनाया। उन्होंने अश्विन पर 3 छक्के भी लगाए लेकिन कुलदीप ने उन्हें पगबाधा कर दिया। इस बीच उनकी पहली स्लिप में खड़े शुभमन गिल से नोक-झोंक भी हुई। लंच के बाद भी कहानी नहीं बदली और भारतीय गेंदबाजों के सामने इंग्लैंड के बल्लेबाजों की नहीं चली। बेन फॉक्स (8) ने अश्विन की गेंद पर स्वीप करना चाहा लेकिन वहां बोल्ड हो गए। अश्विन ने इस तरह से 36वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लेने का कारनामा किया। बुमराह ने इसके बाद टॉम हार्टली और मार्क वुड के विकेट लेकर भारत की बड़ी जीत सुनिश्चित की।

## स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी) 477/10 (124.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कुलदीप यादव का फोक्स बो एंडरसन | 30 | 69 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह स्टं फोक्स बो बशीर | 20 | 64 | 2/0 |
| मोहम्मद सिराज नाबाद | 00 | 02 | 0/0 |

अतिरिक्त: 6, विकेट पतन: 1-104, 2-275, 3-279, 4-376, 5-403, 6-427, 7-427, 8-428, 9-477, 10-477, गेंदबाजी: जेम्स एंडरसन 16-2-60-2, मार्क वुड 15- 1-89-0, टॉम हार्टली 39-3-126-2, शोएब बशीर 46.1-5-173-5, बेन स्टोक्स 5-1-17-1, जो रूट 3-0-8-0

**इंग्लैंड (पहली) 218 (दूसरी पारी) 195/10 (48.1 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जाक क्राउली का सरफराज बो अश्विन | 00 | 16 | 0/0 |
| बेन डकेट बो अश्विन | 02 | 05 | 0/0 |
| ओली पोप का यशस्वी बो अश्विन | 19 | 23 | 3/0 |
| जो रूट का बुमराह बो कुलदीप | 84 | 128 | 12/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो कुलदीप | 39 | 31 | 3/3 |
| बेन स्टोक्स बो अश्विन | 02 | 10 | 0/0 |
| बेन फोक्स बो अश्विन | 08 | 17 | 0/0 |
| टॉम हार्टले पगबाधा बो बुमराह | 20 | 24 | 4/0 |
| मार्क वुड पगबाधा बो बुमराह | 00 | 02 | 0/0 |
| शोएब बशीर बो जडेजा | 13 | 29 | 3/0 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 00 | 05 | 0/0 |

अतिरिक्त: 8, विकेट पतन: 1-2, 2-21, 3-36, 4-92, 5-103, 6-113, 7-141, 8-141, 9-189, 10-195, गेंदबाजी: बुमराह 10-2-38-2, अश्विन 14-0-77-5, रविंद्र जडेजा 9-1-25-1, कुलदीप 14.1-0-40-2, मोहम्मद सिराज 1-0-8-0

# लोग क्या सोचते हैं इससे मैं असहज नहीं: अश्विन



धर्मशाला, एजेंसी

रविचंद्रन अश्विन ने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के दौरान विभिन्न एक्शन और गति पर काम किया। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रतिक्रियाओं पर ध्यान दिए बिना प्रयोग करना उनकी सफलता का राज है। इंग्लैंड के खिलाफ खेला गया अंतिम टेस्ट अश्विन का 100वां टेस्ट मैच था। उन्होंने इस श्रृंखला में 26 विकेट लिए। अश्विन ने पांचवें मैच में भारत की पारी और 64 रन से जीत के बाद कहा कि पूरी श्रृंखला के दौरान मैंने भिन्न एक्शन और गति से गेंदबाजी की। यहां प्रत्येक मैदान से जुड़ी चुनौतियां होती हैं। लोग मेरे बारे में क्या सोचते हैं, इसको लेकर मैं कभी असहज महसूस नहीं करता हूं। उन्होंने कहा कि अगर मुझे विश्वास है कि मैं कुछ नया करने की कोशिश कर सकता हूं तो फिर मैं उससे पीछे नहीं हटता। मैं अच्छा फीडबैक लेने के लिए अपने कान और आंखें हमेशा खुली रखता हूं। मेरा कोई एक तरीका काम नहीं कर रहा है लेकिन सौभाग्य से प्रयोग करना और कुछ नया सीखने से मुझे मदद मिली है।

### गुरु कुबंले को अश्विन ने छोड़ा पीछे

रविचंद्रन अश्विन ने धर्मशाला के मैदान पर अपने 100वें टेस्ट मैच में 9 विकेट लेकर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज बनने का गौरव हासिल किया। उन्होने एक पारी में 5 विकेट लेने के मामले में अपने आदर्श अनिल कुबंले को भी पीछे छोड़ दिया। अश्विन की गेंदबाजी की बदौलत भारत ने धर्मशाला टेस्ट मैच जीत लिया। अश्विन ने पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 5 विकेट लिए। उनके टेस्ट करियर का यह 36वां मौका था जब उन्होने एक पारी में 5 या उससे अधिक विकेट लिए। इससे पहले पूर्व स्पिनर अनिल कुंबले यह 35 बार दोहरा चुके हैं। रविचंद्रन अश्विन इसके अलावा 100वें टेस्ट में फाइव विकेट हॉल लेने वाले भी चौथे गेंदबाज हैं। उनसे पहले मुथैया मुरलीधरन, अनिल कुंबले और शेन वॉर्न ने ही ऐसा किया था।

## खेल डायरी

### पीसीआई के नए अध्यक्ष झाझरिया ने कहा, पेरिस पैरालंपिक में 30 पदक जीतना होगा लक्ष्य



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) के नवनियुक्त अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया ने इस पद पर चुने जाने के बाद कहा कि पेरिस पैरालंपिक में भारत का लक्ष्य 30 पदक जीतना होगा जो तोक्यो में जीते गए पदकों से 11 अधिक है। भारत ने 2021 में तोक्यो पैरालंपिक में 5 स्वर्ण, 8 रजत और 6 कांस्य सहित 19 पदक जीते थे। झाझरिया ने इन खेलों में भाला फेंक में रजत पाया था। झाझरिया ने कहा कि पेरिस खेलों में हमारा लक्ष्य 30 पदक जीतने का होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पैरा खेल और पैरा खिलाड़ियों पर ध्यान दे रही है। हमने 2016 में रियो में अच्छा प्रदर्शन किया था तथा तोक्यो में 19 पदक जीते थे।

### स्वियातेक आसान जीत के साथ अगले दौर में

**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** नंबर 1 खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने अमेरिका की डेनियल कोलिन्स को हराकर बीएनपी परिबास इंडियन वेल्स टेनिस टूर्नामेंट के अगले दौर में प्रवेश किया। स्वियातेक की अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ पांचवीं जीत है। स्वियातेक की सत्र में यह 15वीं जीत है। महिला वर्ग के एक अन्य मैच में एंजेलिक कर्बर ने येलेना ओस्टापेंको को पराजित किया। पुरुष वर्ग में यानिक सिनर ने थानासी कोकिनाकिस पर जीत दर्ज की जबकि आंद्रे रुबलेव ने एंडी मरे को हराया। एलेजांद्रो टैबिलो, अलेक्जेंडर ज्वेरेव, स्टेफानोस सितसिपास और एलेक्स डी मिनौर ने भी जीत हासिल की।

### एनसीएए के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने परवेज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राष्ट्रीय खेलों के स्वर्ण पदक विजेता परवेज खान शनिवार को अमेरिका की एनसीएए चैंपियनशिप की ट्रैक स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने। एनसीएए दुनिया की प्रतिस्पर्धी कॉलेज प्रतियोगिता है जिसमें परवेज ने बोस्टन में पुरुष वर्ग की एक मील की स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाई। खान ने 3 मिनट 57 .126 सेकेंड में एक मील की रेस में तीसरे स्थान पर रहकर एनसीएए इंडोर ट्रैक एवं फील्ड चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया। 19 साल का भारतीय फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व कर रहा था, जिन्हें पिछले साल वहा कॉलेज स्कॉलरशिप मिली थी।

### हुसामुद्दीन विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर से बाहर

**बस्तो अर्सिज़ियो (इटली), एजेंसी।** भारत के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन की चोट से उबरने के बाद वापसी निराशाजनक रही और वह पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर में पुरुषों के 57 किग्रा भार वर्ग में आयरलैंड के जूड गैलाघेर से हार गए। वह विश्व चैंपियनशिप 2023 के क्वार्टर फाइनल के दौरान बाएं घुटने में लगी चोट के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धा कर रहे थे। हुसामुद्दीन ने बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों के चैंपियन गैलाघेर को बढ़त हासिल करने का मौका दिया।

# एंडरसन बने 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज

धर्मशाला, एजेंसी

उपलब्धि



● 187वां टेस्ट खेल रहे एंडरसन ने भारत के खिलाफ मैच में कुलदीप यादव का विकेट लेकर रचा इतिहास

इंग्लैंड के जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट में 700 विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बन गए हैं। अपना 187वां टेस्ट मैच खेल रहे 41 वर्षीय एंडरसन ने शनिवार को भारत के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के तीसरे दिन कुलदीप यादव को विकेट के पीछे कैच कराकर अपना 700वां विकेट लेकर इतिहास रच दिया।

उन्होंने शुक्रवार को शुभमन गिल के रूप में 699वां विकेट लिया था। टेस्ट में 600 से अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों में केवल दो तेज गेंदबाज हैं। इस सूची में एंडरसन के बाद उनके साथी खिलाड़ी स्टुअर्ट ब्रॉड का नाम है। पिछले साल संन्यास लेने वाले ब्रॉड के नाम पर 604 विकेट हैं। सभी गेंदबाजों में श्रीलंका के दिग्गज स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 800 विकेट लेकर शीर्ष पर हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के शेन वार्न (708 विकेट) का नंबर आता है। भारत के अनिल कुंबले चौथे स्थान पर हैं। उन्होंने 132 मैच में 619 विकेट लिए हैं। एंडरसन ने तब खेलना शुरू किया जब सचिन तेंदुलकर, रिकी पोंटिंग और ब्रायन लारा जैसे बल्लेबाज चरम पर थे। इस तेज गेंदबाज ने अगली पीढ़ी के बल्लेबाजों के सामने भी कड़ी चुनौती पेश की, जिनमें विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियमसन हैं। एंडरसन ने इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल जैसे बल्लेबाजों के सामने चुनौती पेश की।

तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा कि मैंने एंडरसन को पहली बार तब देखा जब वह 2002 में ऑस्ट्रेलिया में खेल रहे थे। गेंद पर उनका नियंत्रण नजर आ रहा था। नासिर हुसैन ने तब उनकी प्रशंसा की थी और वह आज भी ऐसा करते हैं। मुझे पूरा यकीन है कि वह कहेंगे 'मैंने बोला था' क्योंकि उन्होंने बहुत पहले उनकी प्रतिभा पहचान ली थी। तेंदुलकर ने कहा कि 700 टेस्ट विकेट शानदार उपलब्धि है। एक तेज गेंदबाज 22 साल से खेल रहा है और लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा है, यह तब तक काल्पनिक लगता होगा जब तक कि एंडरसन ने वास्तव में ऐसा नहीं कर दिखाया।

# बस गेंदबाजों पर दबाव बनाने की सोच रहा था : यशस्वी

धर्मशाला, एजेंसी



प्लेयर आफ द सीरिज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट मैचों की श्रृंखला में मिली सफलता का श्रेय पारी की शुरूआत करते हुए गेंदबाजों पर दबाव बनाने की रणनीति को दिया। जायसवाल ने श्रृंखला में 2 शतक और 3 अर्धशतक समेत 712 रन बनाए। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ गेंदबाजों पर दबाव बनाने के बारे में सोच रहा था। यही रणनीति थी और इस पर अडिग रहना था।

एक श्रृंखला में 700 से अधिक रन बनाने वाले सुनील गावस्कर के बाद दूसरे भारतीय बने जायसवाल ने कहा कि वह अपने पैर जमीन पर रखना चाहते हैं। मैंने श्रृंखला का पूरा मजा लिया। मैं यही सोचता हूं कि टीम के लिए कैसे योगदान दे सकता हूं और कैसे जीत तक ले जा सकता हूं। कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उसे लंबा सफर तय करना है और उसकी उपलब्धि देखकर अच्छा लग रहा है। उसके जैसा खिलाड़ी गेंदबाजों पर शुरू से ही दबाव बना सकता है। उसे चुनौतियां पसंद है। प्लेयर आफ द मैच बने कुलदीप यादव ने कहा कि मेरा फोकस अच्छी लेंथ पर है और इस प्रारूप में यह स्पिनरों के लिए जरूरी है। मैं ज्यादा नहीं सोचता कि बल्लेबाज क्या करने वाला है। कुलदीप ने रांची में बेन स्टोक्स और यहां जाक क्रॉली के विकेट को अपना पसंदीदा बताया।

### चोट के कारण तीसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे रोहित



पीठ में अकड़न से कप्तान रोहित शर्मा तीसरे दिन शनिवार को मैदान पर नहीं उतरे। उनकी गैरमौजूदगी में उपकप्तान जसप्रित बुमरा ने कप्तानी संभाली है। भारत को श्रृंखला के दौरान अपने शीर्ष खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलीं। बुमराह को रांची टेस्ट में ब्रेक दिया गया था और रजत पाटीदार को धर्मशाला टेस्ट के लिए टखने में दर्द हुआ था। रवींद्र जडेजा हैमस्ट्रिंग चोट से विशाखापत्तनम टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे और रविचंद्रन अश्विन को पारिवारिक आपात स्थिति से राजकोट से घर लौटना पड़ा। मोहम्मद शमी और विराट कोहली सीरीज में नहीं खेले हैं। शमी टखने की चोट और विराट अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण नहीं खेल पाए। चोट से केएल राहुल हैदराबाद टेस्ट को छोड़कर सभी मैच से बाहर रहे, जो भारत हार गया था।

### भारत की बी टीम से हारने का दर्द मैं समझता हूं : पेन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान टिम पेन को पता है कि टेस्ट में भारत की बी टीम से हारने का दर्द क्या होता है। पेन 2020-21 की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया के कप्तान थे जब भारत ने उसे उसकी धरती पर 2-1 से हराया था। विराट कोहली उस समय पहले टेस्ट के बाद स्वदेश लौटे थे और रोहित शर्मा पहले दो टेस्ट से बाहर थे। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और उमेश यादव चोट से बाहर थे जबकि अश्विन और बुमराह आखिरी टेस्ट के लिए उपलब्ध नहीं थे। अजिंक्य रहाणे ने युवा भारतीय टीम की अगुवाई करके ऐतिहासिक जीत दिलाई थी।

# बीसीसीआई की टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना, टेस्ट खेलकर ज्यादा कमाई

नई दिल्ली, एजेंसी



टेस्ट क्रिकेट को प्राथमिकता देने के वादे पर खरे उतरते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन खिलाड़ियों के लिए हर मैच 45 लाख का प्रोत्साहन देने का फैसला किया जो हर सत्र में तय 75 प्रतिशत या इससे ज्यादा मैच खेलते हैं। सचिव जय शाह ने शनिवार को इसकी घोषणा की।

एक टेस्ट खिलाड़ी जो एक सत्र में 10 मैच में हिस्सा लेता है, उसे बतौर प्रोत्साहन 4.50 करोड़ की राशि मिलेगी जो उसकी संभावित 1.5 करोड़ मैच फीस (हर मैच 15 लाख) से इतर होगी। शीर्ष क्रिकेटरों को सालाना केंद्रीय अनुबंध के तहत 'रिटेनर फीस' भी मिलेगी। शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि मुझे सीनियर पुरुष टीम के लिए 'टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना' की शुरूआत की घोषणा करके खुशी हो रही है क्योंकि यह कदम हमारे खिलाड़ियों को वित्तीय विकास और स्थिरता मुहैया कराने के उद्देश्य से उठाया गया है। 2022-23 सत्र से टेस्ट क्रिकेट प्रोत्साहन योजना के लिए मौजूदा 15 लाख मैच फीस के लिए अतिरिक्त पुरस्कार के तौर पर काम करेगी। यह प्रोत्साहन पूर्वप्रभावी होगा, जिसका असर 2022-23 सत्र के दौरान टेस्ट क्रिकेट में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों पर होगा। रोहित शर्मा ने सत्र के दौरान 10 टेस्ट (विश्व टेस्ट चैंपियनशिप, वेस्टइंडीज और द. अफ्रीका के साथ 2-2, इंग्लैंड के साथ 5) खेले हैं तो उन्हें 1.5 करोड़ मैच फीस मिलेगी।

# बॉलीवुड हलचल

## 'कल्कि 2898 एडी' में 'भैरव' बने प्रभास



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास फिल्म कल्कि 2898 एडी में भैरव का किरदार निभाएंगे। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य कल्कि 2898 एडी में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी हैं। कल्कि 2898 एडी के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर प्रभास का नया लुक रिलीज किया है और उनके किरदार का नाम भैरव बताया है। तस्वीर में प्रभास को पूरी तरह से काले रंग की पोशाक में आंखों पर एक गैजेट लगाए जमीन देख रहे हैं। वैजयंती मूवीज निर्मित कल्कि 2898 एडी एक पैन इंडिया फिल्म है। यह फिल्म 9 मई को पूरे भारत में रिलीज होगी।

### फिल्म एल2: एमपुराण के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयॉर्क में पूरी



**मुंबई, एजेंसी।** दक्षिण भारतीय स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन के निर्देशन में बनी फिल्म 'एल2 : एमपुराण' के तीसरे शेड्यूल की शूटिंग न्यूयार्क में पूरी हो गई है। पृथ्वीराज सुकुमारान निर्देशित पहली फिल्म एल22 : एमपुराण अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को आकर्षित कर रही है। मोहनलाल अभिनीत 'लूसिफ़ेर' की अगली कड़ी, एल2 : एमपुराण है। इसकी सूचना सोशल मीडिया पर साझा करते हुए पृथ्वीराज सुकुमारान ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए लिखा, शेड्यूल 3 का अंत। गौरतलब है कि एल2 : एमपुराण की शूटिंग अक्टूबर 2023 में शुरू हुई और इसे विभिन्न विदेशी स्थानों पर शूट किया गया है। यह फिल्म आशीर्वाद सिनेमास और लाइका प्रोडक्शन्स द्वारा निर्मित है।

## निरहुआ बनल करोड़पति में दिखेंगी आम्रपाली दुबे



**मुंबई, एजेंसी।** दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे स्टारर फिल्म निरहुआ बनल करोड़पति का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। जेपी स्टार्स पिक्चर्स प्रस्तुत दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे की आने वाली फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। इस फिल्म के निर्माता उमाशंकर प्रसाद हैं, इसके लेखक और निर्देशक मनोज नारायण हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक रिलीज होने के बाद निर्माता उमाशंकर प्रसाद ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी बॉक्स ऑफिस के लिए शानदार तोहफा होगी। फिल्म में सभी कलाकारों ने भी अपना बेस्ट दिया है तब जाकर हमारी यह फिल्म भव्यता के साथ और परदे पर आने को तैयार हो रही है। इस फिल्म में कई ऐसी चीज हैं जो दर्शकों को पहली बार देखने को मिलेगी और यह उन्हें पसंद आने वाली है। वहीं निरहुआ ने कहा कि मेरे लिए हर फिल्म चुनौती होती है, जिसे मैं सहसा स्वीकार करता हूं और मेरी कोशिश होती है कि उसे फिल्म के किरदार को संजीदगी से कर सकूं। एक अभिनेता के नाते मैं फिल्म के सेट पर अपने किरदार को जीने की ख्वाहिश रखता हूं। उन्होंने कहा कि यही दर्शकों के बीच मेरे लिए प्यार की वजह बनती है। उन्होंने कहा कि निरहुआ करोड़पति बनल अनोखे कॉन्सेप्ट पर आधारित है। कहानी तो नहीं बताऊंगा, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि आप सभी इस फिल्म को जरूर सिनेमाघर में जाकर देखें। फिल्म के सह-निर्माता आयुष राज गुप्ता हैं। फिल्म में दिनेश लाल यादव निरहुआ, आम्रपाली दुबे, सुदीक्षा झा, अयाज़ खान, शाहिल शेख, रंजीत सिंह, माही सिंह, अमृत जयसवाल, पल्लवी कोहली हैं। डीओपी रामशरण उप्रेती हैं। फिल्म के संगीतकर मधुकर आनंद हैं। गीत आशुतोष तिवारी, संतोष पुरी, धर्म हिंदुस्तानी और सत्य सावरकर ने लिखे हैं।

## कार्तिक ने फिल्म भूल भुलैया 3 की शूटिंग शुरू की




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक की फिल्म भूल भुलैया 2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। अनीस बज्मी के निर्देशन में बनी हॉरर कॉमेडी भूल भुलैया 2 लोगों को पसंद आई थी। भूल भुलैया 3 में कार्तिक की मुख्य भूमिका है। कार्तिक ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर दी है। उन्होंने अपने घर में मंदिर के सामने प्रार्थना करते हुए फिल्म की शुरुआत के लिए आशीर्वाद मांगते हुए इंस्टाग्राम अकाउंट पर तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में कार्तिक आर्यन भगवान के आगे हाथ जोड़कर खड़े हैं। कार्तिक आर्यन ने बताया है कि उनकी फिल्म 'भूल भुलैया 3' की शूटिंग शुरू हो गई है। कार्तिक आर्यन ने इसके साथ लिखा है, आज मेरे करियर की सबसे बड़ी फिल्म शुरू हो रही है। कार्तिक आर्यन ने हैशटैग के साथ शुभारंभ और भूल भुलैया 3 लिखा है। अनीस बज्मी के निर्देशन में बन रही भूल भुलैया 3 में कार्तिक आर्यन के अलावा तृप्ति डिमरी और विद्या बालन की भी अहम भूमिका है।

### आयुष शर्मा की फिल्म रुसलान का पोस्टर रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान के बहनोई आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रूसलान का पोस्टर रिलीज हो गया है। आयुष शर्मा ने वर्ष 2018 में प्रदर्शित फिल्म लवयात्री से बॉलीवुड में कदम रखा था। वह 2021 में प्रदर्शित सलमान खान निर्मित फिल्म अंतिम : द फाइनल टुथ में नजर आए थे। आयुष एक्शन अब एक्शन थ्रिलर फिल्म रुसलान में नजर आएंगे। आयुष ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म रुसलान का नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर शेयर करते हुए आयुष शर्मा ने कैप्शन में लिखा, हारने का खौफ नहीं है, मेरी गन और गिटार के साथ, बस दुनिया जीतने का जोश है। तूफान की तरह नहीं..., तूफान ही हूं मैं। करण बुटानी के निर्देशन में बनी रुसलान 26 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में सुश्री मिश्रा और जगपति बाबू की भी अहम भूमिका है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित। संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# जापान दौरे से सेमीकंडक्टर जैसे क्षेत्र होंगे मजबूत

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जयशंकर का जापान दौरा अहम रहा, कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएंगे दोनों देश

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर के जापान दौरे पर विदेश मंत्रालय ने कहा है कि इस दौरे से दोनों देशों के संबंधों में गुणात्मक सहयोग बढ़ेगा। साथ ही दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी बढ़ेगी। जयशंकर तीन दिवसीय दौरे पर जापान में थे।

अपने दौरे में जयशंकर ने जापान के पीएम फुमियो किशिदा से मुलाकात की। इस मुलाकात में जयशंकर ने किशिदा को दोनों देशों के संबंधों में बढ़ते सहयोग और वैश्विक साझेदारी की जानकारी दी और दोनों देशों के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए किशिदा के सुझाव लिए। 7 मार्च को जयशंकर ने 16वें भारत जापान स्ट्रैटेजिक डायलॉग में शिरकत की। जिसमें दोनों देशों के व्यापार, निवेश, आधारभूत और तकनीकी सहयोग, समन्वय, रक्षा और रक्षा सहयोग जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। जयशंकर के जापान दौरे पर सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम, ग्रीन टेक्नोलॉजी, डिफेंस उपकरण और तकनीक, डिजिटल पेमेंट के साथ ही भारत में जापानी भाषा को बढ़ावा देने जैसे मुद्दे पर भी बात हुई। हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में आपसी हित और वैश्विक बदलावों पर भी दोनों देशों में बात हुई। जापान में जयशंकर ने जापान के कई वरिष्ठ राजनेताओं जैसे जापान की सत्ताधारी पार्टी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के उपाध्यक्ष, महासचिव तोशीमित्सु मोटेगी, भारत जापान एसोसिएशन के अध्यक्ष योशिहिदे सुगा से भी बात की।

### भारत में 15 साल से अधिक समय तक रहेगी स्थिर सरकार



जापान दौरे पर पहुंचे विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत में सरकार को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने विश्वास जताया है कि भारत में एक या दो दशक से भी अधिक समय तक स्थिर सरकार रहेगी। भारत-जापान विशेष रणनीतिक साझेदारी पर निक्केई फोरम में बोलते हुए उन्होंने कहा कि एक मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित सुधारवादी और दूरदर्शी नेतृत्व के पास संसद में बहुमत होने के कारण साहसिक निर्णय लिए जा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में मजबूत राजनीतिक जनादेश का मतलब संसद में बहुमत होना है। यदि आपके पास सुधारवादी, दूरदृष्टि, प्रतिबद्धता वाला नेतृत्व है और वह नेतृत्व बहुत मजबूत राजनीतिक जनादेश द्वारा समर्थित है तो इससे साहसिक निर्णय लेने में आसानी होती है। निश्चित रूप से पिछले 10 सालों में जो हुआ है, हम इसके जारी रहने की उम्मीद करते हैं।

## नागपुर में भाजपा के कार्यक्रम में भगदड़ एक महिला की मौत

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर शहर में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भगदड़ में 50 वर्षीय महिला की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए।

सक्करदरा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना सुबह करीब साढ़े 10 बजे रेशिमबाग में भाजपा की नागपुर इकाई द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि भगदड़ में मनु तुलसीराम राजपूत गिर गई, उसे एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि चार अन्य महिलाओं को मामूली चोटें आई हैं। उन्होंने बताया कि दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और घटना की जां शुरू कर दी गई है।

# भारतीय पर्यटकों का मालदीव से मोहभंग, बेहाल हुआ टूरिज्म



भारत के साथ विवाद ने मालदीव का हाल बेहाल कर दिया है। दरअसल, पर्यटकों की कमी के कारण मालदीव का पर्यटन उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुआ है। मालदीव पर्यटन मंत्रालय द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, मालदीव जाने वाले भारतीय पर्यटकों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है।

- पर्यटन मंत्रालय के 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले साल 4 मार्च तक 41,054 भारतीय पर्यटकों ने मालदीव का दौरा किया था। जबकि 2024 में 2 मार्च तक भारतीय पर्यटकों की संख्या 27,224 दर्ज की गई। मालदीव स्थित अधाधू ने बताया कि यह पिछले साल की तुलना में 13,830 कम था।
- पिछले वर्ष की समान अवधि में, भारत 10 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ मालदीव में पर्यटकों के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बाजार था। हालांकि, भारत अब छह प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी के साथ सूची में छठे स्थान पर है।



### लक्षद्वीप में करोड़ों विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य

भारत सरकार ने लक्षद्वीप में वर्ष 2024 में लगभग एक करोड़ विदेशी पर्यटकों को लाने का लक्ष्य रखा है। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2023 में देश में करीब 60 लाख विदेशी पर्यटक आए है। लक्षद्वीप में मालदीव के साथ हुए ताजा विवाद भारत सरकार ने ये लक्ष्य रखा है। क्योंकि इसके बाद देश से मालदीव जाने वाले लोगों ने लक्षद्वीप को लेकर खोज तेज की है। रिपोर्ट के मुताबिक, अब तक हर साल औसतन दो लाख से ज्यादा भारतीय पर्यटन के लिए मालदीव जाते थे जिनकी संख्या पिछले कुछ दिनों में तेजी से गिरी है।

### चीनी पर्यटकों में हुई वृद्धि

आंकड़ों के अनुसार, प्रत्येक वर्ष दो लाख से अधिक पर्यटकों के साथ भारत 2021-23 तक मालदीव के लिए शीर्ष पर्यटन बाजार बना रहा। हालांकि, इस वर्ष अब तक 54 हजार से अधिक पर्यटकों के आगमन के साथ चीन शीर्ष बाजार है।

## एक नजर

### हरियाणा: अंबाला से अफीम की खेती करने वाला एक गिरफ्तार

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला जिले में लाहा गांव में अपने घर के आंगन में अफीम की खेती करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया है कि, गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने सर्वजीत के घर पर छापा मारा और अफीम के पौधे बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि पौधों को उजाड़ दिया गया है। पुलिस ने कहा- स्वापक औषधि और मन: प्रभावी पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। संबंधित मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### इटली में देशव्यापी हड़ताल से जनजीवन अस्त व्यस्त

**रोम।** इटली में 24 घंटे की देशव्यापी हड़ताल से परिवहन, स्वास्थ्य सेवा और स्कूलें बंद होने से आम जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा है। मीडिया ने शनिवार को ट्रेड यूनियनों के सूत्रों के हवाले से बताया कि वे लैंगिक असंतुलन को दूर करने के लिए मजबूत उपायों के साथ-साथ बेहतर, सुरक्षित कामकाजी परिस्थितियों की मांग कर रहे हैं। सार्वजनिक और निजी दोनों कंपनियों के कर्मचारियों के हड़ताल करने से ट्रेनों, फ़ेरी और स्थानीय सार्वजनिक परिवहन को बड़े व्यवधानों का सामना करना पड़ा। हालांकि, विभिन्न क्षेत्रों में भागीदारी का स्तर अलग-अलग था।

### सरहद को अपराध मुक्त करने का प्रयास करेंगे भारत-बांग्लादेश

**नई दिल्ली।** भारत और बांग्लादेश ने दोनों देशों के बीच की सीमा को अपराध मुक्त बनाने के लिए हरसंभव प्रयास करने पर सहमति व्यक्त की है। सीमा सुरक्षा बल के प्रवक्ता ने शनिवार को बताया कि दोनों देशों के सीमा सुरक्षा बलों के बीच बांग्लादेश की राजधानी ढाका में पांच मार्च को शुरू हुआ पांच दिन का महानिदेशक स्तर का सम्मेलन आज संपन्न हो गया। सम्मेलन में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक नितिन अग्रवाल ने किया और बांग्लादेश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बॉर्डर गार्ड बांग्लादेश के महानिदेशक मेजर जनरल मोहम्मद अशरफुज्जमां सिद्दीकी ने किया।

### जम्मू-कश्मीर में हथियार और पाकिस्तानी झंडा बरामद

**राजौरी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में शनिवार को जंग लगे दो गोले और पिस्तौल की आधा दर्जन से अधिक गोलियां बरामद की गईं। अधिकारियों के मुताबिक, गोला-बारूद दरहाल क्षेत्र के चौकियां गांव में एक नाले के किनारे झाड़ियों से बरामद किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि गोले और गोलियां लंबे समय से नदी में पड़ी थीं। अधिकारियों ने बताया कि एक अन्य घटना में, पुलिस ने शनिवार सुबह जम्मू के बाहरी इलाके में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास गुब्बारों के साथ एक पाकिस्तानी झंडा जब्त किया। अधिकारियों ने बताया कि यह झंडा जम्मू के अरनिया सेक्टर के कूल कलां गांव में एक ग्रामीण को उसके खेत में मिला।

# पाकिस्तान के नए राष्ट्रपति बने जरदारी, दोबारा हुई ताजपोशी

## पीपीपी सह-अध्यक्ष 136 वोटों के अंतर से हुए विजयी, प्रतिद्वंद्वी को मिले 119 वोट

इस्लामाबाद, एजेंसी



आसिफ अली जरदारी पाकिस्तान के 14वें राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष भी हैं। पाकिस्तानी मीडिया ने बताया कि उन्हें 255 वोट मिले जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी अचकजई को 119 वोट मिले। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी का पहला कार्यकाल 2008 से 2013 तक था। दो बार राष्ट्रपति बनने वाले जरदारी देश के पहले व्यक्ति हैं। आसिफ अली जरदारी का मुकाबला सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल के उम्मीदवार महमूद खान अचकजई (75 वर्षीय) से था।

जरदारी निवर्तमान डॉ. आरिफ अल्वी का स्थान लेंगे, जिनका पांच साल का कार्यकाल पिछले साल समाप्त हो गया था। हालांकि नए राष्ट्रपति की नियुक्ति तक वह पद पर बने हुए हैं। जरदारी एक बिजनेसमैन-राजनेता हैं और पाकिस्तान की पूर्व पीएम दिवंगत बेनजीर भुट्टो के पति हैं और पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी के पिता हैं। जरदारी, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के सह-अध्यक्ष हैं, जिसने नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के समर्थन से सरकार बनाई है। पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन की डील के तहत पीएम पद पर शहबाज शरीफ की ताजपोशी हुई है। दोनों पार्टियों में समझौते के तहत पंजाब में पीएमएल-एन की मरयम नवाज सीएम चुनी गई हैं। वहीं सिंध प्रांत की सत्ता पीपीपी को मिली है।

### इमरान को सपोर्ट किया तो होगी कार्रवाई: पाकिस्तानी सेना



पाकिस्तानी सेना ने कड़ा फरमान जारी किया है। पाकिस्तानी सेना ने अपने अधिकारियों के लिए एक आदेश जारी करते हुए कहा है कि वे सेना के खिलाफ किसी भी तरह के मैसेज, फोटो शेयर करने से बचें। सख्त चेतावनी दी गई है कि जेल में बंद पाकिस्तान तहरीक- ए-इंसाफ पार्टी के नेता और पूर्व पीएम इमरान खान को सपोर्ट किया तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। ऐसा करने वाले अधिकारियों को सजा भुगतनी पड़ेगी। पाकिस्तानी सेना का आदेश मौजूदा अधिकारियों और रिटायर अधिकारियों सभी पर लागू होगा। एक रिटायर्ड ब्रिगेडियर ने बताया है कि उसे 7 पेज का आदेश मिला है। ऐसा ही आदेश कई अधिकारियों के पास गया है। लेकिन इस मैसेज में रिटायर सैन्य अधिकारियों पर ज्यादा फोकस किया गया है क्योंकि रिटायर सैन्य अधिकारी पाकिस्तान की राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए स्वतंत्र हैं। ब्रिगेडियर का कहना है कि आदेश में मुझे कोई भी राजनीतिक बयान, सेना के खिलाफ कोई भी टिप्पणी या इमरान खान के समर्थन में कोई बयान जारी करने से मना किया गया है। ब्रिगेडियर का कहना है कि पूरे पत्र में 17 बार मेरे नाम का उल्लेख किया गया है। कर्नल रैंक के एक अन्य अधिकारी का कहना है कि पत्र की भाषा जिस तरह की है उसे देखकर लगता है कि आर्मी चीफ धमकी दे रहे हैं। वे धमका रहे हैं कि अगर हमने आदेश नहीं माना तो सेना कड़ी कार्रवाई करेगी। अलग- अलग रैंक के कई अधिकारियों ने खुलासा किया है कि संदेश अलग-अलग जारी किए गए हैं।

## राजस्थान के रण में 12 को तीनों सेनाएं करेंगी शक्ति प्रदर्शन

**जयपुर।** भारत की तीनों सेनाएं मंगलवार को राजस्थान के पोखरण में शक्ति प्रदर्शन करने जा रहीं हैं। इसे 'भारत शक्ति' नाम दिया गया है। तीनों सेनाएं अपनी मारक क्षमता और ताकत का प्रदर्शन करेंगी। खास बात यह है कि करीब एक घंटे के इस अभ्यास में स्वदेशी रूप से निर्मित हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। सेना ने शनिवार को यह जानकारी दी।

इस युद्ध अभ्यास की शुरुआत विशेष आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) बलों, भारतीय नौसेना के मार्कोज और भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो द्वारा वाहनों के साथ घुसपैठ अभियान से की जाएगी। वहीं, युद्ध के मैदान में विमान और ड्रोन से निगरानी की जाएगी। इसके बाद लॉन्ग रेंज वैक्टर और आर्टिलरी गन का भई प्रदर्शन किया जाएगा।

इस अभ्यास में जिन प्रमुख उपकरणों या हथियार प्रणालियों का प्रदर्शन किया जाएगा, उनमें एलसीए तेजस, एएलएच एमके-आईवी, लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर (एलयूएच), लाइट वेट टॉरपीडो, ऑटोनॉमस कार्गो कैरिएंग एरियल व्हीकल, मोबाइल एंटी ड्रोन सिस्टम, टी-90 टैंक, बीएमपी-दो, आर्टिलरी प्लेटफॉर्म जैसे उपकरण शामिल हैं।

# देश में समानता बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी

जयपुर, एजेंसी

- सीजेआई बोले- संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना जरूरी



भारत के प्रधान न्यायाधीश डॉ. डी वाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश में समानता को बनाए रखने के लिए आपसी बंधुता जरूरी है। सीजेआई जयपुर में राज्य स्तरीय 'हमारा संविधान हमारा सम्मान' अभियान कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमें संविधान की भावना के अनुरूप एक-दूसरे के प्रति सम्मान रखना चाहिए।

सीजेआई ने कहा कि अगर लोग आपस में लड़ेंगे तो देश कैसे प्रगति करेगा। साथ ही उन्होंने आम आदमी को ध्यान में रखते हुए कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला किए जाने पर जोर दिया। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माताओं के दिमाग में मानवीय गरिमा का सर्वोच्च महत्व था। उन्होंने कहा कि मसौदा समिति के अध्यक्ष के रूप में डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर ने यह सुनिश्चित किया कि संविधान न्याय, स्वतंत्रता और समानता के मूल्यों के साथ-साथ भाईचारे की भावना और व्यक्ति की गरिमा को बढ़ावा दे। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि देश के किसी भी कोर्ट में स्थानीय भाषा में फैसला होना चाहिए। अगर मैं दिल्ली में बैठकर कोई निर्णय वकील के लिए, जज के लिए दे रहा हूं तो वो कठिन भाषा में हो सकता है। लेकिन अगर मैं आम आदमी के लिए निर्णय कर रहा हूं तो निश्चित रूप से सरल भाषा में होना चाहिए। देश के जिला स्तर के कोर्ट की बिल्डिंग में सुधार होना चाहिए। ये बिल्डिंग आधुनिक स्तर की होनी चाहिए। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जिला अदालतों की स्थिति में सुधार के लिए कई प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम जिला अदालतों को संवेदनशील बनाना चाहते हैं, क्योंकि यह न्याय की दिशा में पहला कदम है। हम जिला अदालतों की स्थिति में सुधार करने और उनकी इमारतों को आधुनिक युग के अनुरूप बदलने के लिए कई प्रयास कर रहे हैं।

## ...और पहुंच गई वायुसेना





**श्रीनगर :** वायुसेना ने जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय राजमार्ग बंद होने से फंसे करीब 700 यात्रियों को शनिवार को हवाई मार्ग से सुरक्षित निकाला है। आईएल-76 विमान से कुल 514 यात्रियों को जम्मू से लेह पहुंचाया गया जबकि एक विमान से 223 लोगों को श्रीनगर से लेह रवाना किया गया। सेना के अधिकारियों ने कहा- इस सप्ताह करीब 1,251 लोगों को हवाई मार्ग से जम्मू और कश्मीर एवं लद्दाख पहुंचाया गया। घाटी में कई स्थानों तापमान शून्य से नीचे दर्ज किया है ● एजेंसी

## गाजा में एयरड्रॉप सहायता का बक्सा गिरने से पांच की मौत

**गाजा।** इजराइल और हमास युद्ध लगभग पांच माह से जारी है। इस बीच, गाजा में शुक्रवार को मानवीय सहायता एयरड्रॉप की गई। इस दौरान कुछ पैराशूट नहीं खुल पाए और लोगों के ऊपर जा गिरा, जो सहायता की आस में नीचे खड़े थे। हादसे में पांच की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हुए है। गाजा के स्थानीय प्रशासन ने इसकी निंदा की है।

गाजा ने एक बयान जारी कर कहा कि हमने पहले ही चेतावनी दी थी कि गाजा पट्टी में एयरड्रॉप सुविधा नागरिकों के जीवन के लिए खतरनाक है। पैराशूट न खुल पाने के कारण पार्सल सीधा नागरिकों के सिर पर गिर गया। लापरवाही के कारण पांच लोगों की मौत हो गई। वहीं, कई लोग घायल भी हो गए हैं।

# भारतीय महिलाएं देश के विकास गाथा की सूत्रधार : संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



- महिला दिवस कार्यक्रम में संयुक्त राष्ट्र ने भारत की प्रतिबद्धता को सराहा

संयुक्त राष्ट्र में एक कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने भारत की नारी शक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाएं देश के विकास की गाथा की सूत्रधार हैं। उन्होंने कृषि के सतत विकास के साथ ही कई क्षेत्रों में उनकी भागीदारी की प्रशंसा की।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन की ओर से अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसमें अराकू वैली में आदिवासी महिलाओं की ओर से पैदा की जाने वाली अराकू काफी के संबंध में जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 78वें सत्र के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने कहा कि वित्त, डिजिटल तकनीक, स्वास्थ्य, शिक्षा, विमानन, अंतरिक्ष के साथ ही हर क्षेत्र में भारतीय महिला देश के विकास की गाथा लिख रही हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने, महिलाओं को सशक्त बनाने और यह सुनिश्चित करने की भारत की प्रतिबद्धता से प्रेरणा लें कि कोई भी पीछे न रहे।

संयुक्त राष्ट्र उप महासचिव अमीना मोहम्मद ने कहा कि भारत में महिलाओं और कृषि की सतत विकास पद्धतियों के बीच संबंध उल्लेखनीय है। उन्होंने कहा कि मैं भारत सरकार के नेतृत्व और देश के स्तर पर खाद्य प्रणाली संरक्षण एजेंडे को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता के लिए उनकी सराहना करना चाहती हूं। फ्रांसिस ने याद करते हुए कहा कि इस साल जनवरी में भारत यात्रा के दौरान उन्होंने नारी शक्ति की परिवर्तनकारी शक्ति को प्रत्यक्ष रूप से अनुभव किया था।

**शोध** ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी का 220 परिवारों के बच्चों पर अध्ययन, सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में मिला

# डिजिटल स्क्रीन के ज्यादा संपर्क में आने से बच्चे कम सीख रहे स्वर

सिडनी, एजेंसी

मोबाइल फोन और टेबलेट जैसे उपकरणों पर ध्यान देने के कारण परिवार के लोगों के बीच बातचीत कम होती जा रही है। इसका असर खासकर बच्चों में बड़ी समस्या के रूप में देखा जा रहा है। डिजिटल स्क्रीन के संपर्क में अकेले या परिवार के साथ ज्यादा समय बिता रहे बच्चे कम बोलते हैं, कम सुनते हैं और कम बातचीत करते हैं।

जामा में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार लगभग सभी आयु के बच्चों का स्क्रीन के अधिक संपर्क में आने से संचार बाधित होता है। अध्ययन में पता चला कि 18 महीने के बच्चे के साथ डिजिटल उपकरणों पर ज्यादा समय बिताने का संबंध बच्चे द्वारा 1.3 कम स्वर सीखने से जुड़ा था। जब बच्चे दो साल के हुए, तो इससे बात करने की कोशिश में 0.4 अंकों की कमी देखी गई।

सबसे ज्यादा नकारात्मक असर तीन साल के बच्चों में था, जब उन्होंने रोजाना औसतन 2 घंटे 52 मिनट स्क्रीन के संपर्क में बिताया। इसका संबंध 6.6 कम शब्द, 4.9 कम स्वर सीखने और 1.1 अंक कम बात करने की कोशिश के साथ जुड़ा हुआ पाया गया। यह अध्ययन यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के टेलीथॉन किड्स इंस्टीट्यूट ने 220 परिवारों में जन्में बच्चों पर तीन साल की आयु तक डेटा इकट्ठा कर किया है। शोधकर्ताओं ने सिर्फ भाषा के तीन मापों: वयस्कों द्वारा बोले जाने वाले शब्द, बच्चों के स्वर और बातचीत करने की कोशिश पर ज्यादा ध्यान केंद्रित किया है।

परिणाम उम्र, लिंग और अन्य कारक जैसे मां का शिक्षा स्तर, घर पर बच्चों की संख्या के आधार पर समायोजित किया गया है। बच्चों के लिए भाषा में समृद्ध वातावरण में पलना व बड़ा होना भाषा के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। बचपन में भाषा का अच्छा और अधिक अनुभव उच्च बुद्धि, सामाजिक विकास और मस्तिष्क की बेहतर कार्यक्षमता से जुड़ा है।

### बच्चों में दिख रही मायोपिया बीमारी



बच्चे मोबाइल जैसी छोटी स्क्रीन का बहुत नजदीक से प्रयोग कर रहे हैं। ऐसे में उन्हें मायोपिया बीमारी अपनी चपेट में ले रही है। वैज्ञानिकों का कहना है कि मायोपिया बच्चों में होने वाला निकट दृष्टि दोश है। इसमें बच्चे की आंखों की पुतली का आकार बढ़ने से प्रतिविंब रेटिना के बजाय थोड़ा आगे बनता है। उन्हें दूर की चीज देखने में प्रॉब्लम होती है। कई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों के लिए छोटी डिजिटल स्क्रीन बेहद खतरनाक है और जिन बच्चों के चश्मा लगा हुआ है। उनका नंबर बहुत तेजी से बढ़ रहा है।

### ये हैं लक्षण

बार बार आंखों का झपकना, दूर की चीजें स्पष्ट न दिखना, देखने में परेशानी होना, सिर दर्द होना, सिर में दर्द रहना, पलकों को सिकुड़कर देखना, आंखों से पानी आना, क्लासरूम में ब्लैक बोर्ड या व्हाइट बोर्ड पर ठीक से न दिखना, किताबों के अक्षर स्पष्ट न दिखना शामिल हैं।

### ऐसे रखें ख्याल

जिस जगह बच्चे पढ़ रहे हैं, वहां पूरी तरह चकाचौंध रोशनी हो। बच्चों को मोबाइल इस्तेमाल करने के लिए कम से कम दें, यदि डिजिटल स्क्रीन पढ़ाई के लिए देनी है तो मोबाइल की जगह लैपटॉप दें, धूप की रोशनी लें, बच्चों को सूखा मेवा, पोष्टिक खाना, विटामिन ए युक्त डाइट जरूर दें।

## अमेरिका : हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन सैनिकों की मौत, एक घायल

**वाशिंगटन।** टेक्सास में अमेरिका-मैक्सिको की सीमा के पास नेशनल गार्ड हेलीकॉप्टर के दुर्टनाग्रस्त होने से उसमें मौजूद तीन सैनिकों की मौत हो गई। हेलीकॉप्टर में एक नेशनल गाड्र्समैन और तीन बॉर्डर पैट्रोल एजेंट मौजूद थे। स्थानीय मीडिया के अनुसार, यह हादसा सा ग्रुला में हुआ।

टेक्सास के नागरिक सुरक्षा विभाग के दक्षिण क्षेत्र के निदेशक विक्टर एस्केलॉन ने बताया कि बॉर्डर पेट्रोल के साथ काम करने वाले सैन्य हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। टेकसास नागरिक सुरक्षा विभाग ने हेलीकॉप्टर के ऑपरेशन लोन स्टार में शामिल नहीं होने की पुष्टि की है। बॉर्डर पेट्रोल के सूत्रों ने बताया कि हादसे के दौरान मैक्सिकन कार्टेल के सदस्यों ड्रोन की सहायता से हेलीकॉप्टर को क्रैश होते हुए देखा।

# लोकतंत्र के दुश्मन हैं जो बाइडन, ट्रंप का पलटवार

वाशिंगटन, एजेंसी

- बाइडन ने कुछ दिन पहले ट्रंप को वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए खतरा बताया था



अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल के अंतिम स्टेट ऑफ यूनियन संबोधन में ट्रंप पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने ट्रंप का नाम लिए बिना कहा था कि वह देश ही नहीं वैश्विक लोकतंत्र और स्वतंत्रता के लिए भी खतरा हैं। इसे लेकर शुक्रवार को ट्रंप ने पलटवार किया है।

ट्रंप ने कहा कि बाइडन का बयान भयानक था। उन्होंने कहा कि बाइडन गुस्से में और मानसिक रूप से परेशान थे। ट्रंप ने बाइडन को लोकतंत्र का दुश्मन बताया।

इस बीच, ट्रंप ने शुक्रवार को हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन से मुलाकात की। ओरबन ने इंस्टाग्राम पर ट्रंप से मुलाकात का वीडियो भी पोस्ट किया। ट्रंप के कैंपेन से जुड़े लोगों का कहना है कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और हंगरी को प्रभावित करने वाले मुद्दों पर बातचीत की। बाइडन ने शुक्रवार को अपने कैंपेन के दौरान इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि क्या आपको पता है कि ट्रंप मार-ए-लागो में आज किससे मिले हैं। हंगरी के ओर्बन से, जिन्होंने साफ कहा है कि उन्हें नहीं लगता है कि लोकतंत्र कार्य करता है। वह तानाशाही की तलाश कर रहे हैं।